रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 80,981.95 −885.59

डॉलर 83.799 +0.069

रांची सर्राफा

10 ग्राम 69,830 | 01 किलो 91,700

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल


सत्यमेव जयते

श्रावण कृष्ण पक्ष 14, संवत 2081 | रांची, शनिवार, 03 अगस्त 2024, वर्ष-25, अंक- 182, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 पीजी की एक सीट 8 करोड़ रुपये...






# लगातार बारिश से खूंटी में नदियां उफान पर

## कई रिहायशी इलाके टापू में तब्दील

नवीन मेल संवाददाता



**खूंटी।** सावन महीने के दूसरे सप्ताह में लगातार हो रही लगातार हो रही बारिश के कारण क्षेत्र की नदियां उफान पर हैं। कारो, छाता, बनई सहित अन्य नदियों के जलस्तर में काफी वृद्धि हुई है। लगातार बारिशा से कई घरों में बरसात का पानी घुस गया है। कई क्षेत्र तो टापू की तरह नजर आ रहे हैं। इसके कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है।

कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम कृषि वैज्ञानिक डॉ राजन चौधरी ने बताया कि जिले में पिछले तीन दिनों में लगभग 145 मिलीमीटर बारिश हुई है। बुधवार और गुरुवार को सबसे अधिक 140 मिमी बारिश तोरपा प्रखंड में दर्ज की गई है। खूंटी में 71 मिमी, रनिया में 89, मुरहू में 99.5 और अड़की में 42.6 मिलीमीटर वर्षा हुई है। निचले इलाके में बने पार्क, खेल के मैदान आदि झील में बदल चुके हैं। रिहायशी इलाकों में भी सड़कों और नालियों का गंदा पानी घरों में घुस जा रहा है।

इसके कारण लोगों को भरी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। तपकारा के पास कारो नदी का पानी पुल के ऊपर बह रहा है। जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल पेरवांघाघ, पंचघाघ सहित अन्य जल प्रपात अपने रौद्र रूप में आ गये हैं। इतनी भारी बारिश के बाद भी इन जल प्रपातों में लोग जल प्रपात के रौद्र रूप को देखने के लिए पहुंच रहे हैं। कारो और छाता के अलावा अन्य छोटी-छोटी नदियों में भी बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

# बेड़ो हुआ पानी-पानी, जन-जीवन अस्त-व्यस्त, घरों में घुसा पानी

नवीन मेल संवाददाता



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित सड़क पर जलजमाव बनी बड़ी परेशानी, लगातार हो रही बारिश से बेड़ो हुआ पानी-पानी, जन-जीवन हुआ अस्त-व्यस्त। नाली के जाम होने से लगातार हो रही बारिश के कारण घरों में घुसा पानी। सड़क पर पानी के कारण स्कॉर्पियो नाली में घुसी। लगातार हो रही बारिश के कारण व्यवसायियों का व्यापार ठप्प हो गया। कई प्रतिष्ठान सुबह से ही बंद मिले। नालियों के जाम होने के कारण बेड़ो के मुख्य सड़क पर बारिश की पानी नदी सी बन गई। समाजसेवी आलोक देवघरिया ने कहा कि बेड़ो बाजार टांड़ और मुख्य सड़क पर एक से दो फीट तक पानी भरने के कारण कई घरों में और कुछ दुकानों में बारिश का पानी घर के अंदर प्रवेश कर गया। स्थिति नारकीय हो गई है। भरनो से नामकुम जा रही मकुन्दा नरकोपी निवासी रिचर्ड बाड़ा का स्कॉर्पियो ओवरटेक करने के चक्कर में नाली में घुस गई। इससे स्कॉर्पियो में सवार लोगों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ा। काफी मशक्कत के बाद जेसीबी की मदद से स्कॉर्पियो को निकाला जा सका। वहीं दूसरी ओर बेड़ो हठुवा पुल जामटोली एन एच आई रोड में नाली नहीं बनाने के कारण भारी बारिश होने के कारण रविंद्र साहू पिता रामलाल साहू के घर में बारिश की पानी घुस गया और घर में रखे अलमारी, टीवी ,ड्रेसिंग टेबल,लैपटॉप पलंग सहित घर के सभी सामान पानी में डूब गए । रविंद्र साहू का पूरा परिवार इस बारिश के मौसम में परेशान है और रहने के लिए दूसरा घर भी नहीं है।

## एक नजर

### तीर लगने से घायल तोरपा के चौकीदार की इलाज के दौरान मौत

**खूंटी।** तोरपा थाना के चौकीदार महावीर स्वांसी (46) की मौत गुरुवार को इलाज के दौरान हो गयी। उसका इलाज रांची के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। सदर अस्पताल में शुक्रवार को महावीर के शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया गया। मृत चौकीदार महावीर स्वांसी तोरपा थाना क्षेत्र के अलंकेल गांव का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार महावीर स्वांसी छह जुलाई को तीर लगने से घायल हो गया था। तीर उसके गले में लगी थी, जिससे उसके गले की नस कट गई थी। उसे केएस गंगा अस्पताल खूंटी ले जाया गया, जहां से उसे रांची ले जाया गया था।

### डीएवी खलारी में बच्चों ने मनाया रेन डे



**खलारी।** डीएवी स्कूल खलारी में बाल वाटिका एक और दो के बच्चों ने रेन डे मनाया। इस अवसर पर सभी बच्चे रंग-बिरंगे रेनकोट पहने और अंब्रेला लिए नजर आए। बच्चों ने हिंदी और अंग्रेजी की छोटी-छोटी कविता गाते हुए नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों ने रंग बिरंगे कागज से मछली, अंब्रेला, क्राउन, पाइनएप्पल आदि चीजें बनाकर अध्यापकों का दिल जीत लिया। प्राचार्य डा कमलेश कुमार ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छोटे बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। उनकी रचनात्मक शक्ति का विकास होता है। इन कार्यकलापों से बच्चे खुद करके सीखते हैं, जैसा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में जोर दिया गया है।

### एनडीआरएफ ने छात्रों को दी आपदा की जानकारी

**चान्हो।** एनडीआरएफ की टीम द्वारा शहीद वीर बुधु भगत इंटर कॉलेज चान्हो में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन। इस दौरान एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट चंदन कुमार एवं विनय कुमार ने विद्यार्थियों को प्राकृतिक आपदाओं सहित सड़क हादसे, आग लगने की स्थिति पर क्या करने ना करने आदि की विस्तृत जानकारी दी।

# छात्रों के बीच साइकिल का वितरण

▶ सत्र 2023-24 में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्रों के बीच साइकिल का नि:शुल्क वितरण किया जाना है

नवीन मेल संवाददाता



**लापुंग।** कल्याण विभाग के तत्वाधान में लापुंग प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड के सरकारी विद्यालयों में 2023-24 के सत्र में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले (वर्तमान में नौंवी कक्षा मे अध्ययनरत) 41 छात्र-छात्राओं के बीच नि:शुल्क साईकिल का वितरण किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज की अध्यक्षता और प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शांति मुनी तिर्की सहित प्रखंड कल्याण सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विनोद नारायण झा के संयुक्त देखरेख एवं संचालन में साईकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग में 2023-24 में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले 41 छात्र-छात्राओं के बीच बीडीओ उषा मिंज, अंचलाधिकारी पंकज कुमार, प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव, उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा, जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो, विधायक प्रतिनिधि सह कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष जयंत बरला, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली तथा जन्मेंजय पाठक ने बच्चों के बीच साइकिल का वितरण किया। इस मौके पर कंचन उरांव ने कहा कि लंबे समय के बाद कल्याण विभाग की ओर से स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच नि:शुल्क साईकिल का वितरण किया जा रहा है। छात्र-छात्राएं साइकिल का दुरुपयोग न करें। साइकिल का उपयोग सिर्फ स्कूल जाने के लिए किया करें यही सरकार का भी लक्ष्य है। जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो ने कहा कि स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को कई प्रकार की सुविधा मिलती हैं। उनमें से निशुल्क साइकिल वितरण भी शामिल है। वहीं बीडीओ उषा मिंज ने कहा कि बच्चे निरंतर स्कूल आएं और बच्चे बीच में स्कूल न छोड़े। इसी विषय को लेकर लापुंग प्रखंड में सत्र 2023-24 में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का नि:शुल्क वितरण किया जाना है। बीएसओ विनोद नारायण झा ने बताया कि लापुंग प्रखंड में 800 से अधिक बच्चों के बीच साइकिल का वितरण किया जाएगा। इस मौके पर साइकिल मिलते ही छात्र-छात्राओं में खुशी के लहर छा गई। इस मौके पर शिक्षा विभाग की प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी लीलावती तिर्की, प्रखंड कृषि तकनीकी प्रबंधक मोहन प्रजापति, सीआरपी सुनील कुमार गुप्ता, सीडब्ल्यूएसएन के रिसोर्स पर्सन लाल मिथिलेश कुमार सिंह, प्रखंड कृषि तकनीकी प्रबंधक मोहन प्रजापति सहित विभिन्न इलाकों से आए जनप्रतिनिधि एवं सरकारी कर्मी मौजूद थे।

## शहीद शक्तिनाथ महतो की जयंती

# उनके बलिदानों को भुलाया नहीं जा सकता : सुदेश महतो

नवीन मेल संवाददाता



**सिल्ली /मुरी।** शोषण, अत्याचार व अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करनेवाले शहीद शक्तिनाथ महतो के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। झारखंड निर्माण में उनके नेतृत्व और योगदान के लिये सभी झारखंडवासी हमेशा उनके ऋणी रहेंगे। उन्होंने दमनकारी नीति, अन्याय करने वालों एवं माफियाओं, सूदखोरों के खिलाफ अभूतपूर्व संघर्ष किया था। उनके विचार सदैव हमारे बीच जीवित रहेंगे और आने वाली पीढ़ियों को अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने को प्रेरित करते रहेंगे। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली में शहीद शक्तिनाथ महतो जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कही। मौके पर उन्होंने शहीद शक्तिनाथ महतो के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की शहीद शक्तिनाथ महतो ने आजीवन गरीबों, शोषितों और वंचितों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ी और उन्हें न्याय दिलाते हुए अपने प्राणों की आहुति तक दे दी। हम क्रांति दूत शक्तिनाथ महतो द्वारा जलायी गयी क्रांति की मशाल की लौ कभी धीमी नहीं पड़ने देंगे। उनके सपनों का झारखंड बनाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करने की जरूरत है।

# खेल प्रतिभा खोज में 2273 खिलाड़ी शामिल, बना रिकॉर्ड

नवीन मेल संवाददाता

**खूंटी।** ओलंपिक जैसे खेलों में युवा खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन और सहभागिता सुनिश्चित कराने को लेकर युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गांवों में छिपी प्रतिभा की पहचान के लिए एक नई योजना खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन (कीर्ति) योजना संचालित की जा रही है। इसके तहत देश के विभिन्न हिस्सों में खेल प्रतिभा खोज कार्यक्रम चलाकर ग्रामीण इलाको के एथलीट की टेस्ट लेकर प्रतिभा की पहचान की जा रही है। जिले के बिरसा मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम और बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में 30 जुलाई से दो अगस्त यानी चार दिवसीय (हॉकी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, खोखो और तीरंदाजी) खेल प्रतिभा खोज कार्यक्रम आयोजित की गई। इन चार दिनों के कार्यक्रम में जिले के 2273 प्रतिभागी शामिल होकर पूरे भारत वर्ष में सबसे अधिक एथलीट शामिल होने का एक रिकॉर्ड बनाया।

# छात्रों ने जीता स्वर्ण व रजत पदक

नवीन मेल संवाददाता



**सिल्ली।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू के द्वारा बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम रांची में नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर (लेवल- 5) एवं एथलेटिक (दौड़) का आयोजन किया गया। जिसमें डीएवी सिल्ली के अंडर-14 के छात्र-छात्राओं ने 100 मीटर तथा 200 मीटर तक के दौड़ में भाग लिया तथा अच्छे प्रदर्शन के साथ 1 स्वर्ण पदक , 5 रजत पदक तथा 2 कांस्य पदक प्राप्त किया। इन छात्र-छात्राओं का चयन अब जोनल लेवल के लिए किया गया है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका बी. शरण ने बताया कि हमारे बच्चे बहुत ही कम सुविधाओं के साथ सिर्फ 20 दिनों की तैयारी में यहां तक पहुंचे हैं और आगे भी बहुत अच्छा करेंगे। इस अवसर पर खेल शिक्षक विजय कुमार तथा शिक्षिका मोनालिशा सेनगुप्ता भी बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए उपस्थित थे।

# खलारी की सूखी नदियों में आया पानी, किसान खुश

नवीन मेल संवाददाता




**खलारी।** खलारी में हो रहे झमाझम बारिश से लोगों ने राहत की सांस ली है। पिछले दो दिनों में खलारी में 50 मिमी बारिश हो चुकी है। पिछले आठ महीनों से खलारी के जिन नदियों में रेत दिखाई पड़ रहा था, उनमें आज पानी आ गया है। खलारी की नदियां सपही, दामोदर व सोनाडुबी में बारिश का पानी दिखाई दे रहा है। नदी के पूरे पाट में पानी बह रहा है। पिछले कई साल से इन नदियों में बाढ़ नहीं आया है। परंतु इसी तरह बारिश होती रही तो इस वर्ष इन नदियों में बाढ़ भी आ जाएगा। इधर पर्याप्त बारिश नहीं होने से चिंतित किसान इस बारिश से बेहाल हो गए हैं। जिन खेतों को धान रोपनी के लिए तैयार किया गया था उनमें पर्याप्त पानी भर गया है। जिन किसानों ने बीचड़े तैयार कर रखे थे वे अपने खेत में धान की रोपनी करते दिखाई दिए। चूरी होयर के किसान सुरेश यादव ने कहा कि ऐसी वर्षा होती रही तो इस बार धान की खेती हो जाएगी। इधर खलारी कोयलांचल की सड़कों पर जगह जगह जल जमाव हो गया है। जिससे पैदल चलने वालों को परेशानी हो रही है। खासकर स्कूल आने जाने वाले बच्चों को अधिक परेशानी होती है। वहीं सीसीएल की कोयला खानों में मशीनों को सुरक्षित स्थान पर रखा गया है। खदान से पानी निकालने के लिए लगातार मोटर पंप चलाए जा रहे हैं।

# मारवाड़ी कॉलेज एलुमनाई ने दी डॉ विकास कुमार को शुभकामनाएं



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज एलुमनाई एसोसिएशन ने रांची विश्वविद्यालय के नए परीक्षा नियंत्रक डॉ विकास कुमार से मिल कर उन्हें शुभकामनाएं दी। डॉ विकास कुमार को रांची विवि के परीक्षा नियंत्रक के पद पर नियुक्त किया गया है। डॉ विकास कुमार मारवाड़ी कॉलेज में कॉमर्स विभाग के सहायक प्राध्यापक थे। उसके बाद वे बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विवि के रजिस्ट्रार बने, जहां पर उन्होंने कार्यकाल खत्म होने से लगभग दो साल पहले ही रिजाइन कर दिया था और पुनः मारवाड़ी कॉलेज आ गए थे। इसके बाद उनका ट्रांसफर रांची विवि के कॉमर्स विभाग में हो गया। उसके बाद उन्हें एनसीसीएफ में परीक्षा संबंधित कामों का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। अब वे रांची विवि के परीक्षा नियंत्रक है। डॉ विकास कुमार को शुभकामना देने वालों में एलुमनाई एसोसिएशन मारवाड़ी कॉलेज के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, एलुमनाई सचिव शुभम मंत्री, वाणिज्य विभाग के शोधार्थी शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### राज्यपाल ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से की मुलाकात



**रांची।** राज्यपाल संतोष गंगवार ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से शुक्रवार को दिल्ली स्थित निवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री के जरिये स्वलिखित पुस्तक 'एक सफर हमसफर के साथ' की एक प्रति उन्होंने राज्यपाल को दिया। इसके लिए राज्यपाल ने आभार जताया।

### विधायक ने भवन निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली के रुगड़ी टोला स्थित ठाकुर बाड़ी मंदिर में विधायक ने एक कमरे के भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास, बीडीओ रेणु बाला, राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव, ग्रामीणों एवं आजसू कार्यकताओं की उपस्थिति में किया। निर्माण कार्य विधायक निधि की राशि से किया जाना है। गौरतलब है कि ठाकुर बाड़ी मंदिर परिसर में एक कमरे का भवन निर्माण को लेकर लंबे समय से मांग की जा रही थीं। विधायक ने कहा कि क्षेत्र की जनता के प्रेम के कारण सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में विकास संभव हो पाया है। लोगों के सहयोग से क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। पुजा के आयोजन एवं श्रद्धालुओं को परेशानी ना हो इसके लिए मंदिर के सामने भवन का निर्माण कराया जा रहा है। इस मौके पर गूंज के संयोजक जयपाल सिंह, आजसू के केंद्रीय सचिव संजय सिद्धार्थ, प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र करमाली, नगर अध्यक्ष भरत देव साय, विपुल राय, निर्मल मंडल, संतोष कोइरी, वंशी गोस्वामी,गुड्डू गोस्वामी, अनिल गोस्वामी, मामुनि चंद्र समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

### फाइनेंस कंपनी की प्रताड़ना से तंग होकर महिला ने लगाई फांसी, बची

**खलारी।** खलारी कोयलांचल में माइक्रो फाइनेंस कंपनियों के कर्ज में फंसी महिलाएं कंपनी के प्रताड़ना से परेशानी में हैं। खलारी थानाक्षेत्र की ही एक महिला ने कंपनी की प्रताड़ना से परेशान होकर अपनी जान देने की कोशिश की। इस महिला ने समस्ता माइक्रोफाइनेंस कंपनी के एजेंटों के बहकावे में आकर 50 हजार रुपए कर्ज लिया है। इस कंपनी का कार्यालय चंदवा (लातेहार) में है। शुक्रवार को कर्ज वसूली के लिए कंपनी के लड़के महिला के घर में घुसकर उसकी बच्ची के साथ छेड़छाड़ भी किया। कंपनी द्वारा दिए जा रहे मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने अपने घर में ही फांसी लगा लिया। उसके स्वजन देख लिए और जल्दी से महिला को फंदे से नीचे उतारा। महिला की जान बच गई। सूचना मिलने पर कांग्रेस नेत्री इंदिरा देवी महिला के घर गई। इसके बाद खलारी थाना प्रभारी से मिलकर माइक्रो फाइनेंस कंपनियों द्वारा कर्ज वसूली के नाम पर किए जा रहे अत्याचार के बारे में बताया। इंदिरा देवी ने बताया कि माइक्रो फाइनेंस कंपनियों ने क्षेत्र की गरीब महिलाओं को अपने कर्ज के जाल में फंसा लिया है और प्रताड़ित कर रहा है। थाना प्रभारी ने भुक्तभोगी महिलाओं से पूरा मामला लिखकर देने कहा है। कहा कि लिखित शिकायत मिलने पर वे कंपनी के विरूद्ध कार्रवाई करेंगे।

### गुरुगोष्ठी में गूंजा डाड़ी हाई स्कूल के जर्जर कमरों का मामला



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड संसाधन केंद्र में पहले चरण का गुरुगोष्ठी आयोजित की गई। गुरुगोष्ठी की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शांति मुनी तिर्की ने किया जबकि संचालन बीपीओ लीलावती तिर्की ने किया। गुरुगोष्ठी के दौरान पहली से दसवीं कक्षा तक चलने वाली राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय डाडी, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोयनारा का मामला शिक्षक शिक्षिकाओं ने जोर-शोर से उठाया। दोनों विद्यालयों में केवल चार कमरे हैं और सभी कमरे जर्जर हैं। राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय डाडी. के प्रधानाध्यापक सलीम सहाय तिग्गा ने कहा कि वे 2013 से लगातार अतिरिक्त वर्ग कक्ष के निर्माण की मांग करते आए हैं। उन्होंने कहा कि कमरे ऐसे जर्जर हो गए हैं जहां हमेशा कंक्रीट ऊपर से गिरते रहते हैं। कई बार शिक्षक शिक्षिकाओं को चोटें लगी हैं। पहले से दसवीं कक्षा तक चलने वाली विद्यालय में बच्चों को पेड़ के नीचे बैठाकर पढ़ना पड़ता है। लेकिन बारिश में सबसे अधिक समस्याएं उत्पन्न हो जाती है। जहां 10 कमरों की आवश्यकता है। वहां केवल चार कमरे हैं और वह भी जर्जर। ऐसे में प्रोजेक्ट इंपैक्ट सहित अन्य कार्यक्रम कैसे चलेंगे। सलीम सहाय तिग्गा ने गुरु गोष्ठी के दौरान बीईईओ शांति मुनी तिर्की से कहा कि यहां उपायुक्त आए, जेसीईआरटी के उप निदेशक आए लेकिन इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। गुरु गोष्ठी के दौरान विभागीय निदेशों का पालन करने का निर्देश दिया गया। गुरु गोष्ठी के दौरान प्रोजेक्ट रेल, प्रोजेक्ट इंपैक्ट, स्कूलों में गुणवत्ता युक्त शिक्षा सहित विभिन्न मसलों पर चर्चा की गई। गुरुगोष्ठी के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का रिपोर्ट लिया गया। शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपनी समस्याएं रखी। इस मौके पर सीआरपी चंद्रमोहन ठाकुर, मनोज कुमार साहु, सुनील कुमार गुप्ता, मेरी मैक्सिमा डुंगडुंग सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधान शिक्षक मौके पर मौजूद थे।

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

संसेक्स 80,981.95 −885.59
डॉलर 83.799 +0.069
रांची सर्राफा
10 ग्राम 69,830
01 किलो 91,700

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

श्रावण कृष्ण पक्ष 14, संवत 2081 | रांची, शनिवार, 03 अगस्त 2024, वर्ष-25, अंक- 182, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 पीजी की एक सीट 8 करोड़ रुपये...

## आज बंद रहेंगे सभी स्कूल

**रांची।** तेज हवा और बारिश की संभावना को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार (3 अगस्त) को राज्य के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों को बंद रखने का आदेश दिया है। मौसम विभाग ने राज्य के ज्यादातर जिलों में 3 अगस्त को भी लगातार तेज हवा चलने और भारी बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है। मुख्यमंत्री ने मौसम के रुख को देखते हुए सुरक्षा के दृष्टिकोण से उक्त निर्देश दिया है ।

## मनु भाकर 25 मीटर पिस्टल फाइनल में



**चेटोरौक्स (फ्रांस)।** शार्पशूटर मनु भाकर ने 2024 ओलंपिक में अभूतपूर्व तीसरा पदक जीतने की अपनी संभावना बरकरार रखी है। शुक्रवार को मनु ने 25 मीटर पिस्टल महिला फाइनल में जगह बना ली है, जो उनका तीसरा पदक दौर है। 22 वर्षीय मनु 60-शॉट क्वालिफिकेशन राउंड में 590-24 स्कोर करके दूसरे स्थान पर रहीं। प्रिसिजन चरण में उन्होंने 294 का स्कोर किया जबकि रैपिड भाग में 296 का स्कोर किया। इस बीच, इस स्पर्धा में एशियाई खेलों की पदक विजेता एक अन्य भारतीय ईशा सिंह 581-17७ स्कोर के बाद 18वें स्थान पर रहीं और फाइनल के लिए कट से चूक गईं। निशानेबाजी में केवल शीर्ष आठ निशानेबाज ही पदक दौर में पहुंच पाते हैं।

# सैकड़ों घरों में घुसा पानी, एनडीआरएफ की टीम सक्रिय




रांची के न्यू बांधगाड़ी के दीपाटोली में घरों में पानी घुसा एनडीआरएफ की टीम लोगों के बचाव में जुटी।

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** निम्न दबाव का क्षेत्र, साइक्लोनिक सकुर्लेशन और डिप्रेशन की वजह से झारखंड में शुक्रवार को भारी बारिश हुई। राजधानी रांची में शुक्रवार सुबह साढ़े तीन बजे लगातार बारिश होने से कई इलाके जलमग्न हो गए। रातू के मुरगू पुल का डायवर्सन पानी के तेज बहाव में बह गया। वहीं राजधानी के बीचोंबीच हलधर गली में कई घरों में पानी भर गया। ऐसी ही स्थिति राजधानी के लगभग सभी मोहल्लों में देखने को मिला। डोरंडा के भैसुर पुल के ऊपर से पानी बहने के कारण पुल से आवागमन बंद है। वहीं पंडरा के पंचशील नगर में पानी के तेज बहाव के कारण एनएच 39 पर दोपहर तीन बजे से आवागमन पूरी तरह से बंद है। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगी हुई है। राजधानी के कई इलाकों में अपार्टमेंट के बेसमेंट में पानी भर गया है। बारिश के कारण सदर थाना क्षेत्र के दीपाटोली रोड नंबर पांच स्थित मुहल्ले में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी। यहां 50 से अधिक घरों में पानी घुस गया है, जिसमें 100 से अधिक लोग फंसे हुए हैं। यहां घरों व सड़क पर करीब चार फिट तक पानी भरा है। पानी में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए एनडीआरएफ की टीम को लगाया गया है। वहीं दुमका जिले के बासुकिनाथ में रेल पटरियां जलमग्न हो गईं।

**समुद्र तल से 7.6 किमी ऊपर साइक्लोनिक सकुर्लेशन का क्षेत्र :** मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि पश्चिम बंगाल और उससे सटे झारखंड में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। समुद्र तल से 7.6 किलोमीटर ऊपर एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन का क्षेत्र है। यह जल्द ही पश्चिम-पश्चिमोत्तर की ओर बढ़ेगा

शेष पेज 09 पर

# इन लोगों ने डाका डालने का काम किया है : हेमंत

## झारखंड विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को भी विपक्ष के हंगामे के साथ सदन की शुरूआत हुई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन में अपना भाषण दिया। भाषण के दौरान विपक्षी विधायक वेल में आकर हंगामा करने लगे। इसके बाद स्पीकर के भाषण के साथ ही सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया।मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि विपक्ष के पास कोई एजेंडा नहीं है। इन लोगों ने एक महत्वपूर्ण सत्र को हंगामा में बदल दिया है। इस बीच विधायकों का नारेबाजी और होने लगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन लोगों का काला चिट्ठा मेरे पास है। इन्होंने पांच साल में क्या किया, सब मेरे पास है। कितने भवन बनाए, कितनी चोरी की, सब हमारे पास है।



● ये लोग खुद जमीन लुटेरे हैं और मुझे जमीन लूटने के आरोप में जेल भेजते हैं

इन लोगों ने डाका डालने का काम किया है। जमीन के लिए मर्डर तक हुआ है। यह लोग जमीन लुटेरे हैं और मुझे जमीन लूटने के आरोप में जेल में बंद करवाते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच वर्षों में जितने बिल्डिंग बने उसका पैसा कहां से आया। सरकारी और गैर मजूरवा जमीन सभी पर इन लोगों ने भवन बना दिया। इन लोगों के पास ना तो सदन के अंदर कोई जवाब है ना सदन के बाहर। इनका समूह और जमात बहुत बड़ा है। इनके एक ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिनका राज्य बाढ़ में डूबा हुआ है। वहां वह नहीं जाकर यहां आकर राजनीति कर रहे हैं।

### झारखंड ही नहीं असम में भी आपका सफाया हो जाएगा

हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड को विभाजित कर रहे हैं, समाज को विभाजित कर रहे हैं। चिंता मत करो, झारखंड ही नहीं, असम में भी आपका सफाया हो जाएगा। गैर सरकारी संस्थान में एक लाख से अधिक हमने नौकरी दे दिया। हजारों युवाओं को हमने नियुक्ति पत्र इसी हाथ से दिया है। हमारे बच्चे आज देश और विदेश में अच्छे-अच्छे कंपनियों में नौकरी कर रहे हैं। सरकारी नौकरी की बात करें तो इन लोगों ने 20 वर्षों में नियमावली तक नहीं बनाया। हमने नियमावली बनाने का काम किया। आदिवासी मूलवासियों के लिए स्थानीय नीति और नियोजन नीति बनाया लेकिन इनलोगों ने उसका भी बंटाधार कर दिया। इनसे पूछें कि हाई कोर्ट में स्थानीय नीति के खिलाफ कौन गया था, उन लोगों में स्थानीय नीति को कोर्ट में रोकने का काम किया। हमारे राज्य में यह कानून बने तो असंवैधानिक और उनके राज्य में बने तो संवैधानिक। हमने 90 प्रतिशत आदिवासी मूलवासियों की नियुक्ति की। यह लोग क्या बात करेंगे। यह लोग आईना भी देखेंगे तो आईना सरमा जाएगा। ये इतने बहुरुपिये हैं।

### विस अध्यक्ष के खिलाफ भाजपा विधायकों ने खोला मोर्चा

# विस के प्रभारी सचिव को पत्र लिख स्पीकर को पद से हटाने की मांग की

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने स्पीकर रबींद्रनाथ महतो के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। भाजपा विधायकों ने स्पीकर पर पक्षपातपूर्ण तरीके से काम करने और संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने इस संबंध में विधानसभा के प्रभारी सचिव को पत्र लिखा है और झारखंड विधानसभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन के नियम 158 (1) के तहत स्पीकर को उनके पद से हटाने के लिए संकल्प की सूचना दी है। सस्पेंशन की अवधि खत्म होने के बाद सत्र की दूसरी पाली में भाजपा के विधायक सदन में पहुंचे। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने स्पीकर से कहा कि भाजपा विधायकों ने युवाओं को नौकरी और अनुबंध कर्मियों के स्थायीकरण को लेकर आवाज उठाई और सीएम से जवाब देने की मांग की तो आपने उन्हें निलंबित कर दिया।

शेष पेज 09 पर



झारखंड विस के मानसून सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को भाजपा विधायकों ने सदन के बाहर सांकेतिक रूप से बालू बेचकर धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने झारखंड में बालू की किल्लत और हेमंत सरकार के मुफ्त में बालू देने की घोषणा पर विरोध जताया।

### स्पीकर पर लगाया आरोप

- स्पीकर अपने पद का विवेकपूर्ण उपयोग नहीं कर रहे।
- स्पीकर ने सरकार के इशारे पर झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार की ओर से दिए गए निलंबन प्रस्ताव पर कार्रवाई की, जबकि अमूमन इस प्रकार का प्रस्ताव संसदीय कार्य मंत्री सदन में लाते हैं और उसके पूर्व कार्य मंत्रणा समिति की बैठक होती है, लेकिन कोई बैठक नहीं हुई।
- स्पीकर ने अपनी भूमिका से ज्यादा झामुमो के कार्यकर्ता के रूप में कार्य किया।
- 2024 में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में उन्होंने दुमका से झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन जी के पक्ष में झामुमो का झंडा लगाकर चुनाव प्रचार किया।
- स्पीकर ने लगभग चार वर्ष तक भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को सदन में बोलने नहीं दिया।
- पूरे सत्र के दौरान कई विधायकों के ध्यानाकर्षण की सूचना एक बार भी ग्रहण नहीं की।
- उन्होंने लगातार केंद्र सरकार की आलोचना की, भाजपा के गोड्डा के सांसद के व्यक्तिगत बयान की भी सदन में चर्चा कर झामुमो और कांग्रेस के विधायकों को उकसाने का काम किया।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **8292553444** पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

### आज कल




### दिल्ली कोचिंग हादसा

# तीन छात्रों की मौत के मामले में सीबीआई जांच का आदेश

**नई दिल्ली ।** दिल्ली हाईकोर्ट ने ओल्ड राजेंद्र नजर स्थित राऊ आईएएस स्टडी सर्कल के बेसमेंट में तीन छात्रों की मौत के मामले में शुक्रवार को सीबीआई जांच के आदेश दे दिए। हाईकोर्ट ने कहा है कि सेंट्रल विजिलेंस कमीशन की निगरानी में सीबीआई इस मामले की जांच करेगी। दिल्ली नगर निगम कमिश्नर ने सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट को बताया कि इलाके में बरसाती पानी की निकासी की व्यवस्था ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि कई जगहों पर निवासियों और दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है, जिसके चलते बरसाती पानी की निकासी में दिक्कत होती है। नगर निगम कमिश्नर ने कोर्ट को भरोसा दिलाया कि इलाके में अवैध निर्माण और अनधिकृत अतिक्रमण को तुरंत हटाया जाएगा।

# सुखदेव नगर में अधिवक्ता की चाकू गोदकर हत्या

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची के सुखदेव नगर इलाके में दिनदहाड़े अधिवक्ता गोपाल कृष्ण की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। शुक्रवार दोपहर गोपाल घर के पास कागजात की जेरॉक्स कराने गए थे, तभी एक व्यक्ति ने उनके पेट, पीठ और सिर पर चाकू से कई वार किए। वह बुरी तरह घायल हो गए। शोर मचाने पर स्थानीय लोग दौड़े, लेकिन हमलावर भाग निकला। वारदात की सूचना पाकर कोतवाली इलाके के डीएसपी सहित कई पुलिस अफसर मौके पर पहुंचे। हत्या किसने की और इसकी वजह क्या है, यह फिलहाल पता नहीं चल पाया है। वारदात को लेकर रांची के अधिवक्ताओं ने सिविल कोर्ट में कार्य बहिष्कार किया। बार एसोसिएशन के साथ बैठक में रांची एसएसपी ने बताया कि मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन कर दिया गया है और उन्हें 72 घंटे में रिपोर्ट देने को कहा गया है।



**हत्या किसने की और इसकी वजह क्या है, यह पता नहीं चल पाया है**

गोपाल कृष्ण भी रांची सिविल कोर्ट में प्रैक्टिस करते थे। घायल अधिवक्ता को तत्काल हॉस्पिटल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। पुलिस इस मामले में कई लोगों से पूछताछ कर रही है। माना जा रहा है कि यह किसी रंजिश का परिणाम हो सकता है। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से सैंपल कलेक्ट किया। रांची शहर में हाल के दिनों में हत्या, लूटपाट, गोलीबारी और अपराध की बढ़ती घटनाओं की वजह से कानून व्यवस्था पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। गुरुवार की रात भी शहर के कांके रोड में कांग्रेस पार्टी के नेता और कारोबारी राजेश मुंडा को अपराधियों ने गोली मार दी थी।

### क्राइम कैपिटल बन गई है रांची: संजय सेठ



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार संजय सेठ ने राजधानी में सिविल कोर्ट के अधिवक्ता सुखदेव नगर निवासी गोपाल कृष्ण की हत्या पर शुक्रवार को रोष जताते हुए कहा कि रांची क्राइम कैपिटल बन गया है। शेष पेज 09 पर

### इंडिया

# मीडिया से चलती राजनीति और आमजन के अधूरे प्रश्न



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक



मनोवैज्ञानिक बताते हैं कि नवजात शिशु अपने मां बाप का ध्यान आकृष्ट करने के लिए रोते हैं और यही प्रवृत्ति राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुछ ज्यादा ही प्रचलित हो गई है जब समाचारों में बने रहने से लेकर भोली भाली जनता को प्रभावित करने के लिए असामान्य और लीक से हटकर दिखावे के कार्य किए जा रहे हैं ।पक्ष हो या विपक्ष सदन चले तब न बह गई टूटी फूटी सड़क,सुखाड़,पेंशन स्कीम, बदहाल अस्पताल, पीने के पानी की समस्या,भ्रष्टाचार के कारण परेशान पब्लिक या किसी के जीने मरने के सवाल पर चर्चा हो।आज समाप्त हुए विधानसभा में किसी ने भी जलजमाव से परेशानी का मुद्दा नहीं उठाया ।सदन के गिने चुने कार्यदिवस में गंभीर और जनता से जुड़े सवालों के लिए जगह ही नहीं बचती क्योंकि पक्ष और विपक्ष दोनों को दिखावे की नूरा कुश्ती भाती है । कभी सर्वोच्च न्यायालय की तरह मुद्दों और तर्कों पर आधारित सदन के उच्च स्तरीय बहसों के सदियों तक उदाहरण दिए जाते थे और अब जीवंत प्रसारण में असंसदीय ही नहीं राजनीतिक रैलियों की तरह आरोप प्रत्यारोप के बीच आसन की चेतावनी और ऐतिहासिक निलंबन देखकर या पढ़कर आम आदमी को मिलेगा क्या ? प्रखंड से लेकर राज्य या देश स्तर तक की गंभीर समस्याओं के समाधान के लिए लोकतांत्रिक परंपरा के माध्यम से सामान्य लोगों को माननीय बनाया जाता है जैसे पहले राजा महाराजा होते थे ।राजा महाराजा बादशाह तक को उनके कर्तव्यों का बोध कराया जाता था । अनेक ऐसे उदाहरण हैं जब रक्षक के रूप में कार्य करता राजा शहीद हो जाता था या उसके परिजन तक की हत्या हो जाती थी ।तब आज की तरह संचार के साधन नहीं थे पर राजधर्म याद कराया जाता था आज जनता की गाढ़ी कमाई से आधुनिक राजा महाराजाओं को सुरक्षा से लेकर सभी सुविधाएं टैक्स फ्री कमाई तक की सुविधा के बीच राजधर्म स्मरण कराने का समय है ।आजकल रिश्वत को संस्कार स्वीकार करने की औपचारिकता मात्र बची है । दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल रिकॉर्ड मतों से सत्ता प्राप्त करते हैं क्योंकि उन्होंने वायदा किया था कि सभी अवैध झुग्गी झोंपड़ियों को नियमित किया जाएगा जो केंद्र सरकार की भूमि पर बनी थी । फ्री बिजली पानी जैसी सुविधाओं पर हाईकोर्ट तक की टिप्पणी है । झारखंड बिहार के शिक्षा मित्र या पारा शिक्षक,स्वास्थ्य और शिक्षा की परियोजनाओं से जुड़े लाखों अनुबंधकर्मी और पुरानी पेंशन स्कीम की आस लगाए सरकारी सेवक उसी पार्टी को वोट देंगे जो उन्हें आकाश कुसुम तोड़कर देने का पक्का आश्वासन देगा । लगभग एक दशक पूर्व बिहार के शिक्षामित्र मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने सेवा नियमितीकरण के अनुरोध को ठुकरा कर कड़ी टिप्पणी की थी कि आप शिक्षा मित्र नहीं शिक्षा शत्रु हैं जो सरकारी नौकरी की विहित बहाली प्रक्रिया बिना पूरी किए बहाल हुए हैं अतः आपकी सेवा नियमित नहीं की जा सकती ।इस समाचार को कम प्रचारित किया गया ।वस्तुस्थिति आज भी वही है कि विश्व बैंक संपोषित परियोजनाओं में पक्की सरकारी नौकरी उनकी शर्तों की बंदिश के कारण नहीं हो सकती क्योंकि परियोजना का काम स्थायी नहीं होता जो पश्चिमी चलन है । पर इन्हीं अनुबंधकर्मियों को स्थायी करने का लालच देकर राजनीति दशकों से चल रही है ।जिस जनता को प्रभावित करने के लिए सदन से सड़क तक प्रदर्शन किए जाते हैं उस जनता को अवश्य यह पूछना चाहिए कि हमारे सवाल और हमारी समस्याएं क्यों नहीं पूछी गईं और इस बार उनका समाधान होगा ही इसकी क्या गारंटी है ? मीडिया को भारी विज्ञापन देकर या उल्टे पुल्टे कार्यों से समाचारों में बने रहने की आम आदमी की राजनीति की देखादेखी अब रुकनी चाहिए ।इसमें युवाओं की बड़ी भूमिका हो सकती है जो सोशल मीडिया का भरपूर इस्तेमाल करते हैं ।

### मोदी सरकार का रांची को एक और उपहार

# पत्थलगांव- गुमला के बीच चार लेन सेक्शन को मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को 8 महत्वपूर्ण राष्ट्रीय हाई-स्पीड रोड कॉरिडोर परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिनकी कुल लंबाई 936 किलोमीटर और कुल लागत 50,655 करोड़ रुपये है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव में शुक्रवार देर शाम मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने ने बताया कि मंत्रिमंडल ने रायपुर-रांची राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोर के पत्थलगांव और गुमला के बीच 4-लेन सेक्शन, 6-लेन आगरा-ग्वालियर राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोर, 4-लेन खड़गपुर-मोरग्राम राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोर, 6-लेन थराद-डीसा-मेहसाणा-अहमदाबाद राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोर, 4-लेन अयोध्या रिंग रोड, 6-लेन कानपुर रिंग रोड, 4-लेन उत्तरी गुवाहाटी बाईपास और मौजूदा गुवाहाटी बाईपास का चौड़ीकरण/सुधार, पुणे के पास 8-लेन एलिवेटेड नासिक फाटा-खेड़ कॉरिडोर को मंजूरी दी है। कानपुर रिंग रोड़ शहर के आसपास के राजमार्ग नेटवर्क को भीड़भाड़ से मुक्त करेगा। रायपुर रांची कॉरिडोर के पूरा होने से झारखंड और छत्तीसगढ़ के विकास को गति मिलेगी। वहीं थराद और अहमदाबाद के बीच नया कॉरिडोर पूरा होने पर गुजरात में निर्बाध बंदरगाह संपर्क और कम लॉजिस्टिक्स लागत के लिए हाई स्पीड रोड नेटवर्क सुनिश्चित होगा।

### कई इलाकों में नाली का पानी सड़कों पर, खुली नगर निगम की अव्यवस्था की पोल

# एक दिन की भारी बारिश में राजधानी रांची जलमग्न

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी और इसके आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार को हो रही लगातार भारी बारिश से रांची नगर निगम की अव्यवस्था की पोल सबके सामने खुल गई है। रांची में जल निकासी की कैसी व्यवस्था है, यह स्पष्ट हो गया है। एक दिन भारी बारिश हुई नहीं कि राजधानी जलमग्न! हर तरफ पानी ही पानी। कई इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति हो गई है।

हिंदपीढ़ी और निवारणपुर के पास हरमू नदी का पानी शुक्रवार को पुलिया से ऊपर बह रहा था। स्वर्णरेखा और हरमू नदी में इस वर्ष के मानसून में भारी बारिश से जबर्दस्त उफान है। रांची में कई जगहों पर विभिन्न डैमों का जलस्तर काफी बढ़ गया है।

रांची और इसके आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार की रात से लगातार वर्षा हो रही है। यह बारिश शुक्रवार को देर रात तक जारी थी। इससे राजधानी के मुख्य सड़कों समेत गलियां भी जलमग्न हो गई हैं। सीवरेज की व्यवस्था ठीक नहीं रहने के कारण नाली-नालों का पानी सड़कों पर बह रहा है। रांची कई क्षेत्रों में निचले इलाकें में घरों में पानी घुस गया है। लोग चौकी-पलंग पर रहने का मजबूर हैं। खाना बनाने में परेशानी हो रही है। रांची के मेन रोड, कर्बला चौक, कचहरी रोड, शहीद चौक, मोरहाबादी आदि जगहों की हालत खराब है। सड़कों पर पानी है। अपर बाजार में नाली का पानी सड़कों पर बह रहा है। निचली जगहों पर पानी में कार आधी डूबी नजर आई। अरगोड़ा, पुंदाग, सेवा सदन रोड, मेन रोड डेली मार्केट फल मंडी, हिंदपीढ़ी, नीचे कांटा टोली के निवासियों का भारी बारिश से हाल-बेहाल है। पिस्का मोड़ में पानी ने कहर मचा रखा है। लालपुर चौक, थड़पखना, कोकर में कई जगहों पर सड़क पर आधा से एक इंच पानी बह रहा था। निचले स्थानों पर घुटने से ज्यादा पानी था। चर्च रोड, लेक रोड, रातू रोड, चुटिया आदि जगहों पर नाली का पानी सड़क पर आ गया था। कुछ क्षेत्रों में घुटने भर था। रांची रेलवे स्टेशन रोड में कई जगहों पर जलजमाव हो गया था। उर्दू लाइब्रेरी के पास नाली का पानी सड़कों पर आ गया है। मौलाना आजाद कॉलोनी, हरमू बस्ती, आजाद बस्ती, किशोरगंज, मधुकम, इस्लाम नगर, करमटोली, डंगरा टोली, बरियातू, डॉ फतेउल्लाह रोड, दीपा टोली आदि जगहों पर लोग जलमाव से परेशान हैं। हटिया आदि क्षेत्रों में सड़कों पर लबालब पानी भर गया था। इससे लोग धरों में रहने के लिए बाध्य हो गए। जरूरी काम से भी निकलना मुश्किल हो रहा था। रांची में कई जगहों पर वर्षा का पानी लोगों के घरों व दुकानों में घुस गया है।

*कई क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति, घरों व दुकानों में घुसा पानी, मुश्किल में जिंदगी*

*जल निकासी की व्यवस्था हुई फेल विभिन्न डैमों का जलस्तर भी बढ़ा*





## पंडरा रोड में भारी जलजमाव से यातायात व्यवस्था घंटों बाधित, जाम में फंसे रहे लोग



**रांची।** पंचशील नगर और न्यू शाहदेव नगर बारिश के पानी से भर गया है। सड़कों और नाली का पानी घरों मे घुस चुका है। जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त है। इधर, पंडरा रोड में भी भारी जल जमाव हो गया है। इस कारण घंटों ट्रैफिक जाम रहा। एक तरफ बारिश, दूसरी तरफ ट्रैफिक जाम ने रांची की सूरत ही बदल कर रख दी है।

विदित हो कि पंचशील नगर और न्यू शाहदेव नगर के सारे घर नाले के ऊपर बने हैं। नाला से पहले वहां नदी बहती थी। इसलिए, अब जो पानी का फ्लो है, वह उसी दिशा में हो रहा है। इस कारण जब भी बारिश होती है, तो वहां जल जमाव हो जाता है। पंचशील नगर और बनोरा का पानी पंडरा रोड पर उतरता है, जिससे जल जमाव होता है।

रांची नगर निगम के उपप्रशासक रवींद्र कुमार से फोन पर राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने प्रश्न पूछा कि नाले पर घर बने हुए हैं, इन लोगों के ऊपर क्या कार्रवाई हुई है और भविष्य में क्या कार्रवाई हो सकती है, तो रवींद्र कुमार ने कहा, इसकी मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है, इसका जवाब टाउन प्लानर देंगे। टाउन प्लानर को कॉल किया गया, तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। इस संबंध में उस क्षेत्र के दुकानदार अभिनव कुमार सिंह ने कहा कि नाले के ऊपर घर बने हैं और एनक्रोचमेंट भी हुआ है, जिस कारण से यह क्षेत्र जलमग्न हुआ है। पास के ही दुकानदार चंदन जैन ने बताया कि लोग सरकार को कोसते हैं, जबकि इस मामले में गलती आम व्यक्ति की ही है। नदी-नाले के ऊपर घर बना लेंगे, तो पानी के निकलने का रास्ता रुकेगा। इससे पानी जमा होगा ही।





नगर निगम ने खानापूर्ति करते हुए मौके पर एक जेसीबी, सुपरवाइजर और जोनल सुपरवाइजर अनिल कुमार गुप्ता को भेजा। उन्होंने कहा कि ह्यूम पाइप जेसीबी से उखड़ेंगे, जिससे पानी का फ्लो बढ़ेगा। बता दें कि वर्ष 2023 में रांची के तत्कालीन नगर निगम प्रशासक शशि रंजन ने कहा था कि बिल्डिंग बायोलॉज के अनुसार नदी और नालों के 15 मीटर के दायरे में भवन या किसी प्रकार का निर्माण नहीं कराया जा सकता है। लेकिन, ऐसा हुआ है और उसे हटाने का कोई प्रयास नगर निगम ने नहीं किया है।

## मुरगू डायवर्सन बहा आवागमन पूरी तरह बंद

**रांची/मांडर।** झारखंड के रांची समेत अलग-अलग जिलों में भारी वर्षा हो रही है। इस वर्षा में सड़क की खराब स्थिति के कारण दूर स्थानों की यात्रा करने वाले यात्रियों में कई अपनी मंजिल तक पहुचने की राह देख रहे हैं, क्योंकि वे रास्ते में जहां-तहां फंस गए हैं।

इधर, रांची-डालटनगंज मुख्य मार्ग (एनएच 39) पर मुरगू के पास आवागमन बंद हो गया है, क्योंकि पानी के तेज बहाव में मुरगू डायवर्सन बह गया है। यात्री दोनों ओर फंस गए हैं। सूचना मिलने पर एनएचएआई की प्रोजेक्ट डायरेक्टर एकता कुमारी मुरगू पूल पहुंची और स्थिति का लिया जायजा। इसके साथ ही उन्होंने इसे मरम्मत करने का भी निर्देश दिया। तब तक के लिए रातू से ठाकुरगांव रोड और दलादिली चौक से पाली रोड वैकल्पिक मार्ग बना हुआ है।

दरअसल, एनएच 39 पर मुरगू के पास पिछले 4 साल से पुल निर्माण कार्य चल रहा है। पिछले चार वर्षों में पुल नहीं बन पाया है। यह अब तक आधा-अधूरा है। इसे नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) हल्के में ले रही है, जबकि रांची को डालटनगंज और डालटनगंज को रांची से जोड़ने का यह मुख्य मार्ग है।

शुक्रवार की सुबह से ही रांची और इसके आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश हो रही है और भारी वर्षा के कारण पानी के बहाव में मुरगू डायवर्सन बह गया। पिछले वर्ष भी इस निर्माणाधीन पुल के पास का डायवर्सन वर्षा में बह गया था। इस मुद्दे को 'राष्ट्रीय नवीन मेल' समाचारपत्र ने कई बार प्रमुख्ता से उठाया है। इसके बाद भी एनएचआई ने इसका कोई रास्ता नहीं निकाला और



इस साल भी डायवर्सन बह गया। मुरगू डायवर्सन बहने से पहले इस संबंध में पूछने पर एनएचएआई की एकता कुमारी ने कहा कि इसका टेंडर दो बार हो चुका है, लेकिन कोई क्वालिफाई नहीं किया। इस कारण से वहां का काम पूरा नहीं हो पा रहा है। जब उनसे पूछा गया कि पिछले वर्ष भी वर्षा में डावर्सन बह गया था, इसका आपने क्या परमानेंट उपाय निकाला? उनका जवाब था, अब वर्षा में बह जाता है, तो क्या कर सकते है। काठीटांड़ की तरफ से और पीछे से गाड़ी जा सकती है।

मुरगू डायवर्सन बहने से पहले साइट इंजीनियर आनंद ने कहा कि ट्रैफिक बंद दिया गया है। डायवर्सन भी बंद कर दिया गया है। बारिश के बाद बंद खोल दिया जाएगा। पुल के संबंध में कहा कि इसके लिए पहले दो बार टेंडर हो चुका है, किसी ने क्वालिफाई नहीं किया। इसके बाद फिर से तीसरी बार टेंडर हुआ है, जो आज खुला है।

## स्वर्णरेखा और इक्कीसो महादेव के संरक्षण के लिए कांवर यात्रा 18 को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्वर्णरेखा नदी को प्रदूषण मुक्त करने और प्राचीन इक्कीसो महादेव के संरक्षण के लिए लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से स्वर्णरेखा उत्थान समिति 18 अगस्त को एक कांवर यात्रा का आयोजन कर रही है। यह यात्रा स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल नगड़ी स्थित रानीचुआं से निकलकर चुटिया स्थित प्राचीन इक्कीसो महादेव मंदिर में संपन्न होगी। करीब 25 किलोमीटर की इस कांवर यात्रा में 1000 से अधिक कांवरिया रानीचुआं से जल उठाकर पैदल इक्कीसो महादेव में आकर नागवंशी कालीन शिवलिंगों का जलाभिषेक करेंगे।

उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष भी स्वर्णरेखा उत्थान समिति द्वारा कांवर यात्रा का आयोजन किया गया था। समिति के सदस्य ने बताया कि इस यात्रा में सम्मिलित होने के लिए गौतम देब और मनोज महतो से संपर्क किया जा सकता है। इस यात्रा में कांवरिया रानीचुआं से जल उठाकर सुबह 9 बजे यात्रा की शुरुआत करेंगे। यात्रा नगड़ी, कटहल मोड़, अरगोड़ा चौक, अशोक नगर, क्लब रोड, सिरम टोली, चुटिया होते हुए केतारी



बागान स्थित हरमू और स्वर्णरेखा नदी के संगम स्थित इक्कीसो महादेव तक पहुंचेगी। इस यात्रा में कांवरियों के विश्राम के लिए चार पड़ाव होंगे। पहला नगड़ी स्थित स्वर्णरेखा बैंक्वेट हॉल, दूसरा कटहल मोड़, तीसरा अरगोड़ा स्थित बूढ़ा महादेव मंदिर और चौथा पड़ाव क्लब रोड स्थित सिटी सेंटर में होगा। यहां डॉ सुमन दुबे के नेतृत्व में मां फाउंडेशन की टीम कांवरियों के लिए विश्राम और चिकित्सा की व्यवस्था करेगी। यात्रा में बस और एंबुलेंस की व्यवस्था रहेगी, जिन कांवरियों को पैदल चलने में परेशानी होगी, उनके लिए बस की व्यवस्था भी रहेगी।

## आजसू ने रांची विवि की स्थिति से कराया अवगत

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का एक प्रतिनिधि मंडल रांची विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों एवं विश्वविद्यालय के विभागों में भ्रमण किया। वहीं पाया कि रांची विश्वविद्यालय के कॉमर्स विभाग, एसएस मेमोरियल कॉलेज में बारिश के कारण पूरी तरह क्लास रूम, कार्यालय सहित पूरा कॉलेज और विभाग पानी से डूबा है। इससे छात्र-छात्राओं की सभी कागजात, कॉलेज एवं विभाग की सभी जरूरी दस्तावेज पानी में डूबे हुए हैं। रांची विश्वविद्यालय प्रशासन गहरी नींद सो रहा है जबकि विश्वविद्यालय के कॉमर्स विभाग व एसएस मेमोरियल कॉलेज की जी4 की नई बिल्डिंग बनने का फंड भी विश्वविद्यालय प्रशासन और कॉलेज प्रशासन के पास आ चुका है। परंतु विश्वविद्यालय प्रशासन इस पर ध्यान न देते हुए पूरे विश्वविद्यालय प्रशासन प्रशासनिक भवन के रंग रोगन और सुंदरीकरण करने में लगा हुआ है। आजसू ने विश्वविद्यालय प्रशासन की घोर निंदा करती है और राज्यपाल से आग्रह एवं रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से मांग करती है कि अभिलंब कॉमर्स विभाग और एसएस मेमोरियल कॉलेज (जी+5 ) को नई बिल्डिंग बना कर दिया जाए और जिस जिस कॉलेज में भारी बारिश के कारण ऐसी स्तिथि बनी हुई है।

### रांची विश्वविद्यालय में मनाया गया केमिस्ट्री डे

## आधुनिक भारतीय रसायन शास्त्र के जनक थे प्रफुल्ल चंद्र रे : प्रो सिन्हा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में शुक्रवार को केमिस्ट्री डे मनाया गया। यह आयोजन पीजी केमिस्ट्री तथा आईक्यूएसी रांची विश्वविद्यालय जरिए किया गया।

भारत के प्रसिद्ध रसायनज्ञ आचार्य प्रफुल्ल चंद्र रे की याद में केमिस्ट्री डे दो अगस्त को मनाया जाता है। आचार्य पीसी रे ने ही आधुनिक भारत में शिक्षा के क्षेत्र में रसायन विज्ञान को स्थापित किया। उन्होंने अध्यापन के साथ ही पहली स्वदेशी दवा और कास्मेटिक्स उद्योग भी स्थापित किए। नेशनल केमिस्ट्री डे आयोजन में सबसे पहले कुलपति प्रो अजीत कुमार सिन्हा, प्रो जीडी मिश्र (वरिष्ठ प्राध्यापक केमिस्ट्री) प्रो एके डेल्टा (पीजी केमिस्ट्री हेड) डीएसडब्ल्यू डॉ एसके साहू, डॉ अरुण कुमार (डीन साइंस) कुलसचिव डॉ विनोद नारायण ने आचार्य पीसी रे के तस्वीर पर माल्यार्पण किया। मौके पर कुलपति ने आचार्य प्रफुल्ल चंद्र रे के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला और कहा कि आचार्य पीसी रे भारतीय रसायन शास्त्र के जनक थे



वह एक प्राध्यापक, साहित्यकार, उद्योगपति भी थे। उनकी सबसे बड़ी खोज नाइट्रस आक्साइड की थी। आज हम उनके जन्म दिवस पर याद करके नेशनल केमिस्ट्री डे मना रहे हैं। उनके योगदान का देश सदैव ऋणी रहेगा। पीजी केमिस्ट्री विभाग के हेड डॉ एके डेल्टा ने आचार्य पीसी रे के देश में केमिस्ट्री में योगदान और उनकी जीवनी के बारे में विस्तार से बताया। मुख्य अतिथि डॉ जीडी मिश्र ने कहा कि आचार्य पीसी रे जैसे महान लोगों को याद करने का उद्देश्य यह है कि इन विलक्षण लोगों के कार्यों को जानें, उनसे सीखें और उनके योगदान से प्रेरणा लें। डॉ मिश्र ने कहा कि आचार्य पीसी रे का आविर्भाव उस काल में हुआ, जब देश में मुगल काल खत्म हो चुका था और अंग्रेजों का प्रभाव था। इस संधिकाल में डॉ प्रफुल्ल चंद्र रे का आना और रसायन विज्ञान में इतना बड़ा योगदान देना विलक्षण घटना थी। डॉ रे ने स्वाभिमान और परिश्रम के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। उनकी जीवनी से प्रेरणा लेकर आज हमें शोध और अध्यापन का कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में रांची विश्वविद्यालय के वरीय पदाधिकारी, सभी विभागों के हेड, डीन, प्राध्यापक और सैकड़ों छात्र उपस्थित थे।

## विधानसभा चुनाव को लेकर सीईओ ने प्रवर्तन एजेंसियों के साथ की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने राज्य की 21 इन्फोर्समेंट एजेंसियों के साथ आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक की। इस दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी पदाधिकारियों को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के संबंध में विशेष रूप से निर्देश दिए गए। श्री कुमार ने कहा कि आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा के लिए भारत निर्वाचन आयोग का झारखण्ड दौरा भी संभावित है। इस लिए सभी इन्फोर्समेंट एजेंसी के राज्य स्तरीय अधिकारी अपने विभाग से संबंधी सभी निर्वाचन विषयों की सुव्यवस्थित तैयारी करते हुए रिपोर्ट तैयार कर लें। उन्होंने कहा कि बीते लोकसभा चुनाव के आंकड़ों का विश्लेषण करते हुए अद्यतन परिस्थितियों के अनुरूप विधानसभा चुनाव की तैयारियों का ससमय खाका तैयार कर लें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राज्य एवं जिला स्तरीय प्रवर्तन एजेंसियों के नोडल पदाधिकारियों की फोन बुक तैयार करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी प्रवर्तन एजेंसियां आपसी सामंजस्य



स्थापित कर कार्य करें। अवैध शराब और प्रतिबंधित नशीले पदार्थों के रोकथाम पर लोकसभा चुनाव में बेहतर कार्य हुए थे, आगामी विधानसभा चुनाव में भी अवैध शराब, हथियार अथवा पैसे के आवागमन पर नजर रखते हुए इनपर पूरी तरह से रोक लगाने के कार्य हेतु अभी से कार्ययोजना तैयार कर लें। उन्होंने कहा कि यातायात, हवाई अड्डा, वन विभाग, बैंकों से भी निर्वाचन के क्रम में सहयोग की अपेक्षा है। सभी के सम्मिलित प्रयास से ही भयमुक्त एवं स्वच्छ निर्वाचन का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी चेकपोस्ट को एक्टिव करते हुए व सीमावर्ती राज्यों के पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्य योजना तैयार कर लें।

### एसएस मेमोरियल कॉलेज में सड़क सुरक्षा व डिसीजन मेकिंग पर दिया गया प्रशिक्षण

## जल्दी में नहीं, सोच व समझ कर निर्णय लें : शुभम मोदी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एसएस मेमोरियल कॉलेज के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा की पहल पर जेसीआई रांची उड़ान के सौजन्य से कॉलेज के विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास (पर्सनालिटी डेवलपमेंट) के लिए पांच दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुक्रवार को पांचवां और अंतिम दिन रहा। पांचवें दिन के मुख्यवक्ता सह राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रशिक्षक सीए जेसी शुभम मोदी ने कॉलेज के विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा और डिसिजन मेकिंग विषय पर प्रशिक्षण दिया। शुभम मोदी ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियम और निर्णय लेना जैसे विषय पर प्रशिक्षण देते हुए विद्यार्थियों को बताया कि हमें हमेशा हेलमेट पहनना चाहिए, और सीट बेल्ट लगाना चाहिए। इससे हम अपनी सुरक्षा के साथ-साथ सामने आने वालों की भी सुरक्षा कर सकते है, हमें कभी भी जल्दी निर्णय नहीं लेना चाहिए, सोंच व समझ के सारे निर्णय लेना चाहिए। सड़क सुरक्षा के प्रकार बताए और विद्यार्थियों को सतर्क किया, सड़क के दुर्घटना से कैसे बचा जाय और




अपने परिवार व समाज के लोगों को कैसे बचाया जाय। उनहोंने ने विद्यार्थियों को निर्णय लेने के बारीकियों को बताया कि किन किन परिस्थितियों में किस प्रकार का निर्णय लेना चाहिए, इसके लिए इन्होंने एक दो शिक्षाप्रद कहानी के माध्यम से विद्यार्थियों को समझाये। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को सराहा और लाभान्वित भी हुए और कॉलेज में आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित कराते रहने की प्राचार्य से निवेदन भी किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्यरूप से भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ अकांशा सिंह, नागपुरी विभाग के डॉ सुबास साहु, जेसीआई रांची उड़ान की अध्यक्ष जेसी ट्विंकल छावनीका, प्रशिक्षण क्षेत्र से जेसी शिल्पा केजरीवाल और आईपीपी जेसी अनिता अग्रवाल उपस्थित हुए साथ ही सैकड़ों विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित होकर लाभान्वित हुए। नागपुरी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सुबास साहु ने जेसीआई के पूरी टिम को कॉलेज परिवार की तरफ से धन्यवाद व आभार प्रकट किये।

## सावन मेला में जम कर हो रही है खरीदारी

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा का सावन मेले के दूसरे दिन मेले में काफी चहल पहल रही। लोगों ने जम कर अपनी मन पसंद चीजों की खरीदारी की। मेले में लोगों को जहां खूबसूरत राखी पसंद आ रही है। वही सबको ज्वेलरी, कुरती गिफ्ट आइटम भी काफी पसंद आ रहा है। संयोजिका विनीता और रितु ने बताया मेले में हाइजेनिक सूजी के पापड़, चाऊमीन, मैगी लोगों को काफी पसंद आ रहे हैं। मेले में रियल ज्वेलरी के स्टॉल भी लगे हैं। उसकी डिजाइन काफी पसंद की जा रही है। इसके अलावा भगवान की पोशाक भी अलग- अलग डिजाइन में मिल रही है। कई महिलायें शादी में काम आने वाले समान, गिफ्ट हैंपर अपने हाथों से बना कर लायी है। केक और बेकरी के स्टॉल भी लगे हैं। मानसून के बावजूद लोग आ रहे हैं। एक ही जगह पर सभी वेराइटी मिल रही है। शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया एवं सचिव शुभा अग्रवाल ने रांची वासियों से अपील की है वो आयें और मेला घूमे, शॉपिंग और फूड का आनंद लें। मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने कहा कि 3 अगस्त तक चलने वाला ये मेला अग्रेसन भवन अपर बाजार में चल रहा है। मेला तीनों दिन 11 से 7:30 तक ओपन रहेगा। कार्यक्रम में अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, पूजा अग्रवाल, सपना सिंघानिया, रितु पोद्दार, यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

## सेना भर्ती रैली में पलामू और देवघर के 1040 अभ्यर्थियों ने लिया भाग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सेना भर्ती रैली के सातवें दिन शुक्रवार को 1040 युवाओं ने दमखम दिखाया। अग्निवीर जीडी श्रेणी के लिए झारखंड राज्य के पलामू और देवघर जिले के अभ्यर्थियों ने सेना बहाली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेलगांव स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के मैदान में शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल हुए। जांबाज युवाओं ने पूरे जोश और जुनून के साथ अग्निवीर जीडी श्रेणी में उपस्थिति दर्ज की। सेना भर्ती कार्यालय, रांची के जरिए अग्निवीर रैली भर्ती प्रक्रिया के दौरान हर संभव सकारात्मक तरीके से किए गए आचरण और बेहतरीन भर्ती प्रक्रिया की सभी उम्मीदवारों ने सराहना की। साथ ही, रांची जिला प्रशासन के जरिए रैली स्थल पर उम्मीदवारों के लिए किए गए तमाम इंतजाम की भी तारीफ की। इस दौरान अभ्यर्थियों को बिस्किट, पीने का पानी, डाटा फीड के लिए सहयोग, डॉक्टर्स के साथ मेडिकल की सुविधा, कूल रूम, पुलिस प्रशासन का सहयोग मिल रहा है।

# सीएम ने झारखंड मंईयां सम्मान योजना के लिए प्रचार वाहन किया रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड विधान सभा परिसर से 'झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाई)' के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु 10 एलईडी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन सभी एलईडी वाहनों के माध्यम से रांची, रामगढ़ एवं खूंटी जिला के विभिन्न क्षेत्रों में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

विदित हो कि झारखंड विधान सभा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने प्रचार-प्रसार वाहन रवाना होने के पश्चात रांची, रामगढ़ एवं खूंटी जिले के अलावे राज्य के सभी जिलों के उपायुक्त द्वारा अपने-अपने जिलों में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजनाए के बृहद प्रचार-प्रसार के लिए एलईडी वाहनों हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जा रहा है। इस प्रकार शुक्रवार से पूरे राज्य में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार की शुरूआत हुई है।

इस अवसर पर झारखंड विधान सभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो, मंत्री, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग बेबी देवी, विधायक सविता महतो, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक सुश्री अम्बा प्रसाद, विधायक श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की, सचिव श्री मनोज कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# यह अनवरत चलने वाला सत्र सिद्ध होगा, हमलोग फिर सत्ता में आ रहे हैं

*इन्हें सिर्फ हिंदू, मुस्लिम और आदिवासी, गैर आदिवासी का ही मुद्दा दिखता है*

*ये लोग व्यापारी हैं, पूरा देश बेच दिया, यह नालायक लोग हैं : मुख्यमंत्री*



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड विधानसभा में कहा कि यह अंतिम सत्र नहीं है यह अनवरत चलने वाला सत्र साबित होगा। हम लोग फिर सत्ता में आएंगे। हेमंत सोरेन कहा कि आदिवासी हित की बात करते हैं लेकिन सरना धर्म कोड को लेकर दिल्ली में यह लोग बातें नहीं रखते हैं। इन्हें सिर्फ हिंदू, मुस्लिम और आदिवासी गैर आदिवासी का ही मुद्दा दिखता है। यह लोग व्यापारी हैं। पूरा देश बेच दिया। यह नालायक लोग हैं। हमारे पूर्वजों की सारी संपत्ति बेचकर यह लोग खा गए। आपके सारे सवालों (विपक्ष) का जवाब और काले करतूत का चिट्ठा मेरे पास है। नेता प्रतिपक्ष भी खड़ा हुए और मुख्यमंत्री के भाषण का विरोध करने लगे। फिर हेमंत सोरेन ने कहा कि अगली बार हम फिर सत्ता में आएंगे और हर महिला के घर एक लाख रुपये पहुंचाने का काम करेंगे। यह हिंदू, मुस्लिम के नाम पर वोट मांगते हैं लेकिन अयोध्या हार जाते हैं।

## रांची, धनबाद, बोकारो और जमशेदपुर में आबादी क्यों बढ़ाई

**मुख्यमंत्री ने कहा कि यह लोग डेमोग्राफी की बात करते हैं। इन लोगों से पूछें कि रांची, धनबाद, बोकारो और जमशेदपुर में आबादी क्यों बढ़ाई। किसके कारण आदिवासियों की संख्या घटी। यह लोग हमारे देश की स्थिति पाकिस्तान से भी खराब कर देंगे। महंगाई का स्तर देख लें। केंद्र में पहले मोदी और भाजपा की सरकार थी। अब केंद्र में बैसाखी की सरकार है। सहायक पुलिसकर्मी को इन्होंने नाजायज तरीके से नियुक्त किया। हम लगातार इन्हें एक्सटेंशन दे रहे हैं और घोषणा किया है कि पुलिस नियुक्ति में 10 प्रतिशत आरक्षण देंगे। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में बड़ी घोषणा करते हुए कहा, अग्निवीरों को अनुग्रह राशि देंगे और मूर्त होने पर अनुकंपा पर सरकारी नौकरी देंगे। हम अपने काम के लिए मछली की आंख की तरह लक्ष्य रखकर काम कर रहे हैं और आने वाले समय में उनकी हर बातों का मुंहतोड़ जवाब देंगे। चाहे ये बाहर कहीं से भी झारखंड में नेता बुला लें।**

## नेता प्रतिपक्ष ने हेमंत सरकार पर साधा निशाना



रांची। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि युवाओं के संबंध में सवाल किए जाने पर हमारे 18 विधायकों को असंवैधानिक तरीके से निलंबित कर दिया गया, जो उचित नहीं है। अमर कुमार बाउरी ने कहा, युवाओं के सवाल को लेकर जब हमारे विधायकों ने मुख्यमंत्री से जवाब मांगा, तो विधायकों निलंबित कर दिया गया। लेकिन भारतीय जनता पार्टी रुकने वाली नहीं है। हमारी पार्टी किसी से भी डरने वाली नहीं है। हम सरकार के तानाशाही रवैये से लड़ते रहेंगे। अगर किसी को लगता है कि वे हमारे मनोबल को तोड़ देंगे, तो उन्हें अपनी गलतफहमी को दूर कर लेना चाहिए। उन्होंने कहा, हमारे 18 विधायक मुख्यमंत्री को उनके झूठे वादों को याद दिला कर जवाब मांग रहे हैं, उनसे कह रहे हैं कि आपने पिछले पांच सालों तक प्रदेश में झूठ के दम पर सरकार चलाई है। आपने लोगों के साथ छलावा किया है। अब इस ठगबंधन सरकार को जवाब देना होगा। संघर्ष जारी है, और इस विधानसभा के कुछ घंटे बचे हैं, हम इस सरकार को माफी मंगवाने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देंगे।

## झारखंड में भी मिनी पाकिस्तान बन रहा है क्या



रांची। झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को सदन के बाहर पत्रकारों से बातचीत में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पूछा कि क्या झारखंड में भी एक मिनी पाकिस्तान बन रहा है। यहां की सरकार काम नहीं कर रही। सवाल पूछने पर पीट रही है। उन्होंने कहा कि सरकार सदन में किसी भी मुद्दे पर जवाब देने से भाग रही है। सभी विधायक सरकार से उनके चुनावी वादे को याद करा रहे हैं। पूछ रहे हैं कि आखिर वादे कितने पूरे हुए हैं। साथ ही सभी विधायक मांग कर रहे हैं कि सीएम हेमंत इसका जवाब दे लेकिन उल्टा सरकार के द्वारा विपक्ष के विधायकों पर कार्रवाई की जा रही है। जब सवाल का जवाब खोज रहे तो सदन से बहार का रास्ता दिखाया जा रहा है। इस सरकार में सवाल पूछने पर लाठी और गोली मिलती है। इनकी गलत नीति का खामियाजा युवा भुगत रहे है। उन्होंने कहा कि झारखंड का हिस्सा है पाकुड़ लेकिन वहां जाने से असम के मुख्यमंत्री को रोका जा रहा है। आखिर क्या पाकुड़ का गोपीनाथपुर पाकिस्तान का हिस्सा है। क्या पाकुड़ को मिनी पकिस्तान बनाया जा रहा है।

## 442 बालू घाट में से सिर्फ 22 की हुई नीलामी



विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि देश के इतिहास में यह पहली घटना होगी, जब सदन में 18 विधायकों को निलंबित कर दिया गया हो। अध्यक्ष हमारे आवाज को नहीं दबा सकते हैं। बिरंची ने बालू के विषय में कहा कि पांच सालों में राज्य की 442 बालू घाटों में सिर्फ 22 घाटों की नीलामी हुई है। सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि बाकी बचे 420 घाटों पर झामुमो, कांग्रेस और आरजेडी के नेता, कार्यकताओं और बिचौलियों ने सरकार के संरक्षण में संगठित अपराध किया। डकैती कराया गया। उन्होंने कहा कि आज झारखंड की जनता बालू के लिए तरस रही है। सरकार अबुआ आवास बनवा रही है। लोग 5000 ट्रैक्टर बालू लेकर अबुवा आवास बना रहे हैं। उन्होंने सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार बताये कि बालू का स्टॉक कहां है। एनजीटी ने 15 अक्टूबर तक नदी से बालू का उठाव करने पर रोक लगाया है, तो सरकार गरीबों को बालू कैसे मुहैया करायेगी। बिरंची ने कहा कि यह बात साफ है जैसे सरकार ने लोगों को नौकरी के लिए ठगा, उसी तरह बालू में भी ठगेगी।

## भाजपा ने देश बेच दिया, तो बालू क्या चीज है : बन्ना गुप्ता



मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि भाजपा ने बीसीसीएल, पोर्ट, बंदरगाह, बीएसएनएल सहित देश की कई संपत्तियों को बेच दिया। भाजपा निजीकरण करके बाबा साहेब के संविधान को बेचने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश ही बेच दिया, तो बालू क्या चीज है बालू तो बहुत छोटी चीज है। उन्होंने कहा कि इनलोगों का इतिहास ही व्यापार का है। उन्होंने अंग्रेजी में कहा कि यदि आप धैर्य खो देते हैं, तो आप सब कुछ खो देते हैं। कहा कि आप सदन को हाईजैक करके थोड़ी चलाने सकेंगे। मंत्री बना गुप्ता ने कहा कि ने देश ही बेच दिया, तो बालू क्या चीज है।

## जैसे पांच लाख नौकरी दिये, वैसे ही बालू देंगे : नीरा यादव



भाजपा विधायक नीरा यादव ने कहा कि पहले ट्रैक्टर वालों का 100 रुपये का चालान काट कर छोड़ दिया जाता था लेकिन आज उनका ट्रैक्टर थानों में सड़ रहा है। आज उन्हीं के लिए सरकार के विरोध में बालू बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनजीटी ने बालू के उठाव पर 15 जून से ही रोक लगाया है और अभी मुख्यमंत्री अनाउंस कर रहे हैं कि बालू मुफ्त में देंगे। हेमंत सरकार ने जिस तरह पांच लाख नौकरी दिया, बेरोजगारी भत्ता दिया, उसी तरह बालू मुफ्त में देंगे। शशि भूषण मेहता ने बालू बेचते हुए कहा कि कोयल नदी का प्लास्टर्ड बालू 1000 रुपये किलो है।

# बांग्लादेशी घुसपैठ सिर्फ चुनावी मुद्दा नहीं बल्कि झारखंड की अस्मिता का सवाल है : हिमंता बिस्वा

*भाजपा का मुद्दा विधायक जिताना नहीं बल्कि झारखंड को बचाने का है*

*झारखंड सरकार लिख कर दे दें कि राज्य से घुसपैठियों को भगाने की जिम्मेवारी केंद्र सरकार की है*



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा झारखंड के विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा शुक्रवार को जमशेदपुर पहुंचे। जहां उनके पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की और कहा कि झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या बढ़ती जा रही है। डेमोग्राफी का सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि संथाल परगना में आदिवासियों की जमीन पर कब्जा हो रहा है। वहां बांग्लादेशी घुसपैठियों का साम्राज्य स्थापित हो रहा है। अगर हालात नहीं सुधारे गये तो आने वाले 20 साल में झारखंड का मुख्यमंत्री भी कोई घुसपैठिया ही बन जायेगा। संथाल परगना के गांव में जहां आदिवासियों के साथ अत्याचार हो रहा, उनकी जमीन छीनी जा रही वहां पड़ोसी राज्य के मुख्यमंत्री को जाने से रोका जाना यह बताता है कि स्थिति कितनी भयावह है। ऐसा लगता है कि हेमंत सरकार यह मान चुकी है कि पाकुड़ का गोपीनाथपुर झारखंड में नहीं बल्कि बांग्लादेश में है। पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा हेमंत सरकार पर हमलावर दिखे। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य के संथाल परगना के कई विधानसभा क्षेत्र में घुसपैठियों की समस्या बनी हुई है। कई विधानसभा क्षेत्र में वोटर लिस्ट में 120%से भी ज्यादा की बढ़ोतरी हुई हैं झारखंड में अगर घुसपैठ नही रुकी तो झारखंड की भी हालत असम जितनी गंभीर हो जाएगी। झारखंड में वर्ष 1951 में मुस्लिम जनसंख्या सिर्फ 12-14% थी परंतु बांग्लादेश से आये घुसपैठियों के कारण अब जनसंख्या 40-42% हो गई है। पश्चिम बंगाल में भी तकरीबन 30% मुस्लिम जनसंख्या हो गई है। मुर्शीदाबाद की एक टीएमसी विधायक जो मुस्लिम है वो कह रहे है कि मुस्लिम आबादी 70% हो गई है तो 30% को हम जब चाहे भगा सकते है। ऐसी ही घटना पाकुड़ जिले के तारानगर एवं गोपीनाथपुर में हुआ। 2 गांव के 50 से ज्यादा परिवार पाकुड़ सदर में आके बैठे हुए है। साथ ही मैं गायबथान गया वहाँ आदिवासी परिवार के जमीन पर घुसपैठियों ने कब्जा कर रखा है, 2015 में ही हाइकोर्ट का फैसला हुआ कि जमीन लौटा दो लेकिन प्रशासन सहयोग नही कर रही है। उन्होंने कहा कि राजनीति चलती रहेगी, सरकार आएगी, जाएगी लेकिन प्रदेश बचाना हम सभी पार्टियों की जिम्मेदारी है। साथ ही, उन्होंने हेमंत सोरेन से अपील करते हुए कहा कि आप घुसपैठियों एवं डेमोग्राफी चेंज के मुद्दों को नजरअंदाज मत कीजिए। अगर अभी नही संभले तो 30 साल के बाद झारखंड के मुख्यमंत्री सदन के अंदर घुसपैठियों के सामने समर्पण करते दिखाई देंगे।

## फाइलेरिया रोधी दवाएं खाने के बाद मितली आना, चक्कर आना शुभ संकेत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखण्ड को जल्दी ही फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक स्तर पर प्रयास किये जा रहें हैं। यही कारण है कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत चलाये जाने वाले मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अन्तर्विभागीय समन्वय के साथ-साथ सामुदायिक सहभागिता और मीडिया सहयोगियों का भी सहयोग लिया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को हजारीबाग सदर अस्पताल के सिविल सर्जन कांफ्रेंस हॉल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए झारखंड के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, भीबीडी डॉ बीरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि आगामी 10 अगस्त से राज्य के फाइलेरिया प्रभावित 9 जिलों दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, हजारीबाग, चतरा, पलामू, लातेहार, पश्चिम सिंहभूम और सरायकेला-खरसावाँ में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम की शुरूआत कीजायेगी। इसमें तीन दवा यानी डीईसी, अल्बेंडाजोल और आइवरमेक्टिन के साथ यह कार्यक्रम चलाया जायेगा। इस हेतु जिलों में 1 करोड़ 27 लाख जन समुदाय को बूथ और घर-घर जाकर दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है तथा किसी भी विषम परिस्थितियों से निपटने हेतु चिकित्सक के नेतृत्व में रैपिड रेस्पान्स टीमों का भी गठन किया गया हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम में खिलाई जाने वाली फाइलेरिया रोधी दवायें पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

## न्यूज बॉक्स




भाजपा विधायकों ने सरकार की मुफ्त बालू देने की योजना पर सवाल उठाते हुए विधानसभा परिसर में एक हजार रुपये किलो बालू बेचा।

### दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए बिरसा कॉलेज खूंटी के छात्र का चयन



**रांची।** बिरसा कॉलेज, खूंटी के एनएसएस का स्वयंसेवक नवीन किशोर का चयन वर्ष 2024 के स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह, नई दिल्ली के लिए हुआ है। इस संबंध में भारत सरकार से बिरसा कॉलेज को पत्र प्राप्त हुआ है, जिसमे इस महाविद्यालय के विद्यार्थी के चयन की सूचना दी गई है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ जी किड़ो नवीन किशोर के चयन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि नई दिल्ली के स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में शामिल होना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक लालकिला के मुख्य समारोह में तिरंगे की सलामी देना बहुत बड़ी बात है। एनएसएस की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ पुष्पा सुरीन ने बताया कि एनएसएस का स्वयंसेवक नवीन किशोर का चयन स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में शामिल होने की जानकारी मिलने से पूरा महाविद्यालय परिवार खुश है। डॉ सुरीन ने कहा कि नवीन किशोर ने पूरे खूंटी का मान बढ़ाया है।

### पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के मामले में मेंटीबिलिटी पर मांगा जवाब

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट में एक निजी चैनल के मालिक अरूप चटर्जी ने तत्कालीन एसएसपी, डीएसपी समेत कुछ अवैध कोयला के कारोबारियों के खिलाफ केस दर्ज करने को लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने राज्य सरकार के अलावा ईडी और सीबीआई से भी जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले में महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। इसमें बेबुनियाद बातें कही गई है। इस मामले पर याचिकाकर्ता का कहना है कि उन्होंने अपने चैनल पर धनबाद से जुड़े कुछ अवैध कोयला कारोबारियों से जुड़ी स्टोरी चलाई थी, जिसके बाद धनबाद पुलिस ने उन पर कार्रवाई की। धनबाद में अरूप चटर्जी के खिलाफ कुछ एफआईआर दर्ज किए गए थे। दर्ज एफआईआर के आरोपों की वजह से अरूप चटर्जी को जेल भी जाना पड़ा था। हालांकि, बाद में समझौता के आधार पर उन्हें कई मामलों में जमानत मिली है।

### कैश कांड में अधिवक्ता राजीव कुमार को मिली अग्रिम जमानत

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट में कोलकाता कैश कांड में आरोपित हाई कोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार की दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने राजीव कुमार को राहत देते हुए अग्रिम जमानत प्रदान कर दी। पूर्व में सीबीआई की विशेष अदालत ने राजीव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। कोलकाता कैश कांड में राजीव कुमार एवं अमित कुमार अग्रवाल के खिलाफ सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। कैश कांड में सीबीआई की दिल्ली शाखा ने तीन फरवरी को कोलकाता कारोबारी अमित अग्रवाल और राजीव कुमार के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी, जिस पर अदालत ने संज्ञान लेते हुए आरोपित को समन जारी किया था। राजीव कुमार को कोलकाता में 50 लाख रुपये नकदी के साथ गिरफ्तार किया गया था।

### नेहा शिल्पी तिर्की ने सदन में भुईंहर मुंडा जाति का मुद्दा उठाया

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को कांग्रेस विधायक नेहा शिल्पी तिर्की ने सदन में भुईंहर मुंडा जाति का मुद्दा उठाया, जो अपनी जाति की पहचान को कायम रखने के लिए 24 साल से संघर्ष कर रहे हैं। विधायक ने कहा कि झारखंड राज्य के अनेक अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति जैसे- भुईहर मुंडा, खूंटकटी मुआईण्डा, कम्पाट मुण्डा, चीक बड़ाईक, भईया (पाईक), लोहरा, लोहार, चीक बड़ाईक, स्वांशी, घटवार, घटवाल आदि समुदायों के खतियान में लिपिकीय त्रुटि के कारण उनकी मूल अनुसूचित जाति या जनजाति के स्थान पर अन्य असंगत जाति या तथ्य दर्ज हो गये हैं, जिसके कारण उक्त जातियों के संबंधित लोगों को अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है और वे सभी अपने संवैधानिक अधिकारों से वंचित है। इसपर मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा कि टीआरआई की रिपोर्ट के आलोक में सरकार निर्णय लेती है, हम टीआरआई से रिपोर्ट मांगेंगे। नेहा शिल्पी ने विधानसभा की कमेटी बनाने की मांग की, जिसका कई विधायकों ने समर्थन किया। टीआरआई सही से अपना काम ठीक से नहीं किया, इसलिए विधानसभा की कमेटी बने।

# भारतीय कृषि क्षेत्र में नई मजबूती लाएगा 2024-25 का बजट



**नवीन पी सिंह**

वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में कृषि और संबद्ध क्षेत्र के लिए लगभग 1.52 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। पिछले कुछ वर्षों से विभिन्न आय-सहायता उपायों के जरिए भारतीय किसानों की आमदनी बढ़ाने की संभावनाओं में नई जान फूंकने के लिए व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अलावा, पिछले कुछ वर्षों के दौरान कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए बजट आवंटन में निरंतर वृद्धि की गई है, और इसके साथ ही इन क्षेत्रों में तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहल निरंतर जारी है।

**आवश्यक बढ़ावा**

**पहला :** पिछले कई वर्षों से खाद्यान्न खरीद के जरिए किसानों को दिया जा रहा मूल्य समर्थन कृषि उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने में सबसे अहम बन गया है। वित्त वर्ष 2025 के बजट में समग्र योजना 'पीएम आशा (प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान)' के तहत आवंटन 2.2 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 6.4 हजार करोड़ रुपये हो गया है। यह किसानों को पर्याप्त मूल्य समर्थन प्रदान करने, खाद्यान्न की बबार्दी को कम करने, और व्यापारियों द्वारा बाजार पर डाले जाने वाले अनुचित प्रभाव को सीमित करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

**दूसरा :** कृषि संबंधी श्रम बल में 30 प्रतिशत महिलाएं हैं और आर्थिक रूप से सक्रिय 80 प्रतिशत से भी अधिक महिलाएं कृषि क्षेत्र में लगी हुई हैं, हालांकि वे समकक्ष पुरुष की तुलना में 20-30 प्रतिशत कम कमाती हैं और केवल 6 प्रतिशत महिलाओं की ही पहुंच संस्थागत ऋण तक है। उनकी आय में विविधता लाने और पर्याप्त भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए वित्त वर्ष 2025 के बजट में 'नमो ड्रोन' दीदी के तहत 15,000 ड्रोन उपलब्ध कराने के लिए 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी निश्चित रूप से बढ़ेगी और उनकी आर्थिक हैसियत बढ़ जाएगी।

**तीसरा :** कृषि अनुसंधान की व्यापक समीक्षा, जिसका उल्लेख वित्त वर्ष 2025 के बजट में किया गया है, एक अत्यंत जरूरी प्रावधान है। वर्तमान में शीर्ष निकाय आईसीएआर एवं उसके संस्थान, और इसके साथ ही राज्य कृषि विश्वविद्यालय (एसएयू) कृषि अनुसंधान पर हावी हैं। हालांकि, शोध की राह में मौजूद वास्तविक समस्याओं का निराकरण करने और इनका व्यावहारिक समाधान खोजने की सीमित सामूहिक गुंजाइश के कारण इस प्रभुत्व पर अक्सर सवाल उठाया जाता है। अतः सरकारी संगठनों के साथ-साथ चुनौती-आधारित इनाम प्रणाली (सीबीआरएस) के माध्यम से निजी क्षेत्र को शामिल करने से कृषि क्षेत्र में होने वाले अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) में निजी निवेश को काफी बढ़ावा मिल सकता है।

**चौथा :** कृषि में उत्पादकता बढ़ाने के लिए संसाधनों के उपयोग संबंधी दक्षता को बेहतर करने पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि 45 प्रतिशत खेती योग्य भूमि लगभग 84 प्रतिशत पानी का उपयोग करती है। सबसे अधिक पानी की खपत वाली तीन फसलें- गन्ना, चावल और गेहूं- 80 प्रतिशत से अधिक पानी की खपत करती हैं। विशेष रूप से, पिछले दशक में भारत की उत्पादकता चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्राजील की तुलना में तेजी से बढ़ी है। उत्पादकता संबंधी लाभ के कारण उत्पन्न अधिशेष को संभालने हेतु बुनियादी ढांचे को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करना भी महत्वपूर्ण है।

**पांचवां :** बजट में प्रस्तावित बायो-इनपुट रिसोर्स सेंटर (बीआईआरसी) की स्थापना से कृषि में जैविक सामग्रियों के उपयोग को काफी बढ़ावा मिल सकता है, जिससे इनपुट सब्सिडी पर निर्भरता कम हो जाएगी। धरती माता के जीर्णोद्धार, उससे संबंधित जागरूकता के सृजन, पोषण और उन्नति के हेतु प्रधानमंत्री कार्यक्रम (पीएम-प्रणाम) का उद्देश्य राज्यों को रासायनिक सामग्रियों के उपयोग में कटौती करने के लिए प्रोत्साहित करना है। हालांकि, कृषि के स्तर पर परिवर्तन लाने और बीआईआरसी-प्रदत्त सामग्रियों के उपयोग को प्रोत्साहित करने हेतु, एफपीओ और सहकारी समितियों द्वारा समर्थित पीएम-प्रणाम के भीतर एक विशिष्ट प्रोत्साहन तंत्र पर विचार किया जाना चाहिए।

# अधिवक्ता की हत्या के बाद रांची सिविल कोर्ट में न्यायिक कार्य से दूर रहे वकील

**नवीन मेल संवाददाताष रांची**

रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता गोपाल कृष्ण की हत्या के खिलाफ सिविल कोर्ट में शुक्रवार को अधिवक्ता न्यायिक कार्य से दूर रहे। इससे कोर्ट में काम काज ठप रहा। वकील की हत्या से जिले के अधिवक्ताओं में काफी आक्रोश था। अपने गुस्से का इजहार करते हुए रांची सिविल कोर्ट के सैकड़ों अधिवक्ताओं ने रांची जिला बार एसोसिएशन से सिविल कोर्ट परिसर में मौन जुलूस निकाला और सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त से इस मामले में हस्तक्षेप का आग्रह किया। इससे पूर्व रांची जिला बार एसोसिएशन के महासचिव संजय कुमार विद्रोही ने आपातकालीन आमसभा बुलाई। इसमें हत्या पर बहुत ही गंभीर चिंता जताई गयी। दूसरी ओर, प्रधान न्यायायुक्त के पास एसएसपी शाम में पहुंचे और अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला बार एसोसिएशन ने अपराधियों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने की मांग की लेकिन एसएसपी ने 72 घंटे का समय मांगा। जिला बार एसोसिएशन की शनिवार को बैठक बुलायी गयी है। बैठक में आगे की रणनीति पर चर्चा की जायेगी।

### अधिवक्ता हत्याकांड मामले में एसआईटी का गठन

**रांची।** रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में अधिवक्ता गोपी कृष्णा की हुई हत्या मामले में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने एसआईटी का गठन किया है। चाकू मारने में शामिल अपराधियों के पहचान कर गिरफ्तारीके लिए सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नियंत्रण में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है। इसमें डीएसपी दुसरू बान सिंह, डीएसपी प्रभात बेक, सुखदेव नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार, कोतवाली थाना प्रभारी रंजीत कुमार सिन्हा, संजीव कुमार, कुमार गौरव, उमेश चन्द्र महतो, नवीन कुमार और शाह फैशल को शामिल किया गया है। वहीं दूसरी ओर इस घटना से आक्रोशित अधिवक्ताओं की सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के नेतृत्व में एसएसपी के साथ रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त की उपस्थिति में बैठक हुई।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार के साथ समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक की बैठक के दौरान उपायुक्त ने विगत कुछ समय में अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु किए गए कार्यों की सराहना करते हुए और भी प्रभावी तरीके से अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली गई। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा अवैध मुहानों को बंद करने के तहत किए गए कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त ने कहा कहीं से भी अवैध मुहानों से खनन होने संबंधित सूचना प्राप्त होने पर त्वरित रूप से उसे अच्छी तरह बंद कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने एवं अवैध मुहानों की अच्छी तरह से डोजरिंग करने को लेकर उपायुक्त ने सभी संबंधित परियोजनाओं के महाप्रबंधकों एवं एरिया सिक्योरिटी ऑफीसर्स को कार्यों पर विशेष ध्यान देने एवं अवैध मुहानों से किसी भी तरह का कोई भी खनन कार्य न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अवैध खनन अथवा परिवहन के विरुद्ध चलाए गए जांच अभियान के दौरान जप्त किए गए वाहनों एवं खनिज के विरुद्ध राज्यसात की कार्रवाई एवं नियम अनुसार नीलामी आदि के कार्रवाई को लेकर भी बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में अपर समाहर्ता ,जिला परिवहन पदाधिकारी,जिला स्तरीय पदाधिकारी, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधकों, थाना प्रभारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।



उपायुक्त द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार को योजनाबद्ध तरीके से रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न रेलवे साइडिंग का निरीक्षण कर नियम अनुसार खनिजो का परिवहन सुनिश्चित करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा अधिकारियों को जिले के अलग-अलग क्षेत्र में संचालित क्रेशर की जांच करने एवं बिना अनुमति अथवा अवैध तरीके से क्रेशर का संचालन करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने एवं तत्काल रूप से अवैध क्रशरों को ध्वस्त करने का निर्देश दिया।

## एक नजर

### समाज ने खो दिया एक प्रखर समाज सेविका : निसार खान

**हजारीबाग।** 15 सुत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के सदस्य तथा जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ने गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद फुरकान अंसारी की पत्नी व झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी की मां मुस्तरी खातून के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।अपने शोक संवेदना में उन्होंने कहा कि मधुपुर उर्दू गर्ल्स स्कूल की अध्यापिका रह चुकीं मुस्तरी खातून शिक्षाविद, मृदभाषी, मिलनसार तथा दयालु प्रवृति की महिला थीं ।उनके निधन से समाज ने एक प्रखर समाजसेविका खो दिया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और इस कठीन घड़ी में उनके परिजनों को धैर्य व सहन शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

### लगातार हो रही बारिश से लोगों का जनजीवन प्रभावित

**रामगढ़।** लगभग 20 घंटे से रामगढ़ में रुक-रुक कर लगातार बारिश हो रही है। ऐसे में लोगों का जनजीवन प्रभावित दिख रहा है। कई सड़कों पर जलजमाव है। जलजमाव से लोग और आवागमन कर रहे वाहन चालक परेशान हैं। रामगढ़ की कई सड़कें जलमग्न हो चुकी हैं। जिससे दुर्घटना की संभावना भी बढ़ गई है। इधर लगातार हो रही बारिश के बाद रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर स्थित भैरवी नदी भी उफान पर दिख रही है। लगातार बारिश के बाद भैरवी नदी का जलस्तर बढ़ गया है। जिससे वहां स्थित दुकानों को नुकसान पहुंचा है। नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद दुकानदार अपने-अपने दुकानों से सामान हटा लिए हैं। कई दुकानें जलमग्न भी हो चुकी हैं। अगर बारिश की लगातार यही स्थिति रही तो पानी के मंदिर परिसर तक भी जाने की संभावना है।

### दो दुकानों से हजारों के सामान की चोरी

**हजारीबाग।** चौपारण थाना क्षेत्र के पांडेयबारा में दो सगे भाई की राशन और हार्डवेयर दुकान में बुधवार देर रात चोरी हो गई। पीड़ित अभिमन्यु उर्फ मनु सिंह हार्डवेयर की दुकान चलाता है तो उसका भाई अभिषेक उर्फ नेपाली सिंह राशन की दुकान चलाता है। बुधवार देर शाम दोनों दुकान बंद कर घर चपरीकला चले गए। गुरुवार को सुबह दोनों भाई दुकान खोलने के लिए पहुंचे, तो पाया कि दुकानों के शटर खुले हुए हैं। जब दुकान के अंदर जाने के बाद देखा कि सारा सामान बिखरा हुआ है और लगभग डेढ़ लाख रुपये का सामान और 45 हजार रुपये राशि चोरी चुके हैं। पीड़ितों ने घटना की जानकारी थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह को देते हुए लिखित आवेदन देकर करवाई करने की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी ने कहा कि जल्द ही चोरी के मामलों का उद्भेदन कर किया जाएगा।

## शहीद शक्तिनाथ महतो की जयंती मनाई गई

**रामगढ़।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ इकाई द्वारा शुक्रवार को शहीद शक्तिनाथ महतो की जयंती टिला इंस्टीट्यूट भारत माता चौक कैथा रामगढ़ में मनाया गया। बताया गया की शक्तिनाथ महतो एक जुझारू नेता थे । वे झारखंड अलग राज्य के प्रबल समर्थक थे और वंचित समाज के हित चिंतक थे ।उन्होंने दमनकारी नीति, अन्याय करने वालों एवं माफियाओं , सुदखोरों के खिलाफ जबर्दस्त संघर्ष किया था । उनके अंदर माफियाओं , महाजनों सूदखोरों के खिलाफ अंदर ही अंदर ज्वाला धधकती थी। शहीद शक्तिनाथ महतो का जन्म 2 अगस्त 1948 को तेतुलमुड़ी बस्ती में एक किसान परिवार में हुआ था । कुमारधुबी में फिटर ट्रेड का प्रशिक्षण प्राप्त कर मुनिडीह प्रोजेक्ट में योगदान दिया। कोलियरी क्षेत्र में मजदूरों को सुदखोरो के चंगुल से आजाद कराने तथा न्यूनतम मजदूरी दिलाने के लिए शक्ति नाथ महतो ने आंदोलन का बिगुल फूंका। इसी बीच वह विनोद बिहारी महतो के संपर्क में आए और 21 जनवरी 1971 को शिवाजी समाज को योगता थाना कमेटी का गठन किया। शक्ति को मंत्री बनाया गया।

# स्वतंत्रता दिवस के आयोजन को लेकर डीसी की अध्यक्षता में हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** आगामी स्वतंत्रता दिवस के आयोजन को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा स्वतंत्रता दिवस के आयोजन के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए सिदो कान्हू मैदान को तैयार करने एवं मैदान में सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं यथा परेड, मंच, अतिथियों के बैठने आदि की व्यवस्था करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया । उपायुक्त ने परेड एवं बैंड प्रस्तुति में भाग लेने वाले सभी पुलिस बल, एनसीसी व छात्र-छात्राओं के लिए पूर्व अभ्यास के दौरान मैदान में मूलभूत सुविधाएं, चिकित्सा सेवाएं व अल्पहार आदि की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रमों के दौरान राधा गोविंद उच्च विद्यालय रामगढ़ एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रामगढ़ की छात्राओं के द्वारा राष्ट्रीय गाना गाया जाएगा। इसके लिए उपायुक्त ने पूर्व अभ्यास कर कार्यक्रम के दिन पूरी तरह से तैयार रहने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी मद्यशालाओं एवं बधशालाओं को 14 अगस्त 2023 के रात्रि 12:00 से 15 अगस्त 2023 की रात्रि 12:00 बजे तक बंद रखने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश सहायक आयुक्त उत्पाद एवं कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़ को दिया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सिद्धू कान्हू स्टेडियम में आयोजित राजकीय समारोह के वेबकास्टिंग के मद्देनजर उपायुक्त ने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।



# बीडीओ व सीओ ने विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** उपायुक्त के निदेर्शानुसार बीडीओ सी आर इंदीवार और सीओ आर एन खलखो ने बरही के विभिन्न कोचिंग संस्थानों का स्थल निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने कोचिंग संस्थान में उपलब्ध सुविधाओ का जायजा लिया. बीडीओ ने बताया कि निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से प्रवेश, निकासी, अग्निशमन यंत्र, वेल वेंटिलेशन इत्यादि का निरीक्षण किया. जो लगभग सभी संस्थानों में कमी पाया गया. जांच के क्रम में कुछ संस्थान में संकरी सीढ़िया और रेलिंग का अभाव पाया गया. उन्होंने बताया कि इस संबंध में जांच रिपोर्ट का प्रतिवेदन उपायुक्त को सौप दिया गया है. निदेर्शानुसार आगे के कार्य किए जायेंगे. सीओ ने सभी संस्थान चालको से अपील किया कि अपने संस्थान में मूल भूत सुविधा अवश्य रखें. सोमवार को हजारीबाग रोड स्थित आर्यभठ्ठ इंस्टीट्यूट ऑफ आर्ट्स कॉमर्स एंड साइंस, यूनिवर्सल एकेडमी, वेक्टर क्लासेस, सॉफ्टेक, दी साइंस एकेडमी, कुरुक्षेत्र क्लासेस, इंपैक्ट एजुकेशन प्वाइंट और धनबाद रोड के अमेरिकन एकैडमी, एसीवर्स क्लासेस, लक्ष्य कंपीटिटीव कोचिंग सेंटर और इंपैक्ट एजुकेशन प्वाइंट का निरीक्षण किया।



# छिनताई करने वाले चोर बेखौफ पुलिस का डर समाप्त : राकेश गुप्ता

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले में मोबाइल, जेवरात एवं अन्य सामग्रियों की छिनताई बढती ही जा रही है। आए दिन छिनताई की घटनाएं अपना पैर पसार रही है। लेकिन अभी तक अंकुश नही लग पा रही है। शुक्रवार को जदयू नेता सह समाजसेवी राकेश गुप्ता ने कालीबाड़ी स्थित आवासीय कार्यलय से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर छिनताई के मामले पर प्रशासन से उचित कदम उठाने की मांग की है। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि पूरे जिले में छिनताई करने वाले चोर बेखौफ हो गए हैं। पूलिस प्रशासन का डर भय समाप्त हो गया है। मोबाइल, जेवरात एवं अन्य सामग्रियों की छिनताई बढती ही जा रही है। लोग घरों से निकलने से पहले हर महंगी सामग्रियों को सुरक्षित करने में जुटे हुए हैं। भीड भाड इलाकों में जाने से लोग सहमें में रहकर जा रहे हैं। सडक पर चलने के दौरान मोबाइल एंव चैन की छिनताई हो रही है। उन्होंने बताया कि लोगों की बार- बार शिकायतों पर भी इस कुछ ठोस कदम भी नहीं उठाया जा रहा है। जिले की जनता छिनताई की मामले से काफी परेशान तथा भयभीत है। पेट्रोलिंग की पूलिस प्रशासन एक निश्चित जगह पर रहकर सिर्फ वसुली करती है।



*हजारीबाग में बढ़ते छिनताई के मामले पर समाजसेवी सह जदयू नेता राकेश गुप्ता ने जिला प्रशासन से किया उचित कदम उठाने की मांग*

# जिस वर्ष रैयतों को जमीन से विस्थापन किया जाये, उसी वर्ष को मुआवजे का माना जाए

**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़कागांव।** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद में विधानसभा सदन में बड़कागांव के विस्थापित रैयतों को उचित मुआवजा एवं विस्थापन का लाभ दिलाने हेतु जिस वर्ष रैयतों को जमीन से विस्थापन हो उसी वर्ष को मुआवजे का कट ऑफ डेट घोषित करने की माँग की। तारांकित प्रश्न के माध्यम से विधायक अंबा प्रसाद में विधानसभा के पटल पर महत्वपूर्ण मामले को रखा। विधायक ने कहा कि हजारीबाग जिला के बड़कागांव प्रखंड में पंकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में एनटीपीसी कंपनी प्रबंधन द्वारा वर्ष 2016 को आधार मानकर 18 वर्ष से ऊपर के विस्थापित ग्रामीणों को मुआवजा एवं अन्य लाभ दिया जा रहा है जबकि कंपनी द्वारा लोगों को जमीन से विस्थापन अभी भी हो रहा। पहले कंपनी के द्वारा मुआवाजे के लिए 2010 का कट ऑफ रखा गया। फिर कंपनी के द्वारा 2016 में खनन शुरू किया गया। कंपनी जिस स्थान पर 2016 में लोगों को विस्थापित की उनके लिए समझा जा सकता है कि 2016 का कट ऑफ हो। पर कंपनी हर साल अलग अलग जगह पर खनन शुरू करती है और लोगों को विस्थापित करती है। इसलिए न्याय यह है कि विस्थापन करने वाले वर्ष को मुआवजे के लिए कट ऑफ माना जाय ना की फिक्स करके 2016 को। अभी भी नये जगहों पर लोग विस्थापित हो रहे हैं पर उनको मुआवजे का लाभ 2016 के आधार पर दिया जा रहा ना की इस वर्ष के आधार पर। इससे मुआवजा भी आज की दर से काफी कम मिल रहा और ऐसे परिवार जिसमें कोई 2016 के बाद 18 वर्ष का हुआ या जिनके माता पिता 2016 के बाद गुजर गये उनको कुछ भी मुआवजा नहीं मिल रहा। विधायक ने सदन के माध्यम से माँग किया कि जिस साल लोगों को जमीन से धरातल पर विस्थापित किया जा रहा उस साल को कट ऑफ माना जाय ना कि कोई एक पुराने साल को फिक्स करके।

**विधानसभा में अंबा प्रसाद की मांग**



*पुराने कट ऑफ से पंकरी बरवाडीह के विस्थापितों के साथ अन्याय हो रहा है, विस्थापन एवं मुआवजा का उचित लाभ नहीं मिल रहा : अंबा*

# सम्मानित हुए सेवानिवृत सैनिक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** डीपु गढ़ा निवासी महेंद्र मेहता सीमा सुरक्षा बल में 26 साल की सेवा देकर गुरुवार को सेवा निबृत हो गए। शुक्रवार को पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड, हजारीबाग जिला इकाई के द्वारा महेंद्र मेहता को फूल माला और बुके से स्वागत करते हुए डीएवी स्कूल के गेट से उनके घर तक पद यात्रा करके भारत माता की जय, बंदे मातरम का नारा लगाते हुए उनको घर तक पहुंचाया। इस अवसर पर सेवानिवृत सैनिक महेंद्र मेहता ने भावुक होते हुए कहा कि मैं इन पलों की याद हमेशा संजो कर रखूंगा। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा ने कहा कि सेवानिवृत सैनिक का सम्मान करना संगठन के उद्देश्यों में शामिल है। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा,जिलाध्यक्ष महेंद्र गोप, कोषाध्यक्ष उपकार सिंह, उपकोषाध्यक्ष बासुदेव साहु, मीडिया प्रभारी अजय प्रसाद, वरिष्ठ सलाहकार भोलानाथ प्रसाद, सदस्य नीरज ओझा,किशोर कुमार सिंह किशोर यादव,पूर्व मुखिया देवनारायण प्रसाद मेहता,जगदीश मेहता, जगदेव मेहता तथा कई समाजसेवी सहित कई पूर्व सैनिक शामिल थे।

# राधा-गोविंद पब्लिक स्कूल में छात्र के चयनित सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** राधा-गोविंद सीनियर सेकेन्ड्री पब्लिक स्कूल के सभागार में शुक्रवार को छात्र परिषद के चयनित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का प्रारंभ वंदना से किया गया। तत्त्रपश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के अध्यक्ष बी. एन. साह एवं विद्यालय सचिव प्रियंका कुमारी ने संस्थापक स्व. गोविंद साहजी एवं स्व. राधा देवी के तस्वीर पर माल्यार्पण, पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया ।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय के बच्चों को कार्यभार सौंपना है ताकि बच्चे भी अपने दायित्वों को समझे और अनुशासन का पालन करते हुए अन्य बच्चों को भी अनुशासित रहने की प्रेरणा दें। विद्यार्थी अपने कर्तव्यों के प्रति ईमानदार रहेंगे। इसके लिए उन्होंने शपथ ग्रहण किया। जिन विद्यार्थियों का कार्यभार दिया गया इसके अलावे अन्य विद्यार्थियों को भी कार्यभार दिया गया । शपथ ग्रहण विद्यालय के प्राचार्य द्वारा करवाया गया।मुख्य अतिथियों के द्वारा चयनित विद्यार्थियों को बैज और स्लैश प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में राधा गोविन्द शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के अध्यक्ष बी. एस. साह ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामना एवं बधाई देते हुए अनुशासन को प्राथमिकता देते हुए माता-पिता एवं गुरुजनों को नमन एवं सम्मान करने के विषय में समझाया। इस कार्यक्रम में बच्चों के साथ अभिभावकगण भी उपस्थित थे।





**उनके नाम इस प्रकार है**

चेतन आनंद
अनन्या कुमारी
बिरसा सदन रवि कुमार कप्तान
पियुष करमाली उप कप्तान
आजाद सदन- सलेहा सदफ कप्तान
शिवम करमाली उपकप्तान
सुभाष सदन - राहुल कुमार साह कप्तान
राजश्री ओझा उप कप्तान
भगत सदन - प्रेरणा कुमारी कप्तान
मनीष हेम्ब्रम -उप कप्तान

# स्नातक सेमेस्टर एक में नामांकन के लिए खुला चांसलर पोर्टल

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** चार वर्षीय स्नातक सेट 2024-28 पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए विनोबा भावे विश्वविद्यालय ने एक बार फिर से चांसलर पोर्टल खोल दिया गया है. रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय बरही इस संबंध में सूचना जारी कर दिया है। जारी सूचना के अनुसार इंटर सफल विद्यार्थी जो स्नातक करने के इच्छुक है और क्यूट का परीक्षा नही दिए है। जिन्होंने अब तक स्नातक सेमेस्टर एक के लिए चांसलर पोर्टल में पंजीकरण नही किया था। वैसे विद्यार्थियों के लिए एक बार फिर से पोर्टल खोला गया है। जिसमे 1 से 8 अगस्त तक पंजीकरण, 13 को मेरिट लिस्ट का प्रकाशन, 14 से 23 अगस्त तक ऑफलाइन सर्टिफिकेट का सत्यापन और 14 से 25 अगस्त तक ऑनलाइन नामांकन लिए जायेंगे। इस संबंध में विनोबा भावे विश्वविद्यालय ने अपने सभी महाविद्यालयों को पत्र जारी कर आवश्यक निर्देश जारी कर दिया है।




*8 अगस्त तक भरे जायेंगे पंजीकरण फार्म, 13 को मेरिट लिस्ट का होगा प्रकाशन*

## न्यूज बॉक्स

### हरिला व जरहिया मौजा के करीब दो सौ एकड़ वन भूमि क्षेत्र अतिक्रमित, डीएफओ को आवेदन



**बरही।** हरिला वन क्षेत्र समिति के अध्यक्ष बद्री यादव ने वन भूमि अतिक्रमण को लेकर लगातार आवाज उठा रहे है। इस संबंध में उन्होंने कई बार स्थानीय वन पदाधिकारी को लिखित शिकायत किया है। पर अब तक कोई ठोस पहल नही हुई है और लगातार अतिक्रमण जारी है। आरोप है कि कुछ भूमाफियाओं ने हरीला वन भूमि क्षेत्र को अतिक्रमित कर निजी खेत बना कर कृषि कर रहे है। वन भूमि क्षेत्र के कुछ हिस्सों पर सरकारी आवास बनाने का भी आरोप है। कई बार सूचना के बाद भी अधिकारी अब तक कोई भी कारवाई नही किया है। जिससे भू माफियाओं के मनोबल बढ़ा है और दिन प्रतिदिन जंगलों की अवैध कटाई कर अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। इस संबंध में श्री यादव ने दर्जनों ग्रामीणों का हस्ताक्षरयुक्त आवेदन डीएफओ हजारीबाग को देकर वन भूमि सुरक्षित करने की मांग किया है।

### लोकसभा में सांसद मनीष जायसवाल ने रामगढ़ में आईएसएम खोलने की मांग की

**हजारीबाग।** पहली बार सांसद चुनकर आए मनीष जायसवाल ने क्षेत्र की जन भावना का बखूबी ख्याल रखते हुए लोकसभा के पहले सत्र में ही जनहित से जुड़े कई ज्वलंत मुद्दे को मुखरता से उठाकर क्षेत्र की जनता का दिल जीत रहें हैं। शुक्रवार को लोकसभा के मानसून सत्र के दौरान उन्होंने सदन पटल पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मांग करते हुए कहा कि रामगढ़ में इंडियन स्कूल ऑफ माइंस (आईएसएम) खोलें जाय ताकि इस क्षेत्र का भविष्य संवर सकें। इस संबंध में सांसद मनीष जायसवाल ने सदन पटेल पर कहा कि मैं कोयलांचल क्षेत्र से आता हूं और हमारे यहां मां छिन्नमस्तिका का प्रभाव है। हमारे यहां बहुत सारे कोल माइंस संचालित हैं ऐसे में रामगढ़ क्षेत्र में अगर एक आईएसएम संचालित हो जाता तो निश्चित रूप से इस क्षेत्र की देशभर में एक अलग पहचान होती।



### सरस्वती विद्या मंदिर में गुरु पूजन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,कुम्हरटोली में गुरु पूजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ । कार्यक्रम में विद्यालय कक्षा नवम से द्वादश कक्षा में पढ़ने वाली बहनों ने गुरु पूजन पूरे श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया' कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि,ममता कश्यप, विभाग कार्यवाहिका , राष्ट्रीय राष्ट्रीय सेविका समिति ,झारखंड ने कहा परम पवित्र गुरु भगवा ध्वज के प्रति वंदन एवं समर्पण से आप सभी बहनों में राष्ट्रभक्ति का भाव समाहित होगा । मौके पर उन्होंने कहा विद्यालय में ज्ञान शील चरित्र एवं एकता शिक्षा दी जाती है' राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में कार्य करने हेतु संकल्प लेने का आज का दिन है। गुरु पूजन कार्यक्रम में सुमन वर्णवाल, कार्यवाहिका व विद्यालय के पूनम सिंह, मनिका ,ज्योति, प्रेमलता एवम दीदी उपस्थित थीं।



### भाजपा नेता टोनी जैन ने स्वास्थ्य केंद्र में उपकरण के लिए चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन दिया

**हजारीबाग।** भाजपा नेता टोनी जैन ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा उपाधीक्षक अजय कुमार सिंह एवं चिकित्सा सिविल सर्जन एसपी सिंह से मुलाकात कर कटकमसांडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए चिकित्सा उपकरण की मांग रखी। पिछले दिनों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जानकारी हासिल करते समय वहा एक्सरे मशीन तथा अल्ट्रासाउंड मशीन की कमी दिखाई दी ।वहा के चिकित्सकों ने बताया की मशीन लग जाने के बाद मरीजों को काफी राहत मिलेगी ।एक्स-रे मशीन नहीं होने की करण हम लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ती थी ।चिकित्सा उपाधीक्षक तथा सिविल सर्जन ने बताया की बहुत जल्द ही हम लोग विभाग के माध्यम से मशीन निर्गत करवा देंगे । स्पेशलिस्ट डॉक्टर की टीम की बहाली भी वहा जल्दी हो जाएगी टोनी जैन ने दोनों अधिकारियों को धन्यवाद दिया। टोनी जैन ने कहा कि जल्द से जल्द आप लोग यह कार्य कर दे जिससे आम जनता को राहत मिलेगी। जनसंपर्क अभियान के दौरान हुडहुडु मोहल्ले मे वार्ड पार्षद सुबोध पासवान के आवास में एक बैठक किया।

### संसद की प्राक्कलन समिति के सदस्य बने सांसद मनीष जायसवाल

**रांची । हजारीबाग।** भारतीय संसद की प्राक्कलन समिति (2024-25) के लिए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। इस समिति में कुल 30 सदस्य होते हैं जिसमें सभी को लोकसभा से नामित किया जाता है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की मुझे लोकसभा क्षेत्र की इस महत्वपूर्ण समिति के लिए नामित किया गया इसके लिए अत्यंत गर्व की अनुभूति हो रही है।उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का आभार जताया। इधर सांसद मनीष जायसवाल को संसद की प्राक्कलन समिति के सदस्य के रूप में नामित किए जाने पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता, एनडीए कार्यकर्ता और उनके शुभचिंतकों में खुशी की लहर हैं।



### विहिप के लोग पौधे का करेंगे वितरण

**कोडरमा।** विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री पंकज दुबे ने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों, नगर पंचायत में विहिप के प्रखंड अध्यक्ष, मंत्री, बजरंग दल संयोजक संपर्क कर पौधे पंचायत स्तर पर वितरण करेंगे। उन्होंने अपील की कि देश के हरेक व्यक्ति को वृक्षों को बचाओ, पौधों को लगाओ की पहल करनी चाहिए। इससे हमारे देश में प्राकृतिक परिवर्तन देखने को जरूर मिलेगा। क्योंकि वृक्ष ही है, जो बारिश को धरती पर लाने में मदद करते हैं। इतना ही नहीं, ये वृक्ष प्रत्येक व्यक्ति को प्राण वायु देने में भी सहायक होंगे।

### ऑटो पलटने से दो महिला घायल

**कोडरमा।** जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत जोगीडीह से बरही जाने के दौरान बूढ़ीडीह में ऑटो पलटने से दो महिला घायल हो गई। घायलों की पहचान जोगीडीह निवासी सुगंती देवी और सेवंती देवी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार ऑटो पर सात महिला सवार होकर बुढ़ीडीह जा रही थी।

# एक नजर

## पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने को टास्क फोर्स की हुई बैठक

**जलडेगा।** शुक्रवार को पल्स पोलियो की प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी जलडेगा डा. प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में हुआ। बीडीओ ने बताया कि 25 अगस्त से 27 अगस्त तक पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान चलाया जाना है। जिसके तहत 0 से 5 वर्ष के 12128 बच्चों का प्रतिरक्षण किया जाना है, इसके लिए कुल 49 बुथ और 6 डिपो बनाया गया है। इस प्रतिरक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बीडीओ ने बीपीएम स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के सहयोग से इस इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार प्रसार करने निर्देश दिया ताकि शत प्रतिशत बच्चों का प्रतिरक्षण किया जा सके।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत बॉयलर चूजा वितरित

**कुरडेग।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत शुक्रवार को प्रखंड पशुपालन विभाग के परिसर में 6 लाभुकों के बीच बॉयलर मुर्गी चूजों का वितरण किया गया।तीन लाभुकों को 90% अनुदान एवं तीन लाभुकों को 75% अनुदान पर चूजे दिये गये।प्रत्येक लाभुक को पांच पांच सौ चूजे एवं दस दस बोरी दाना साथ में दवाइंया,फीडर,ड्रिंकर किट आदि दिया गया।

## केरसई पुलिस ने हथियार के साथ 5 अपराधियों को किया गिरफ्तार

**केरसई।** थाना क्षेत्र के टेंसेर मनोहरपुर के पास हथियार के साथ शुक्रवार को केरसई पुलिस ने 5 अपराधियों को गिरफ्तार किया।बताया गया।31 जुलाई को अपराधियों में दिपक समीर लकड़ा कोनपाला, सुरेश मल्लिक तलसेरा,बादल बिल्हौर केरसई, जॉय मिंज कसैदोहर,अमित टोप्पो टोंगरीटोली केरसई शामिल है। इनके द्वारा कोनजोबा पंचायत के पाकरटोली खिजुरटोली में जीवन आइन्द उर्फ पाला के घर जाकर झगड़ा किया गया था एवं लौटने के क्रम में फायरिंग भी किया गया था।

## जलडेगा प्रखंड के मतदान केंद्रों की हुई सुपर चेकिंग

**जलडेगा।** क्रवार को एसएसआर 2 के अंतर्गत अपर समाहर्ता सिमडेगा सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 71 कोलेबिरा ज्ञानेंद्र के द्वारा जलडेगा प्रखंड अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 82, महामना मालवीय उच्च विद्यालय, मतदान केंद्र संख्या 83 राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोनमेरला और मतदान केंद्र संख्या 88 जीईल मध्य विद्यालय कोलमडेगा का सुपर चेकिंग किया।

### डीसी एवं एसपी ने विधानसभा चुनाव को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

# चुनाव के कार्यों का उचित रूप से निष्पादन करें : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में आगामी विधानसभा आम चुनाव- 2024 के निमित्त सेक्टर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण -सह- बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया।उपायुक्त ने मतदान से पूर्व सेक्टर दंडाधिकारियों को उनके दायित्वों, कार्य क्षेत्र व कार्यप्रणाली संबंधी विस्तार से अवगत कराते हुए कहा कि चुनाव के कार्यों का उचित रूप से निष्पादन करें। जिला प्रशासन निर्भीक व स्वच्छ मतदान कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम के दौरान वलनरेबिलिटी मैंपिंग से संबंधित सभी प्रपत्रों को सही तरीके भरने की जानकारी दी गई। साथ ही मतदान केंद्रों पर मतदान केंद्र का नाम, दीवाल लेखन, भवन की स्थिति, बिजली, पानी , शौचालय, रैम्प, उपस्कर, मार्गीय सुविधा, दूर संचार आदि की



संपूर्ण मैपिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

साथ हीं आदर्श आचार संहिता उलंघन कहीं ना हो इसका भी ध्यान रखें। सभी सेक्टर दंडाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्वाचन कार्य की महत्ता को ध्यान में रखते हुए अपने कार्यों के सफल निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने ने सभी सेक्टर एवं पुलिस पदाधिकारी को अपने सेक्टर के सभी बीएलओ से समन्वय स्थापित कर कार्य संपादित करने की बात कहीं। बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने कहा कि पुलिस अधिकारी, सेक्टर अधिकारियों से आपसी समन्वय कर कार्य करें। वलनरेबिलिटी मैपिंग के दौरान पूरी जानकारी सही सही दर्ज करें। वल्नरेबिलिटी मैपिंग के दौरान अपने-अपने क्षेत्र का लगातार दौरा अवश्य करें।

अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान कराना सुनिश्चित करें। नए मतदाताओं के नाम सूची में जोड़ने के लिए कार्यवाही के साथ मतदान करने संबंधी जानकारी भी मुहैया कराएंगे। जिले में क्रिटिकल एंड नॉन क्रिटिकल बूथ है। साथ ही वलनेरेबल और क्रिटीकल के संबंध में विस्तार से जानकारी बाद में दे दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारियों को संयुक्त रूप बूथों का भौतिक सत्यापन करेंगे।

## छह दशक बाद राउरकेला-रांची रेलखंड के स्टेशनों को मिलेगा नया स्टेशन भवन



**नवीन मेल संवाददाता।**

बानो बानो-हटिया बंडामुंडा रेल खण्ड का बानो स्टेशन अमृत भारत रेलवे स्टेशन के रूप में जाना जाता है।इस निमार्णाधीन मॉडल स्टेशन का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 फरवरी 2024 को ऑनलाइन उद्घाटन कर चुके हैं। आजादी के बाद बिकास की गति बढ़ी और 1964 में रांची राउरकेला ट्रेनों का परिचालन आरम्भ हुई।आज छ :दशक बाद इस रेलखंड के सभी स्टेशनों को नया स्टेशन भवन मिल रहा है। द पु रेलवे के रांची डिवीजन के हटिया बंडामुंडा रेलखंड के बानो रेलवे स्टेशन का अपना अलग महत्व है।बानो आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के साथ साथ अन्य भाषा बोलने वाले भी अब रहने लगे हैं।सिमडेगा जिला सहित गुमला ,खूंटी,सिहंभूम जिला के लोग बानो स्टेशन से अपने गंतव्य स्थान जाते हैं। बानो से रांची तक अब डबल लाइन बन चुकी हैं।

इधर राउरकेला की जाने में टाटी ,परबा टोनिया आदि स्टेशनों में मिट्टी कटाई चालू हैं।बानो को अमृत भारत मॉडल रेलवे स्टेशन का निर्माण का कार्य प्रगति पर है।मिली जानकारी के अनुसार रेलवे भवनों का निर्माण 1963 में हुआ व ट्रेनों का परिचालन1964 से आरंभ हुई थी।आज कई आधुनिक तकनीकी सुविधा युक्त बानो स्टेशन को बनाया जाने वाला है। वेटिंग रूम, लिफ्ट ,सभी प्लेटफार्म पर जाने के लिए ओभर ब्रीज ,यात्रियों की सुविधा के लिये स्क्लेक्टर सीढ़ी, पार्किंग स्थल बनाई जाएगी । इस समय बानो से होकर लगभग दो दर्जन ट्रेनें चलती हैं। जिससे सीधे देश भर के बड़े शहरों दिल्ली आगरा, जम्मू, पूरी, विशाखापटनम ,वेलोर, चेनई ,बम्बई आदि जगहों पर जा सकते हैं। इस मार्ग से राउरकेला स्टील प्लांट, बोकारो, धनबाद, हटिया,सहित देश के विभिन्न भागों के गुड्स ट्रेनों का परिचालन होती हैं। बानो में रेलवे विभाग के रेल पथ निरीक्षक अभियंता बानो, निरीक्षक अभियंता बानो ,टी आर डी ,आरपीएफ थाना आदि विभाग के ऑफिस बानो में स्थित हैं।

# न्यूज बॉक्स

## झारखंड कर्मचारी चेतना जागरण ने किया केरसई प्रखंड कमेटी का गठन



**केरसई।** झारखंड कर्मचारी चेतना जागरण की ओर से शुक्रवार को केरसई प्रखंड स्थित राजकीय उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय केरसई में बैठक का आयोजन किया गया ।बैठक की अध्यक्षता जिला कोषाध्यक्ष सुधाकर शाही के द्वारा की गई। इस मौके पर संगठन के संचालन एवं संगठन की मजबूती हेतु प्रखंड समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्व समिति से अध्यक्ष बसंत नारायण सिंह, उपाध्यक्ष अनुराग टेटे, अनुरोध पाठक, सचिव प्रेमदान होरो, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार तथा संयुक्त सचिव महेंद्र तिर्की को बनाया गया है। मौके पर जिला कोषाध्यक्ष ने बताया कि संगठन को और भी विस्तार करते हुए जिले के सभी प्रखंडों में भी कमेटी का गठन किया जाएगा एवं अपने हक अधिकार के लिए सरकार के पास जो भी मांगे हैं उसे मांग की जाएगी।

## जहरीले सांप के काटने से वृद्ध व्यक्ति की इलाज के क्रम में मौत



**सिमडेगा।** पाकरटांड थाना क्षेत्र के सोगड़ा सैंडिह गांव निवासी समीर तिर्की नामक व्यक्ति को जहरीले सांप ने काटा जिसे इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया जहां पर शुक्रवार को इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। घटना के संबंध में परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि समीर तिर्की गुरुवार को खाना खाकर अपने घर में सोया हुआ था इस दौरान उसे जहरीले कैरट सांप ने काटा और उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजनों ने झाड़ फूंक कराया जब सुनवाई नहीं हुई ,तब जाकर उसे इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया जहां पर इलाज के क्रम में चिकित्सक के द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया ।मामले की जानकारी मिलने पर सिमडेगा सदर थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाते हुए शव परिजनों को सौंप दिया।

## बोलबा प्रखंड में कांग्रेस पार्टी की बैठक में विधानसभा चुनाव पर हुई चर्चा

**बोलबा।** जिला कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार शुक्रवार को कांग्रेस प्रखंड कमिटी की बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रेम दास के द्वारा किया गया।मौके पर प्रखंड प्रभारी सह जिला सचिव बिपिन पंकज मिंज के उपस्थित हुए। जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव पर मजबूती से लड़ने , राहुल गांधी के झारखंड दौरे एवं गठबंधन सरकार के द्वारा चलाए जा रहे मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के बारे में भी चर्चा की गई।मौके पर उन्होंने कहा जिस तरह लोकसभा चुनाव में सहयोग किये इसी तरह से इस विधानसभा चुनाव में भी हमें डटकर चुनाव लड़ना है और कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार को भारी से भारी बहुमत से दिलाना है ।उन्होंने कहा कि निर्दलीय प्रत्याशी लोगो के झांसे में नही आना है। साथ उन्होंने कहा हमारे राहुल गांधी का दौरा झारखंड प्रदेश में होने जा रहा है । हम सभी उनके स्वागत के लिए उनके वचनों को सुनने के लिए जरूर जाएंगे ।उनका जो मार्गदर्शन होगा उस पर हम अमल करेंगे और अभी जो झारखंड सरकार के द्वारा मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना चला रही है जिससे निश्चित ही हमारे माता, बहनों, बेटियों को आर्थिक सहायता मिलेगी ।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष प्रेम दास, प्रखंड उपाध्यक्ष ज्वलंत बेक, विधायक प्रतिनिधि सह बीस सुत्री अध्यक्ष संजय कुजूर, अमृत मिंज ,एंथोनी केरकेट्टा ,अमित टोप्पो,संजीत तिर्की, ज्वलित तिर्की ,सोभा तिर्की,एनेम केरकेट्टा, सुनील टोप्पो, रोशन बरला, आलोक मिंज ,ममता केरकेट्टा ,शाहबाज अली, आदि उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य सहिया एवं जलसहिया को न्यूनतम मजदूरी दर के लिए कोलेबिरा विधायक ने सदन में रखी मांग

**सिमडेगा।** कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी के द्वारा विधानसभा सत्र में स्वस्थ सहिया एवं जलसहिया की मानदेय को लेकर मांग रखी। उन्होंने कहा झारखंड में स्वास्थ्य सहिया एवं जलसहिया दोनों पेयजल आपूर्ति केक्षेत्र तथा स्वास्थ्य संबंधित क्षेत्र निवासियों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण सेवा दे रही है।परंतु उनको मात्र एक हजार रुपये ही मासिक मेहनताना मिल रहा है।जो कि न्यूनतम मजदूरी दर से भी कम है।

## जंगली हाथियों ने घरों को किया ध्वस्त



**नवीन मेल संवाददाता। बानो**

बानो -जंगली हाथी का उत्पात प्रखण्ड में जारी है। झुंड से बिछड़ा हाथी के कहर से लोग भयभीत हैं। बीती रात प्रखण्ड के बड़काडुईल पंचायत में पाँच घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम लगभग छ :बजे हाथी बड़ारप्पा पहान टोली पहुँचा और भोजन की तलाश में सुमंती जड़िया ,उगनी जड़िया विष्णु जड़िया के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। घर के क्षतिग्रस्त होने से घर में रखे समान भी बर्बाद हो गए । उसके बाद हाथी पड़ोस के नवागांव सरना टोली पहुँचा। रात के 8 बज रहे थे ।ग्रामीण खा पीकर सोने की तैयारी कर रहे थे।हाथी के आने से गाँव में कोहराम मच गया। सरना टोली में हाथी ने जसमती कंडुलना व बेनेदिक्त कंडुलना के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। बरसात के कारण हाथी पीड़ित परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जाते जाते हाथी ने खेतों में लगे धान व धान के बिचड़े को भी रौंद डाला सुबह जानकारी मिलने पर पंचायत के मुखिया अनिल लुगुन उप मुखिया सूरज बड़ाईक पीड़ित परिवारो से मुलाकात कर हाल चाल जाना ।

## हरी झंडी दिखाकर पांच जागरूकता रथ को किया रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना का व्यापक प्रचार प्रसार को लेकर समाहरणालय परिसर से उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरज मुन्नी कुमारी, समाजिक सुरक्षा पदाधिकारी सुक्रमणि लिंडा, जिला जन-संपर्क पदाधिकारी पलटू महतो ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर सभी जागरूकता रथों को रवाना किया । मौके पर उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुरूआत किया है, यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। योजना के तहत जिले के सभी योग्य 21 वर्ष से 50 वर्ष की महिलाओं को लाभ से जोड़ना है। इसके लिए आगामी 03 से 10 अगस्त तक सभी पंचायत सचिवालयों एवं शहरी क्षेत्र के वार्डों के 5 कैम्प में शिविर लगेगा। इस योजना के तहत लक्ष्य अनुरूप महिलाएं जुड़ें, इसके लिए जागरूकता व पात्रता की जानकारी के लिए एलईडी जागरूकता वैन को रवाना किया गया है। यह रथ जिले के सभी प्रखंडों, पंचायतों व शहरी क्षेत्र अंतर्गत वार्ड का भ्रमण कर योजना के प्रति आम जनों को जागरूक करेगी।

# अनुबंध कर्मियों की मृत्यु के बाद परिजनों का पालनकर्ता बने सरकार : भूषण बाड़ा

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

विधायक भूषण बाड़ा ने मानसून सत्र में अनुबंध कर्मचारियों की मृत्यु के बाद उनके परिजनों का पालनकर्ता बनने की मांग की है। विधायक ने सत्र के माध्यम से अनुबंध कर्मचारियों की मृत्यु के बाद उनके परिजनों को परिवार को भरण पोषण के लिए कुछ सहायता राशि देने अथवा एक सदस्य को अनुबंध पर नौकरी देने अथवा उनके बच्चों का पढ़ाई लिखाई एवं लालन पालन का जिम्मा सरकार द्वारा निर्वहन करने की मांग की है। विधायक ने सत्र के माध?यम से कहा कि राज्य भर में कार्यरत स्वास्थ्य सहिया, जल सहिया, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, विद्यालय रसोइया, संयोजिका,



पंचायत स्वयं सेवक, सभी मनरेगा कर्मी, बीएफटी, सभी एनएचएम स्वास्थ्य कर्मी, एमपीडब्ल्यू, सभी अनुबंध कम्प्यूटर ऑपरेटर, सभी विभाग के बीपीओ, सर्वशिक्षा अभियान के कर्मी, सहायक पुलिस, होम गार्ड के जवान, जेएसएलपीएस के कर्मी, फ्रंट लाइन कम्पनी के तहत काम करने वाले कर्मी सहित अन्य कई विभाग में अनुबंध के आधार पर कर्मी कार्यरत है। जिनके कार्य के कारण ही सरकार का हर काम आसानी से निपट जाता है। साथ ही जन जन तक सरकार की योजनाएं पहुंच पाती है। उन्होंने कहा है कि जब तक ये कर्मी नौकरी में रहते हैं, तब तक किसी तरह जैसे तैसे कर के इन कर्मियों का परिवार चल जाता है। लेकिन इन कर्मियों की मौत के बाद इनके परिवार के समक्ष भारी परेशानी उत्पन्न हो जाती है।

इन कर्मियों का परिवार सड़क में आ जाता है। इनका कोई पूछने वाला नहीं होता है। ऐसे में सरकार की भी जिम्मेवारी है कि इन कर्मचारियों के हित में कदम उठाए।

## विधायक ने उठाई वेतन देने की मांग

**सिमडेगा।** कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंनगाड़ी ने विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान मनरेगा योजना अंतर्गत कार्यरत कर्मियों के ग्रेड पे के तहत वेतन देने की सरकार से मांग की है। विधायक ने सरकार से कहा कि मनरेगा में मजदूरों को रोजगार देने की गारंटी देती है। सरकार अगर किसी कारणवश मजदूरी नही दे पाती है तो बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान है।परंतु झारखंड राज्य में पूर्व में भाजपा ने सबसे अधिक समय तक शासन किया है। जिसने मनरेगा योजना की नियमावली को ताक में रखकर कानुन को धरातल पर उतारने वाले जमीनी स्तर के कर्मियों को ही कार्य के अनुरूप रोजगार नही दे पाई है एवं देने के रास्तों पर कई व्यवधान खड़े दूर किया है। विधायक ने कहा मनरेगा योजना शुद्ध रूप से ग्रामीणों को रोजगार से जोड़कर उनके जीवन को सुधारने की नीति है।

## सरकार को जनता की परेशानियों से नहीं है कोई मतलब : एनोस एक्का



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

झापा के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का शुक्रवार को बारिश के बीच राजाबासा पंचायत स्थित कसीरा गांव पहुंचे। पूर्व मंत्री ने गांव में व्याप्त बिजली समस्या का समाधान कराया। मौके पर ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री के समक्ष कई समस्या रखी। ग्रामीणों ने बिजली, पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य से संबंधित समस्या रखते हुए सहयोग की अपील की। ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि झापा काम पर भरोसा करती है। उन्होंने कहा कि झापा ने काम करके दिखाया है और आगे भी लोगों के सहयोग से जनहित और मानव कल्याण का कार्य करता रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जनता के परेशानियों से कोई मतलब नहीं है।

### बीडीओ ने कर्मियों के साथ एकदिवसीय कार्यशाला का किया आयोजन

# योजना का लाभ उठाने के लिए लाभुक को झारखंड का निवासी होनी चाहिए : अविनाश रंजन

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को मुख्यमंत्री मंईया योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी सेविका, पंचायत सचिवों तथा प्रज्ञा केंद्र संचालक के साथ एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में बताया गया की पंचायत स्तर पर आगामी 03 अगस्त से 10 अगस्त 24 तक मुख्यमंत्री मंईया शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सरकार के वांछित प्रमाण पत्रों के साथ आवेदन जमा लिया जायेगा। मौके पर ही आवेदक का फोटो लिया जायेगा। बीडीओ महेंद्र रविदास ने सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी सेविकाओं अपने अपने निर्धारित पोषक क्षेत्रों में सर्वे पंजी किया जाना है। ताकि कोई योग्य लाभुक सरकार के इस महत्वाकांक्षी योजना से वंचित ना रह सके। सीओ सह सीडीपीओ



अविनाश रंजन नें बताया कि योजना का लाभ उठाने के लिए लाभुक को झारखंड की निवासी होनी चाहिए। साथ ही उसकी आयु 21 से अधिक व 50 वर्ष से कम हो।आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल (एकल) बैंक खाता होना अनिवार्य है। इसके अलावे मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड व आवेदिका का परिवार झारखंड राज्य के अंत्योदय अन्न योजना (पीला, गुलाबी, सफेद व हरा राशन) कार्डधारी हो,इसमें आवेदिका का नाम दर्ज होना चाहिए। मौके पर बीपीआरओ संजय कुमार, आरती कुमारी, गुलशन आरा, कार्तिक विश्वकर्मा, अशोक पंडित, राजेश कुमार, पंकज कुमार, संजू देवी, सुधा शर्मा, किरण देवी, ज्योति देवी, सुनीता देवी, किरण देवी, उषा देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

# सड़क निर्माण करवाने के लिए पीएम को लिखा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गावां प्रखंड अंतर्गत सेरुआ पंचायत के चेरवा के ग्रामीणों ने मुख्यपथ से माँ जमामो मन्दिर जाने वाली सड़क काफी जर्जर है। जिसे लेकर पीएम के नाम आवेदन लिखा। हरिहर प्रजापति ने बताया कि मन्दिर जाने वाला मुख्य मार्ग से डेढ़ किलोमीटर तक कच्ची सड़क है व बीच मे चौड़ी नदी का नाला पड़ता है। जिससे वहाँ के ग्रामीणों को बरसात के मौसम में आवागमन करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में मरीजो को बाहर इलाज के लिए ले जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। एम्बुलेंस भी नही पहुँच पाता है। साथ ही उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विधायक, सांसद व मुख्यमंत्री जन संवाद में शिकायत की गई। लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नही किया गया है। मानसून का मौसम है। दो- तीन बार बारिश हो चुकी है, जिसके चलते सड़क में बने गड्ढों में पानी भरा हुआ है। परेशान ग्रामीणों ने धनवार विधायक व कोडरमा सांसद को भी पत्र लिखा लेकिन कुछ नहीं हुआ। अब पीएम में पत्र दिया है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम लिखा गया है। शंकर प्रजापति, अशोक प्रजापति, नयन प्रजापति, दीपक कुमार, भोला पंडित ने बताया कि गांव को जाने वाली मुख्य सड़क की हालत बेहद खराब है।

प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में बताया कि इस सड़क पर सरकारी स्कूल हैं, मन्दिर है। बरसात होने के बाद सड़क में बने गड्ढों में पानी भर जाता है। ऐसी हालत में पैदल नहीं निकला जा सकता। स्कूली बच्चों का आना-जाना भी बंद हो जाता है। शिकायत पत्र में मांग की गई है कि जल्द से जल्द सड़क का निर्माण करवाया जाए। विजय ठाकुर, नरेश ठाकुर, प्रमिला देवी, गुरपति देवी, गौरी देवी, दशरथ प्रजापति, बेबी देवी, रेखा देवी, गुड़िया देवी, रुपा देवी, दीपक शर्मा, अवध शर्मा समेत दर्जनों ग्रामीणों का हस्ताक्षर है।


## कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा

अति अल्पकालिन ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 05/2024–25

दिनांक 01.08.2024

| क्र0 सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 15 वें वित्त आयोग | | | | |
| 1 | 14 | बजरंग मुहल्ला में अशोक सिंह के घर से रंजीत विश्वकर्मा घर होते हुए रेलवे पुलीया तक आर0सी0सी0 नाला निर्माण ढक्कन सहित एवं अशोक सिंह के घर से रंजीत विश्वकर्मा घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 5453740.00 | 109100.00 | 100000.00 | 6 Months |
| 2 | 14 | जयनगर रोड रेलवे पुल से कामदेव सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 3491208.00 | 70000.00 | 100000.00 | 6 Months |
| 3 | 14 | कोडरमा जयनगर मेन रोड से मनीष पाण्डेय के घर होते हुए रेलवे पुल भाया विकास सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 3893105.00 | 77900.00 | 100000.00 | 6 Months |
| 4 | 01 | हरि सभा स्कुल से लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना (घटक–03) के तहत् निर्मित भवन तक पी0सी0सी0 सडक एवं गार्डवाल निर्माण कार्य। | 3475190.00 | 69510.00 | 100000.00 | 6 Months |
| 5 | 07 | प्रेम सागर तालाब के सामने पेवर ब्लॉक बिछाने एवं सोलर लाईट अधिष्ठापन का कार्य। | 2503723.00 | 50100.00 | 100000.00 | 6 Months |
| 6 | 01 | नगर पंचायत कोडरमा कार्यालय के दक्षिण एवं पश्चिम में शेड निर्माण एवं बाउण्ड्रीवाल एवं पेवर ब्लॉक बिछाने का कार्य। | 4342534.00 | 86900.00 | 100000.00 | 6 Months |
| 7 | 14 | वार्ड 14 में बने मार्केट कॉम्पेलेक्स के पीछे से प्रदीप पाण्डेय के घर तक नाला के दोनो तरफ नाला सफाई एवं गार्डवाल निर्माण कार्य। | 3795493.00 | 76000.00 | 100000.00 | 6 Months |
| 8 | 01 | राजा तालाब में चार हाईमास्क लाईट अधिष्ठापन एवं तालाब के पूर्व दिशा में पेटिंग कार्य एवं ओपेन जीम का अधिष्ठापन कार्य। | 3214894.00 | 64300.00 | 100000.00 | 6 Months |
| 9 | 12,01 | कर्दम ऋषि पार्क से बाघीटांड चेकनाका NH-31 तक एवं ध्वजाधारी परिसर में खम्भा (पोल) सहित लाईट अधिष्ठापन कार्य। | 3999940.00 | 80000.00 | 100000.00 | 6 Months |

| | | |
|---|---|---|
| A | Date of Publication of Tender on website | 07-08-2024 (10:00 AM) |
| B | Last Date / Time for receipt bid on online | 16-08-2024 (05:00 PM) |
| C | Date of opening Tender | 17-08-2024 (11:00 AM) |
| D | Name & Address of office inviting tender | Executive Officer Nagar Panchayat Koderma |
| E | Helpline No. | +91-9229932626 |

Note :-
- Only E-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in
- E-procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड, रॉंची का आदेश ज्ञापांक – 120 दिनांक – 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रॉंची का पत्रांक 05/विविध (e-tender)–12/2023/न0वि0–4847 (अनु0) दिनांक – 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 331592 Urban Development(24-25).D

संपादकीय

# आपदा प्रबंधन हिमालय से लेकर झारखंड तक हो

समग्र हिमालय की तरह हिमाचल प्रदेश भी जलवायु परिवर्तन के दौर में लगातार आपदाओं की चपेट में आता जा रहा है। गत वर्ष की तबाही को अभी तक प्रदेश भूल नहीं पाया है। आपदा प्रभावितों के जख्मों पर अब तक पूरी तरह मरहम नहीं लगाया जा सका है। प्रदेश की कमजोर आर्थिकी और केंद्रीय सहायता के इंतजार में बहुत काम अटका पड़ा है। खासकर, जिनके मकानों के नीचे की जमीन धंस गई हैं, उन्हें वन संरक्षण अधिनियम के चलते वैकल्पिक जमीन देना भी असंभव बना हुआ है। गत वर्ष दो हजार घर पूरी तरह से तबाह हो गए थे और नौ हजार आंशिक रूप से तबाह हुए। 400 से अधिक लोग काल का ग्रास बन गए थे। बाढ़-भूस्खलन का यह सिलसिला भले जलवायु परिवर्तन के चलते भयावह हो गया हो, या अवैज्ञानिक निर्माण कार्यों के कारण, दोनों ही मामलों में ये आपदाएं मानव निर्मित ज्यादा हैं और प्राकृतिक कम। अक्सर हम इन्हें प्राकृतिक आपदाएं कह कर अपनी गलतियां छिपाने की कोशिश करते रहते हैं। बाढ़-भूस्खलन प्राकृतिक तौर पर भी आते रहते हैं, किंतु मानव निर्मित कारणों से ये भयानक बन जाती हैं। बढ़ते वैश्विक तापमान के चलते ग्लेशियर पिघलने के कारण हिमालय क्षेत्र में ग्लेशियर के भाग टूटकर और कुछ मलबा मिश्रण घाटियों में फंसकर कृत्रिम झीलों का निर्माण करता है। ये झीलें अचानक टूट जाती हैं और नीचे भयानक बाढ़ की विभीषिका देखने को मिलती है। पिछले साल हुई तबाही में कई जगह बादल फटने की घटनाएं भी कारण बनीं। बादल फटने की घटनाएं भी वैश्विक तापमान वृद्धि के कारण ही बढ़ी हैं।अब जलवायु परिवर्तन एक सच्चाई बन चुका है, इसलिए हमें हिमालय में निर्माण कार्य इसे ध्यान में रखकर ही करने चाहिए। एक तो जलवायु परिवर्तन के कारण अतिवृष्टि और ग्लेशियर पिघलने के कारण आने वाली बाढ़ों का खतरा बढ़ जाता है। दूसरे, हिमालय एक युवा पहाड़ है, जो अभी बन ही रहा है। इस कारण यह कमजोर और भुरभुरा है। भारी बारिश की मार न सह सकने के कारण यहां भूस्खलन होते हैं। ऐसे नाजुक भू-स्थल में जब निर्माण कार्यों के चलते अंधाधुंध तोड़फोड़ होती है, तब भी भूस्खलन से तबाही होती है। जब भूस्खलन का मलबा नदी-नालों में पंहुचता है, तो पानी और बाढ़ का बहाव तबाही मचा देता है। बांध, सुरंगें, चौड़ी सड़कें बनाने के दौरान निकले मलबे ढलानों पर फेंके जाने से तबाही बढ़ती है। इन निर्माण कार्यों के लिए भारी मात्रा में वृक्ष भी काटे जाते हैं, जो कमजोर भूस्थल को और कमजोर बना देते हैं। खनन कार्य भी इस तबाही में योगदान देते हैं। ये सभी कार्य एक तरफ प्रकृति विध्वंस का कारण बनते हैं, तो दूसरी तरफ इन कार्यों से जुड़े लोगों के लिए आय का साधन होते हैं। इसलिए स्थानीय समुदाय दो हिस्सों में बंट जाता है। आपदा की स्थिति में तत्काल राहत के लिए स्थानीय समुदायों, स्वयंसेवी संस्थाओं, महिला मंडलों, युवा मंडलों, पंचायतों को जागरूक करना और प्रशिक्षित करना होगा। उत्तराखंड या वायनाड में प्रकृति कुपित है तो झारखंड में क्यों नहीं होगी, हमें चेतना चाहिए।

> अक्सर हम इन्हें प्राकृतिक आपदाएं कह कर अपनी गलतियां छिपाने की कोशिश करते रहते हैं। बाढ़-भूस्खलन प्राकृतिक तौर पर भी आते रहते हैं, किंतु मानव निर्मित कारणों से ये भयानक बन जाते हैं।

# आरक्षण के भीतर आरक्षण की व्यवस्था का अहम फैसला




आज की बात



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जातियों-जनजातियों यानी एससी-एसटी समुदाय में आरक्षण के भीतर आरक्षण का रास्ता साफ करके आरक्षण की व्यवस्था को तार्किक, न्यायसंगत, समानतापूर्ण बनाने का सराहनीय कार्य किया है। न्यायालय के इस तरह के फैसले मिसाल ही नहीं, मशाल बन कर सामने आ रहे हैं, जिससे राष्ट्र की विसंगतियों एवं विडम्बनाओं से मुक्ति की दिशाएं उद्घाटित हो रही है। यह फैसला कई बिल्कुल अलग-अलग वजहों से अहम माना जा रहा है। क्योंकि बड़ा सच यह है कि ओबीसी समाज की तरह एससी-एसटी समुदाय में भी कई जातियों की आर्थिक-सामाजिक स्थिति न केवल कहीं कमजोर है, बल्कि उन्हें अपने ही वर्ग की अन्य जातियों से भेदभाव का भी सामना करना पड़ता है। यह एक ऐसी सच्चाई है, जिससे कोई इन्कार नहीं कर सकता। यह भी एक तथ्य है कि एससी-एसटी समुदाय में कई जातियां ऐसी हैं, जिन्हें आरक्षण का न के बराबर लाभ मिला है। ऐसा इसीलिए हुआ है, क्योंकि आरक्षण का अधिक लाभ इन वर्गों की अपेक्षाकृत समर्थ जातियां उठाती हैं। यही स्थिति ओबीसी में है। कई अति पिछड़ी जातियों तक आरक्षण का लाभ नहीं पहुंचा है। राजनीतिक एवं संवैधानिक विसंगतियों के कारण ऐसा होता रहा है।

सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय संविधान पीठ ने जहां छह-एक के बहुमत से एससी-एसटी आरक्षण में कोटे के भीतर कोटे को संविधानसम्मत बताया, वहीं चार न्यायाधीशों ने इन वर्गों के आरक्षण में उसी तरह क्रीमी लेयर की व्यवस्था लागू करने की भी आवश्यकता जताई, जैसी ओबीसी आरक्षण में है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने इस फैसले से 2004 के पांच सदस्यीय संविधान पीठ के फैसले को पलट दिया, जिसमें कहा गया था कि एससी-एसटी समुदाय एक जैसा है और उनकी विभिन्न जातियों में कोई भेद नहीं किया जा सकता। यह वस्तुस्थिति नहीं थी, इस विसंगति को सुधार कर सुप्रीम कोर्ट ने न्यायसंगत उपक्रम किया है। अब राज्यों एवं केन्द्र सरकार को बहुत सावधानी से कदम उठाने होंगे। इस ताजे फैसले के बाद अनेक राज्यों में जातिगत गणना की होड़ शुरू हो सकती है एवं राजनीति दलों में आरक्षण का मुद्दा नये आक्रामक रूप में उभर सकता है। लेकिन एक आदर्श समता, समानता एवं संतुलनमूलक समाज-व्यवस्था को निर्मित करने की दिशा में कोर्ट का यह फैसला अहम है।

संविधान पीठ के अनुसार, आरक्षण का मुख्य मकसद आर्थिक और सामाजिक समानता लाना है, पर इसके लिए शहर और गांव की सामाजिक हकीकत में अंतर के साथ आर्थिक पहलुओं को ध्यान में रखना जरूरी है। एससी समुदाय में भी दो बड़े वर्ग है, जिनमें गहरा फासला है। बड़े अफसरों और बड़े वकीलों के बच्चों की तुलना में मैला ढोने वाले बच्चों से करना कैसे न्यायसंगत हो सकता है? इसलिए पीछे रह गई जातियों को मुख्यधारा में लाने के लिए ओबीसी की तर्ज पर एससी में भी कोटे के भीतर कोटे को न्यायाधीशों ने सांविधानिक माना है। आज के समय में इस फैसले की जरूरत को समझा जा सकता है, लेकिन समस्या यह है कि देश में 140 करोड़ जनसंख्या की सामाजिक स्थिति और आर्थिक हैसियत के आंकड़े स्पष्ट तौर पर उपलब्ध नहीं है। ऐसी स्थिति में जनसंख्या के आधार पर आनुपातिक आरक्षण की मांग बढ़ने से सामाजिक और राजनीतिक विद्वेष बढ़ सकता है। क्या इस फैसले से राज्यों में मनमानी बढ़ सकती है? अब नौजवानों से जुड़े अनेक मुद्दों जैसे रोजगार, कोचिंग, अग्निवीर, नीट, इंटर्नशिप, नकल और शिक्षा पर बहस के बीच इस फैसले से क्रीमीलेयर का मुद्दा फिर गरमा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने एससी-एसटी आरक्षण में उपवर्गीकरण करने का अधिकार राज्य सरकारों को भी दे दिया है। इस अधिकार का दुरुपयोग होने की आशंका भी है, क्योंकि सत्तारूढ़ राजनीतिक दल वोट बैंक बनाने के लालच में एससी-एसटी जातियों का मनमाना उपवर्गीकरण कर सकते हैं। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि आरक्षण सामाजिक न्याय का जरिया है, न कि वोट बैंक की राजनीति का हथियार। वैसे भी अब तक देश में आरक्षण वोट बैंक को सुदृढ़ बनाने का हथियार बना रहा है और राजनीतिक दल इसका अनुचित लाभ उठाते हुए अपेक्षित समुदायों तक आरक्षण का लाभ नहीं पहुंचने दिया। सुप्रीम कोर्ट के नये फैसले के बाद स्थितियां उग्र एवं आक्रामक होने के साथ प्रभावी भी होगी। इसलिये अब आरक्षण का कई पहलुओं से मूल्यांकन जरूरी हो गया है। वैसे फैसले में साफ कर दिया गया है कि किसी भी तरह का उप-वर्गीकरण स्पष्ट और भरोसेमंद डेटा के ही आधार पर ही किया जा सकता है। देखा जाए तो इस शर्त के जरिए फैसले का संकीर्ण एवं स्वार्थपूर्ण राजनीतिक हितों के लिए इस्तेमाल करने की संभावित कोशिशों पर अंकुश लगाने का प्रयास किया गया है। एससी, एसटी, ओबीसी, दिव्यांग, महिला, ईडब्ल्यूएस जैसी सभी वर्गों के आरक्षण को जोड़ा जाए, तो 99 फीसदी आबादी आरक्षण के दायरे में आ जाती है। चारों राज्यों में होने वाले चुनावों के मद्देनजर देखें, तो इस फैसले के बाद आरक्षण की राजनीति के साथ अदालतों में मुकदमेबाजी भी बढ़ सकती है, जिसका समाधान सूझबूझ एवं लोकतांत्रिक तरीके से करना होगा। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

आपकी बात

# एक श्वास की कीमत तुम क्या जानो रमेश बाबू?



डॉ. विकास दवे
लेखक, मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी के निदेशक हैं

आप कहेंगे एक अत्यंत गंभीर शब्द श्वांस के साथ रमेश बाबू जैसा फिल्मी संवाद जोड़कर में क्यों आखिर एक गंभीर विषय को हास्य का विषय बनाना चाहता हूं? किंतु अपना भ्रम दूर कर लीजिए यह संवाद भी किसी हास्य का विषय नहीं बल्कि अत्यंत गंभीर चिंता और उससे अधिक चिंतन का विषय है। यह संस्मरण लिखने का एकमात्र कारण यह कि अनेक वर्षों के बाद भी हम सब अपनी मानवीयता से ओतप्रोत ज्ञान परंपरा का गौरव करने के बाद भी पश्चिमी जगत से कुछ बातें अब तक नहीं सीख पाए। हां !! मैं मानता हूं कि हमारी ज्ञान परंपरा में अत्यंत समृद्ध जीवन विज्ञान भरा पड़ा है किंतु यदि उसको हमने अपने जीवन में अंगीकार नहीं किया तो पुरखों की संपूर्ण तपस्या धूल धूसरित होने में समय नहीं लगता। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण विषय सीपीआर अर्थात कृत्रिम श्वांस देने का है। पश्चिमी जगत से तुलना इसलिए कर रहा हूं क्योंकि संपूर्ण पश्चिमी दुनिया में बच्चों को बाल्यकाल से ही शिशु कक्षाओं में आते ही सीपीआर देने का महत्व और उसकी प्रक्रिया समझा दी जाती है किंतु भारत में हमको विद्यालय स्तर पर ऐसा कोई उपक्रम संपादित होते दिखाई नहीं देता। यह सब बातें दरअसल इसलिए ध्यान में आई कि विगत दिनों परिवार के ही एक विवाह समारोह में एक अप्रत्याशित घटनाक्रम हुआ। उस विवाह समारोह में जबकि सब कुछ आनंदपूर्वक चल रहा था। अनायास इंद्र देवता प्रसन्न हुए। कार्यक्रम में थोड़ी सी असहजता पैदा हुई किंतु जल्दी ही संपूर्ण व्यवस्थाएं पुनः सुचारू रूप से संचालित होने लगी। एक नवयुवक जिसकी अवस्था मुश्किल से 18-20 वर्ष की रही होगी एक स्टॉल की तरफ रखे कूलर को ठीक करने के लिए गया। वह जैसे ही पानी के डूबे कूलर के पास पहुंचा बिजली का एक तार मैदान में छू गया। अचानक तेज विद्युत प्रवाहित हुई और एक झटके में युवक जमीन पर गिरकर तड़पने लगा। कुछ ही सेकंड में भयभीत जन समूह ने देखा कि वह युवा न केवल अचेत हो चुका है बल्कि उसकी जीभ भी बाहर की ओर लटक गई। आनन-फानन में विद्युत प्रवाह को बाधित किया गया किंतु अब एक शिक्षित समाज की परीक्षा प्रारंभ हुई। आमतौर पर भारतीय समाज में जैसा होता है उस युवा को घेर कर सारे लोग या तो भय के वशीभूत केवल मुक दर्शक बने थे या कुछ जागृत लोगों ने मोबाइल निकाल कर फोटो और वीडियो बनाना प्रारंभ कर दिए थे। अनायास एक तेजस्वी स्त्री स्वर वातावरण में तैर गया। यह स्वर क्रीड़ा क्षेत्र की जानी-मानी तैराक सुश्री कविता रावल का था। देखते ही देखते भीड़ छंट गई। तत्क्षण कविता ने उस युवा के सीने पर पंप देना शुरू किया और सीपीआर देने की प्रक्रिया शुरू कर दी। थोड़ी देर में युवा पुनर्जीवन प्राप्त कर चुका था। विवाह की खुशियों पर लगता ग्रहण अचानक छंट गया था। प्रसन्नता की लहर चारों ओर फैल गयी थी। बाद में उस युवा के परिजनों की कृतज्ञता की कल्पना हम कर सकते हैं। नागर समाज ने कविता रावल को 'नागर वीरांगना सम्मान' से सम्मानित भी किया। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

देश की बात

# भयावह होंगे ईरान-इजरायल युद्ध के नतीजे



विक्रम उपाध्याय
लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं

तेहरान में हमास नेता इस्माइल हानिया की हत्या के बाद भीषण युद्ध की तैयारी शुरू हो गई है। इजरायल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की रणनीति बनाने के लिए लेबनान, इराक और यमन की सरकार, सेना और खुफिया विभाग के लोग ईरान पहुंच गए हैं। रॉयटर्स ने खबर दी है कि ईरान के साथ को लेबनान भी इजरायल को नेस्तनाबूत करने पर आमादा है, क्योंकि तेहरान में इस्माइल हानिया की हत्या से एक दिन पहले लेबनान की राजधानी बेरूत में इजरायल ने ही हिजबुल्लाह के वरिष्ठ कमांडर की हत्या कर दी थी। अब ईरान के साथ हमास, इस्लामिक जिहाद के प्रतिनिधि, यमन में सक्रिय हौथी विद्रोही, लेबनान के हिजबुल्लाह और इराकी लड़ाके भी साथ आ चुके हैं और एक साथ तेहरान में बैठकर रणनीति बना रहे हैं। वे इजरायल के खिलाफ बड़ी जवाबी कार्रवाई करने का मंसूबा बना चुके हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने तो ऐलानिया, ईरान के एलीट रिवोल्यूशनरी गार्ड को सीधे आदेश दे दिया है कि वे इजरायल पर हमला करें। ईरान के सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोहम्मद बाकेरी ने स्टेट टीवी पर आकर कहा है कि ईरान और अन्य प्रतिरोध दल किस तरह से इजरायल को जवाब देंगे, इसकी तैयारी की जा रही है...। जवाब निश्चित रूप से होगा और ऐसा होगा कि इजरायल लंबे समय तक पछतावा करेगा। उल्लेखनीय है कि ईरान के नए राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने आए इस्माइल हानिया की हत्या 31 जुलाई को तड़के कर दी गई थी। हत्या का आरोप सीधे इजरायल पर लगाया गया है। इस्माइल हानिया की हत्या कैसे की गई, इसे लेकर अलग-अलग कयास लगाए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि तेहरान के गेस्टहाउस में पहले से ही गुप्त रूप से तस्करी करके लाए गए विस्फोटक उपकरण से हत्या की गई। अमेरिकी मीडिया ने दो ईरानी और एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से खबर दी है कि गेस्ट हाउस में लगभग दो महीने पहले से ही बम छिपा कर रखा गया था। जैसे-जैसे इस क्षेत्र में व्यापक युद्ध का खतरा मंडरा रहा है, वैसे-वैसे इस संघर्ष के विस्तार को लेकर लोग चिंतित भी नजर आ रहे हैं। युद्ध कितना भीषण और लंबा होगा यह काफी हद तक ईरान की प्रतिक्रिया पर निर्भर करेगा। अगर ईरान के किसी हमले में इजरायली मारे जाते हैं, तो यह खतरनाक रूप ले सकता है, क्योंकि इजरायली किसी को भी बख्शने के लिए तैयार नहीं हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

फेसबुक वॉल से

C.P. Singh
31m ·

**अभी कुछ देर पूर्व रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता श्री गोपाल कृष्ण वर्मा जी को सुखदेवनगर थाना से 100 मीटर की दूरी महुआटोली (मधुकम) में अपराधियों ने उनके घर के पास चाकू मारकर हत्या कर दी। रांची में अपराधी बेखौफ होकर घटना को अंजाम दे रहे हैं, इनका तांडव जारी है और सरकार सत्ता के नशे में चूर है। मुख्यमंत्री जी, नींद से जागिए और बेहतर कानून व्यवस्था के लिए ठोस कदम उठाइए। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे और परिजनों को यह पीड़ा सहने की शक्ति दें।**



38 · 6 comments
Like · Comment · Send · Share

Kailash Sahu
दु:खद

X से

_santa_banta_jokes_ 2d
😂😂😂



81 साल की उम्र में भी अमिताभ बच्चन विज्ञापन करके, पान मसाला का Ad करके 18 घण्टे काम करके घर चलाता है, और बीवी पार्लियामेंट में खड़े होकर कह रही है

मेरे नाम मे, पति का नाम क्यों जोड़ते हो.?😂

2K · 308 · 26

अलग बात

# खामियों को उजागर करता पूजा खेड़कर मामला



मनोज कु. अग्रवाल

विवादों से घिरीं ट्रेनी आइएएस पूजा खेड़कर के मामले में उच्चस्थ सरकारी सेवा की चयन प्रक्रिया की खामियों की कलई खुल गईं हैं। अब पूजा के खिलाफ संघ लोक सेवा आयोग ने साख बचाने के लिए कार्रवाई की है। आयोग ने पूजा खेड़कर से उनका आईएएस पद छीना है साथ ही उन पर भविष्य की सभी परीक्षाओं के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। उक्त जानकारी आयोग ने दी है। यूपीएससी ने इस बात के संकेत पहले ही दे दिए थे। यूपीएससी का कहना था कि अगर पूजा खेडकर पर लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। पूजा पर तो कार्रवाई शुरू कर दी गई है लेकिन इस तमाम गड़बड़ी के लिए संघ लोकसेवा आयोग को क्लीन चिट नहीं दी जा सकती है।यह सारा प्रकरण व्यवस्था में मौजूद खामियों को बेपर्दा करता है। महाराष्ट्र कैडर की आइएएस ट्रेनी पूजा खेडकर का विवाद लम्बे समय से चल रहा है। अब यूपीएससी ने पूजा खेडकर की अस्थायी उम्मीदवारी खत्म कर दी है।पूजा खेडकर के ऊपर एक दो नहीं बल्कि धोखे से इस पद को हासिल करने के कई आरोप लगे हैं। यूपीएससी ने पूजा को नोटिस जारी करके उनका चयन रदद करने को लेकर जवाब मांगा था।यूपीएससी ने कहा था कि पूजा के खिलाफ जांच में पाया गया कि उन्होंने अपना नाम, माता-पिता का नाम, सिग्नेचर, फोटो, ईमेल आइडी, मोबाइल नंबर और एड्रेस बदलकर यूपीएससी का एग्जाम दिया। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पूजा के खिलाफ जालसाजी, धोखाधड़ी, आईटी एक्ट और डिसेबिलिटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। पूजा खेडकर ने अपनी पर्सनल कार में लाल बत्ती और महाराष्ट्र सरकार लिखवा रखा था। पूजा खेडकर की इसी गलती की वजह से वह सुर्खियों में आईं और जब जांच हुईं तो उनके सारे झूठ सामने आ गए। सबसे पहले पुणे के डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर सुहास दिवासे ने पूजा के खिलाफ शिकायत की थी, जिसके बाद उनका ट्रांसफर वाशिम कर दिया गया था।पता चला कि पूजा ने यूपीएससी के कोटे में आने के लिए ओबीसी कैटेगरी का फर्जी सर्टिफिकेट दिखाया था जबकि वह एक क्रीमी लेयर ओबीसी हैं। इसके अनुसार, जिस परिवार की सालाना इनकम 8 लाख से ऊपर होती है उन्हें क्रीमी लेयर ओबीसी की कैटेगरी में रखा जाता है। क्रीमी लेयर ओबीसी के लिए यूपीएससी में कोई कोटा नहीं है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

# 18 पुराणों में हैं जीवन के सिद्धांत



बोधि वृक्ष

हिंदू धर्म में 18 पुराणों का जिक्र मिलता है। इन पुराणों में सिर्फ देवी-देवताओं की कथाएं ही नहीं हैं, बल्कि चिकित्सा, खगोल विज्ञान, इतिहास और कई अन्य विषय भी शामिल किए गए हैं।

हिंदू धर्म में पुराणों का अधिक महत्व है। पुराणों में ईश्वर के स्वरूप, उनकी लीलाओं और जीवन से सिद्धांतों के बारे में बताया गया है। बता दें कि सनातन धर्म में कुल 18 पुराणों का जिक्र मिलता है। इन पुराणों को पढ़ने या सुनने से व्यक्ति के सभी पापों का अंत हो जाता है। इन पुराणों में सिर्फ देवी-देवताओं की कथाओं के बारे में ही नहीं बल्कि चिकित्सा, खगोल विज्ञान, इतिहास और कई अन्य विषय भी शामिल किए गए हैं।



**लिंग पुराण :** लिंग महापुराण में भगवान शिव जी के 28 अवतारों का संपूर्ण वर्णन मिलता है। इस पुराण में जालंधर वध और अंधकासुर की कथा का वर्णन मिलता है।

**वराह पुराण :** यह पुराण भगवान श्रीहरि विष्णु के वराह अवतार पर आधारित है। वराह पुराण में श्रीहरि के वराह रूप में अवतरित होने की कथा, प्रलय और फिर सृष्टि के निर्माण की जानकारी दी गई है।

**स्कंद पुराण :** इस पुराण में भगवान शिव के बड़े पुत्र कार्तिकेय के बारे में वर्णन किया गया है। इसके अलावा इस पुराण में भगवान शिव की महिमा, सती-चरित्र, शिव-पार्वती विवाह, कार्तिकेय जन्म, तारकासुर वध आदि कथाओं के बारे में जानकारी दी गई है।

**वामन पुराण :** वामन पुराण में भगवान विष्णु के वामन अवतार के बारे में बताया गया है। इसके साथ ही इसमें वामन अवतार, शिवलिंग पूजा, शिव-पार्वती की कथा, गणेश और स्कन्द आख्यान का उल्लेख मिलता है। **(क्रमशः)**

धर्म-अध्यात्म

# शिव पूजा से करें अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति



श्रावण माह को भगवान शिव की भक्ति का महीना कहा जाता है। हिन्दू धर्म के तीन देवों में भगवान शिव को संहारक देव के रूप में माना जाता है। भगवान भोलेनाथ अपने नाम के अनुरूप भक्तों पर अपनी कृपा बरसाते हैं। इस माह आपने खान -पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। श्रावण माह भगवान शिव के अभिषेक का बड़ा महत्व है। भगवान शिव ही ऐसे देवता हैं जो मात्र जल चढ़ाने से प्रसन्न हो जाते हैं। शिवपुराण के अनुसार अलग-अलग कामनाओं की सिद्धि के लिए भगवान शिव का अनेक द्रव्यों से अभिषेक किया जाता है। भगवान शिव के अभिषेक से मनुष्य की अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष की कामना की सिद्धि होती है। शिवपुराण के अनुसार ऋषियों के पूछने पर स्वयं भगवान शिव ने अभिषेक का महत्व बताते हुए कहा है कि सभी प्रकार की आसक्तियों से रहित होकर जो मेरा अभिषेक करता है वह सभी कामनाओं को प्राप्त करता है। शास्त्रों में कामना की प्राप्ति के लिए अनेक प्रकार के द्रव्यों से अभिषेक का वर्णन है। जल की धारा भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है, अतः शुद्ध जल से भगवान शिव का अभिषेक करने पर भरपूर जलवृष्टि होती है। जल से अभिषेक करने से तेज ज्वर भी शांत हो जाता है। लक्ष्मी प्राप्ति के लिए गन्ने के रस से भगवान का अभिषेक करना चाहिए। गाय के दूध से अभिषेक करने पर निःसंतानों को संतान प्राप्त होती है। शक्कर मिश्रित दूध से अभिषेक करने पर बुद्धि की जड़ता समाप्त हो जाती है और बुद्धि श्रेष्ठ होती है। शहद से अभिषेक करने पर पापों का नाश हो जाता है। तपेदिक रोग से छुटकारा मिलता है। घी से अभिषेक करने पर जीवन में आरोग्यता आती है और वंशवृद्धि होती है। **-अंकुर नागौरी**


स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# दिल्ली-एनसीआर से लेकर पहाड़ी इलाकों में एक बार फिर से बारिश का दौर शुरू



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर से लेकर पहाड़ी इलाकों में एक बार फिर से बारिश का दौर शुरू हो गया है। इस बार की बारिश राहत वाली नहीं आफत का रूप लेकर आई है। उत्तराखंड हो या हिमाचल प्रदेश दोनों ही राज्यों के कई जिलों में बारिश की वजह से जलभराव और बाढ़ जैसे हालत बन गए हैं। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले कुछ दिनों तक दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गुजरात, छत्तीसगढ़, जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

## दिल्ली में बारिश से होगी वीकेंड की शुरूआत

दिल्ली-एनसीआर में इस बार वीकेंड चुभती गर्मी नहीं रिमझिम बारिश के बीच गुजरने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार कल दिल्ली के लगभग सभी इलाकों में बारिश होने के आसार हैं। आईएमडी ने कल दिन की शुरूआत बारिश के साथ होने का अनुमान जताया है। वहीं कल दिल्ली का अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री रहने की उम्मीद है।




## राजस्थान बारिश का अलर्ट

राजस्थान में बीते 24 घंटे के दौरान भारी से बेहद भारी बारिश हुई। बीकानेर जिले के खाजूवाला में सबसे अधिक 19 सेंटीमीटर बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे में अजमेर, बीकानेर और जोधपुर संभाग के कई जिलों में मॉनसून सक्रिय रहने तथा कहीं-कहीं भारी और कहीं अधिक भारी बारिश की प्रबल संभावना है। दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में तीन अगस्त से भारी बारिश होने की संभावना है।




## हिमाचल प्रदेश में 6 अगस्त तक बारिश का अलर्ट

हिमाचल प्रदेश में शिमला जिले के समेज गांव में शुक्रवार को बादल फटने से एक माध्यमिक विद्यालय की इमारत बह गई। इस हादसे में 12 से 18 वर्ष की आयु के छह छात्र बह गए। यह घटना श्रीखंड महादेव के पास बादल फटने की घटना के एक दिन बाद हुई, जिससे समेज, गानवी और कुर्बन क्षेत्रों में अचानक बाढ़ आ गई। नतीजतन, शिमला जिले के रामपुर उपखंड में समेज खड्ड में जलस्तर काफी बढ़ गया।




## यूपी में 7 अगस्त तक बारिश का जोर

दिल्ली ही नहीं यूपी में एक बार फिर से बारिश ने जोर पकड़ लिया है। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आने वाले 7 अगस्त तक बारिश होने की संभावना है। आईएमडी ने बारिश के साथ ही अगले दो दिनों तक उत्तर प्रदेश में कहीं तेज आंधी तो कहीं परबिजली भी गिरने की संभावना जताई है।

### बिहार को दहलाने की थी साजिश

# 75 डेटोनेटर और 90 एक्सप्लोसिव मटेरियल बरामद

#### सेना का जवान है आरोपी

**नवीन मेल संवाददाता। बेगूसराय**

बेगूसराय पुलिस एक युवक को भारी मात्रा में विस्फोटक समान के साथ हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि जिस युवक को हिरासत में लिया गया है वो सेना का जवान है। हालाकि इस मामले में पुलिस द्वारा स्पष्ट तौर पर कुछ भी नहीं बताया जा रहा है। पूछे जाने पर बेगूसराय के एसपी मनीष ने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। उन्होंने सिर्फ इतना बताया कि अभी पूछ ताछ जारी है। अभी कुछ नहीं कहा जा सकता।

**कैसे पकड़ा गया :-**

प्राप्त जानकारी के अनुसार बेगूसराय पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। जिसके बाद लोहिया नगर थाना की पुलिस ने लोहिया नगर रेलवे ओवर ब्रिज के पास से एक युवक को विस्फोटक के साथ पकड़ा। जानकारी के अनुसार पकड़े गये युवक की पहचान राज किशोर कुमार के रूप में की गयी। वह मटिहानी थाना क्षेत्र के खोरमपुर चकोर का रहने वाला है। उसके पास से 75 पीस डेटोनेटर



एक्सप्लोसिव और 90 एक्सप्लोसिव मटेरियल बरामद किया गया।

**डेढ़ साल पहले सेना में हुआ था बहाल :-**

पकड़े गए युवक से पुलिस के वरीय अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात पुलिस को सूचना मिली कि भारी मात्रा में डेंजर एक्सप्लोसिव लेकर एक व्यक्ति जा रहा है। इसके बाद पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर ओवरब्रिज के पास से उसे पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि पकड़ा गया राज किशोर कुमार करीब डेढ़ वर्ष पहले सेना में बहाल हुआ था। इस संबंध में अभी विशेष कोई खुलासा नहीं हो पाया। पुलिस के वरीय अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं।

**कितना घातक हो सकता था विस्फोटक**

बरामद किए गए 75 डेटोनेटर और 90 विस्फोटक सामग्री से एक बड़े क्षेत्र में व्यापक तबाही मचाई जा सकती थी। अगर ये विस्फोटक सक्रिय हो जाते, तो कई इमारतें ध्वस्त हो सकती थीं, जिसके परिणामस्वरूप गंभीर संपत्ति क्षति होती और बड़ी संख्या में लोगों की जान जा सकती थी। विशेषज्ञों का अनुमान है कि इस मात्रा के विस्फोटकों का इस्तेमाल करके एक बड़े हिस्से को नुकसान पहुंचाया जा सकता था।

## वायनाड में 100 से ज्यादा घरों का निर्माण कराएगी कांग्रेस पार्टी : राहुल गांधी

**एजेंसी। वायनाड**

केरल के वायनाड में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने भूस्खलन से प्रभावित लोगों को मदद देने का वादा किया है। कांग्रेस पार्टी यहां 100 से ज्यादा घरों का निर्माण करवाएगी।

राहुल गांधी ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि वह घटनास्थल पर गए, राहत शिविरों में गए और स्थिति का आकलन किया। उनके साथ उनकी बहन प्रियंका गांधी तथा कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। कांग्रेस सांसद ने एक वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शेयर किया। उन्होंने लिखा कि केरल ने कभी भी एक क्षेत्र में इतनी विनाशकारी त्रासदी



नहीं देखी थी, जितनी इस बार वायनाड में हुई।

उन्होंने कहा, मैं इस मुद्दे को केंद्र और राज्य सरकारों दोनों के समक्ष उठाऊंगा, क्योंकि इस त्रासदी से निपटने के लिए तत्काल प्रतिक्रिया की जरूरत है।

उल्लेखनीय है कि केरल के वायनाड में मंगलवार को भूस्खलन हुआ था। इस घटना में 300 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। वहीं, कई लोग अब भी लापता हैं। प्रियंका गांधी ने भी घटना पर दुख जताते हुए पीड़ितों को मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि प्रभावितों को तत्काल मदद दी जानी चाहिए और उनके पुनर्वास के लिए हरसंभव कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा हम प्रभावित लोगों के साथ खड़े हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूस्खलन में मरने वालों के परिवारों के लिए दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता ऐलान किया है। केरल के मुख्यमंत्री पी. विजयन ने भी कहा है कि राज्य सरकार पीड़ितों की हरसंभव मदद कर रही है।

## सपा सांसद बाबू सिंह कुशवाहा की जमीन जब्त

### बुलडोजर के साथ पहुंची थी इडी की टीम

**एजेंसी। लखनऊ**

प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जौनपुर के सांसद बाबू सिंह कुशवाहा की लखनऊ स्थित जमीन जब्त कर ली। कानपुर रोड पर स्कूटर इंडिया के सामने स्थित जमीन की कीमत करोड़ों में है। ईडी की टीम भी बुलडोजर लेकर आई और जमीन पर बने अवैध निर्माण को जमींदोज कर दिया।

ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मामला उस समय का है जब 2007 में मायावती प्रदेश की मुख्यमंत्री थीं और बाबू सिंह कुशवाह यूपी में मंत्री थे। 2005 में केंद्र की यूपीए सरकार ने राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन योजना शुरू की थी। इस योजना को लेकर मायावती सरकार पर केंद्र द्वारा भेजे गए पैसे के गबन का आरोप लगाया गया था।

## अधीर रंजन के पक्ष में व आला कमान के खिलाफ लामबंद होने लगे बंगाल कांग्रेस के नेता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और तृणमूल गठबंधन को लेकर पार्टी के अंदर विरोध बढ़ता जा रहा है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी द्वारा पार्टी नेतृत्व पर सवाल उठाए जाने के बाद, अब बंगाल कांग्रेस के कुछ और नेता इस मुद्दे पर आवाज उठा रहे हैं। 29 जुलाई को दिल्ली में पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के 23 नेताओं के साथ पार्टी नेतृत्व की बैठक हुई थी, जिसमें राज्य के लिये संभावित रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। अब, कई राज्य कांग्रेस नेताओं ने इस बैठक के लिए चुने गए 23 नेताओं के चयन पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है। बंगाल कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, पिछले तीन दिनों में कम से कम चार कांग्रेस नेताओं ने, जो कि अधीर रंजन चौधरी के करीबी माने जाते हैं, पार्टी के उच्च नेतृत्व को इस चयन प्रक्रिया पर अपनी आपत्तियां भेजी हैं। इनमें पार्टी सचिव सुमन रॉय चौधरी, अशोक भट्टाचार्य, आशुतोष चटर्जी और तपन अग्रवाल शामिल हैं। अधीर रंजन चौधरी ने सबसे पहले इस चयन पर नाराजगी जाहिर की थी।

## न्यूज बॉक्स

### पश्चिम बंगाल का राशन घोटाला, ईडी ने तृणमूल नेता अनीसुर से की 14 घंटे पूछताछ

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राशन घोटाला केस में तृणमूल कांग्रेस नेता अनीसुर रहमान और उसके भाई अलिफ नूर उर्फ मुकुल रहमान को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार सुबह दोनों ने सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित ईडी कार्यालय में पेश होकर पूछताछ का सामना किया था। 14 घंटे की पूछताछ के बाद देररात गिरफ्तारी की गई। आज इन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। इससे पहले ईडी राज्य के पूर्व खाद्यमंत्री ज्योतिप्रिय (बालू) मलिक और उनके करीबी व्यापारी बाकिबुर रहमान को भी इसी मामले में गिरफ्तार कर चुकी है। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे अनीसुर और अलिफ कुछ दस्तावेज लेकर सीजीओ कॉम्प्लेक्स पहुंचे थे। यहां कई पत्रकारों ने अनीसुर से दस्तावेजों के बारे में सवाल किया, लेकिन उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। उनसे ज्योतिप्रिय और बारिक विश्वास के बारे में भी सवाल पूछे गए, लेकिन उन्होंने सभी सवालों को टाल दिया। लंबी पूछताछ के बाद रात 2:00 बजे दोनों को गिरफ्तार करने की जानकारी मिली है।

### सुपरफास्ट ट्रेन से गिर कर एक की मौत



**बेतिया।** पश्चिम चंपारण ज़िला के चनपटिया रेलवे स्टेशन पर सफर के दौरान ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हो गई है। घटना शुक्रवार की सुबह चनपटिया रेल स्टेशन की है। मृत चनपटिया थाना क्षेत्र के बनकट गांव निवासी अंसारी है। चनपटिया रेलवे स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंचे जीआरपी की टीम ने लाश को रेलवे ट्रैक से हटाकर अपने कब्जे में ले लिया। जीआरपी के थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि लाश का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस आगे की कारवाई में जुटी हुई है। मृतक दाऊद अंसारी के छोटे भाई सोहैल ने पत्रकारों को बताया कि उसका भाई करीब सात माह पूर्व कमाने के लिए कश्मीर गया था।। कश्मीर में वह बढ़ई का काम करता था। अभी उसकी शादी भी नहीं हुई है। शुक्रवार की सुबह वह सप्तक्रांति सुपर फास्ट एक्सप्रेस से घर आ रहा था। इसी दौरान ट्रेन से गिरकर चनपटिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या-दो पर उसकी मौत हो गई।

## आज का राशिफल

**मेष** — संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते है। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। आलस्य को त्याग। पुरुषार्थ का सहारा लें।

**वृषभ** — कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। अच्छी सफलताएं प्राप्त करेग। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा।

**मिथुन** — मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अ'छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है।

**कर्क** — शनै:-शनै: स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंग।

**सिंह** — विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते हैं जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य सार्धक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ।

**कन्या** — क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेंगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगों को आश्चर्य में डाल देंगे। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा।

**तुला** — सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है।

**वृश्चिक** — परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती हैं। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। महत्वपूर्ण यात्राओं के संकेत हैं। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी।

**धनु** — कार्य सार्धक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी।

**मकर** — पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी।

**कुम्भ** — दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**मीन** — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

## बिहार में है एक भुतहा ट्रांसफार्मर : भूत भगाने ढोल-मजीरा लेकर पहुंचे तांत्रिक

**समस्तीपुर**

समस्तीपुर ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद उसे ठीक होने में कई दिन लग जाते हैं। अगर एक ही ट्रांसफार्मर बार-बार खराब हो तो ग्रामीणों की परेशानी समझी जा सकती है। समस्तीपुर में गांव के लोग इस बात से परेशान थे कि उनका ट्रांसफार्मर ठीक होने के बाद फिर खराब हो जाता है। फिर किसी तरह उसे ठीक करवाया जाता है लेकिन कुछ समय बाद ही उसमें दिक्कत हो जाती है। ग्रामीण और मिस्त्री ट्रांसफार्मर को ठीक करते-करते



थक चुके थे। उन्हें बिजली विभाग की तरफ से भी कोई खास मदद नहीं मिल रही थी। इसके बाद मिस्त्री ने ग्रामीणों से कह दिया है कि इस पर भूत का साया है, इसीलिए ये बार-बार खराब हो रहा है। मिस्त्री इसे बना-बनाकर थक चुका है लेकिन ठीक होने के बाद फिर खराब हो जाता है। ट्रांसफार्मर पर भूत होने की बात सुनकर ग्रामीणों ने भूत को भगाने के लिए भगत को बुला लिया। भगत पूरी टीम के साथ ढोल मंजीरा लेकर पहुंचे। कुछ देर तक पूजा पाठ होती रही, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। अंत में भगत जी ने भी कहा दिया कि इस पर किसी भूत का साया नहीं है बल्कि इसे बिजली विभाग की टीम ही सही कर पायेगी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार बिजली विभाग से शिकायत किए जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## अतीक-अशरफ हत्याकांड में पुलिस को क्लीन चिट, आयोग ने कहा- कोई लापरवाही नहीं हुई

**एजेंसी। लखनऊ**

गैंगस्टर-राजनेता अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की पुलिस हिरासत में हत्या की जांच के लिए गठित न्यायिक आयोग ने पूर्व नियोजित साजिश या पुलिस की लापरवाही की संभावना से इनकार किया है।

आयोग की रिपोर्ट शुक्रवार को मानसून सत्र के आखिरी दिन उप्र विधानसभा में पेश की गई। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) अरविंद कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय आयोग को 15 अप्रैल 2023 को अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या की जांच करने का काम सौंपा गया था। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में निष्कर्ष निकाला, 15 अप्रैल, 2023 की घटना जिसमें प्रयागराज के शाहगंज थाना अंतर्गत उमेश पाल हत्याकांड के सिलसिले में पुलिस हिरासत में लिए गए आरोपी अतीक अहमद और उसके भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ की तीन अज्ञात हमलावरों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, उसे राज्य पुलिस द्वारा अंजाम दी गई पूर्व नियोजित साजिश का नतीजा नहीं कहा जा सकता।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# भारत आईपीओ जारी करने में दुनिया का शीर्ष देश : सेबी चेयरपर्सन

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने शुक्रवार को कहा कि भारत आईपीओ लाने और उसे जारी करने में वैश्विक स्तर पर शीर्ष पर है।

मुंबई में फिक्की की कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि बाजार नियामक आईपीओ के दस्तावेज और जमा करने के प्रोसेस को आसान बनाने को लेकर काम कर रहा है। साथ ही रेगुलेटरी फ्रेमवर्क के फीडबैड को लेकर भी काम किया जा रहा है। बुच ने कहा कि नियामक ढांचे का हिस्सा बनाने के लिए हम इस प्रस्ताव को अपने बोर्ड में ले गए हैं। विभिन्न क्षेत्रों में इंडस्ट्री स्टैंडर्ड फोरम की यह प्रक्रिया हमारे लिए एक सीखने का अनुभव रही है।

बाजार नियामक की ओर से स्टार्टअप को लिस्टिंग के लिए नियमों को आसान बनाने को लेकर काम किया जा रहा है।

सेबी की ओर से हाल ही में इंडस्ट्री स्टैंडर्ड फोरम से तीन मुख्य इंडस्ट्री एसोसिएट्स को बुलाया गया था। इंडस्ट्री स्टैंडर्ड फोरम ने रेगुलेटरी स्टैंडर्ड के ड्राफ्ट बनाने और उसे लागू करने के लिए मुख्य पक्षकारों को एक मंच पर लाया है।

इस हफ्ते की शुरूआत में सेबी ने भारतीय पूंजीगत बाजारों पर एक रिपोर्ट निकाली थी। इसमें महत्वपूर्ण सुधारों और टेक्नोलॉजी इनोवेशन का देश के निवेशकों पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में जानकारी दी थी। बाजार नियामक ने बताया कि रिपोर्ट हाल ही में हुए टेक्नोलॉजी इनोवेशन और रिफॉर्म के बारे में विस्तार से जानकारी देती है।

### जुलाई में नियुक्तियां 12 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** भारत में नियुक्तियां जुलाई में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़ी हैं। सभी सेक्टरों में नियुक्तियों में दोहरे अंक में वृद्धि देखने को मिली है। शुक्रवार को जारी की गई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। नौकरी जॉबस्पीक इंडेक्स के मुताबिक, जून के मुकाबले तिमाही आधार पर नियुक्तियों में 11 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। फार्मा और बायोटेक सेक्टर में सालाना आधार पर 26 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है। इस सेक्टर में बड़ौदा और हैदराबाद में नियुक्तियों में क्रमशः 61 प्रतिशत और 39 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, एफएमसीजी सेक्टर में नियुक्तियों में 26 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इस सेक्टर में बेंगलुरु और कोलकाता में नियुक्तियां क्रमशः 52 प्रतिशत और 43 प्रतिशत बढ़ी है। रियल एस्टेट और आईटी सेक्टर में पिछले साल के मुकाबले नियुक्तियों में क्रमशः 23 प्रतिशत और 17 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है।

### बाजार में गिरावट के बावजूद जोमैटो के शेयर में आया उछाल

**नई दिल्ली।** फूड डिलीवरी ऐप जोमैटो के शेयर शुक्रवार को 19% तक उछल गया। कंपनी के शेयरों में यह उछाल एक दिन पहले जारी जून तिमाही के नतीजों के चलते आया है। हालांकि, शेयर बाजार में बड़ी गिरावट ने शेयर में तेजी को धीमा कर दिया। शेयर बाजार में बड़ी गिरावट के बावजूद जोमैटो का शेयर सुबह 10:19 बजे 15 प्रतिशत चढ़ गया जो अगस्त 2022 के बाद से अपने कंपनी के शेयरों में किसी एक दिन में आया सबसे बड़ा उछाल है।

### दस्तावेज जमा करने के बाद जल्द मंजूर होंगे कंपनियों के आईपीओ

**नई दिल्ली।** सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने शुक्रवार को कहा कि कैपिटल मार्केट रेगुलेटर आईपीओ मंजूरी में तेजी लाने के लिए एक तंत्र पर काम कर रहा है। बुच ने फिक्की के कैपम कार्यक्रम में कहा कि इसके अलावा सेबी तेजी से मंजूरी के लिए कंपनियों द्वारा दाखिल किए जा रहे आईपीओ दस्तावेजों की जांच के लिए एक आर्टिफिशल इंटेलिजेंस टूल तैयार कर रहा है। यह टूल दिसंबर तक उपलब्ध हो जाना चाहिए।



### बाजार में जल्द लांच हो सकती है नई इलेक्ट्रिक क्रॉसओवर

**नई दिल्ली।** जो लोग जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की इलेक्ट्रिक कार का लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं, उनके लिए बड़ी खुशखबरी है। एमजी की आगामी ईवी का नाम विंडसर होगा और यह इलेक्ट्रिक क्रॉसओवर होगी, जो कि लुक-फीचर्स और रेंज के मामले में काफी अच्छी होगी। चीन की सबसे बड़ी वाहन विनिमार्ता कंपनी एसएआईसी मोटर ने भारत में एमजी मोटर के परिवर्तन और विकास में तेजी लाने के लिए नवंबर में जेएसडब्ल्यू ग्रुप के साथ एक जॉइंट वेंचर एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए थे।

#### हैचबैक और एमपीवी की क्रॉसओवर

चीफ कॉमर्शियल ऑफिसर सतिंदर सिंह बाजवा ने कहा कि हम अपनी आगामी सीयूवी का नाम बताते हुए उत्साहित हैं। विंडसर कैसल दुनिया भर में पॉपुलर है। यह विदेशों में बिर रही विंडसर कॉलड ईवी का री-बैज्ड वर्जन है। विंडसर ईवी हैचबैक और एमपीवी के क्रॉस के रूप में आ रही है, जो कि फीचर्स और कंफर्ट के मामले में अच्छी होगी।

#### लुक और फीचर्स भी अच्छे

लुक और डिजाइन की बात करें तो एमजी विंडसर ईवी करीब 4.3 मीटर लंबी होगी और इसका व्हीलबेस 2,700 एमएम होगा। देखने में यह भारत में बिकने वालीं कारों के मुकाबले कुछ अलग और खास होगी।

पेरिस ओलंपिक

# सिमोन ने ऑल-अराउंड फाइनल में जीता स्वर्ण



**पेरिस।** अमेरिकी स्टार जिमनास्ट सिमोन बाइल्स ने पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के ऑल-अराउंड फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। अमेरिकी जिमनास्ट ने कुल 59.131 अंकों के साथ ब्राजील की रेबेका एंड्रेड को पीछे छोड़ा। उनकी हमवतन और टोक्यो ओलंपिक विजेता सुनीसा ली ने कुल 56.465 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। रेबेका ने 57.932 अंकों के साथ रजत पदक जीता, जो ग्रीष्मकालीन खेलों में उनका छठा पदक था। सुनीसा पिछले 15 महीनों में कई किडनी रोगों से जूझ रही हैं। लेकिन जब स्थिति की मांग हुई, तो उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और पोडियम फिनिश हासिल की। महिलाओं की ऑल-अराउंड स्पर्धा में बाइल्स की जीत ने चल रहे पेरिस ओलंपिक में उनका दूसरा स्वर्ण पदक चिह्नित किया।

## यदि पहला सेट जीत जाती तो नतीजा कुछ और होता : सिंधु

एजेंसी



**पेरिस ।** भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु का मानना है कि अगर वह पहला सेट जीत जातीं तो पेरिस ओलंपिक में महिला एकल स्पर्धा के प्री-क्वार्टरफाइनल का परिणाम अलग हो सकता था। छठी वरीयता प्राप्त चीनी शटलर ही बिंग जियाओ के खिलाफ राउंड ऑफ 16 में सिंधु को हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल स्पर्धा में उनका अभियान सीधे सेटों में 21-19, 21-14 से हार के साथ समाप्त हुआ। पहला सेट काफी करीबी मुकाबला था, भले ही जियाओ ने सेट के शुरूआती चरणों में अच्छी बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन सिंधु ने वापसी करते हुए स्कोर 19-19 से बराबर कर दिया। शुरूआती सेट का निर्णायक क्षण तब आया जब सिंधु ने 20वें अंक के लिए निर्णय को चुनौती दी। शटलकॉक लाइन पर आ गया, जिससे चीनी शटलर को गेम में आगे बढ़ने का मौका मिल गया। जियाओ ने पहला सेट और अंततः गेम अपने नाम कर लिया। मैच के बाद सिंधु ने महसूस किया कि अगर वह पहला सेट जीत जाती तो नतीजा अलग हो सकता था।

सिंधु ने मैच के बाद कहा, हाँ, मुझे लगता है कि यह दुखद है कि मैं वह परिणाम नहीं पा सकी जो मैं चाहती थी। ओलंपिक में, हर कोई जीतना चाहता है, लेकिन दुर्भाग्य से, ऐसा नहीं हो सका, या यह मेरे लिए सही नहीं रहा।

## तूलिका मान 28 सेकेंड में हारी भारत का जूडो अभियान समाप्त

एजेंसी



**पेरिस ।** भारत की जूडो एथलीट तूलिका मान को शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की +78 किग्रा स्पर्धा से निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा। चैंप-डी-मार्स एरेना में शुरूआती दौर में, उन्हें लंदन गेम्स चैंपियन क्यूबा की इडालिस ऑर्टिज ने इप्पोन द्वारा 0-10 के स्कोर से हराया। ऑर्टिज ने 25 वर्षीय भारतीय को मात्र 28 सेकंड में हरा दिया। अनुभवी क्यूबाई खिलाड़ी ने तूलिका को चोकहोल्ड में फँसा लिया, जिसके कारण उन्हें हार का सामना करना पड़ा। जूडो में, एक इप्पोन तब प्रदान किया जाता है जब एक जूडोका अपने प्रतिद्वंद्वी को महत्वपूर्ण बल और गति के साथ मैट पर फेंकता है। इसे 20 सेकंड के लिए ग्रैपलिंग होल्ड-डाउन के साथ प्रतिद्वंद्वी को स्थिर करके या जब विपरीत जुडोका हार मान लेता है, तब भी प्राप्त किया जा सकता है।

## जोकोविच सेमीफाइनल में स्वर्ण की उम्मीदें बरकरार



**पेरिस ।** सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने पेरिस ओलंपिक में स्टेफानोस सितसिपास के खिलाफ यादगार वापसी करते हुए पुरुष एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में सितसिपास पर 6-3, 7-6 से जीत हासिल करने के बाद जोकोविच ने अपने पहले ओलंपिक स्वर्ण की उम्मीदों को जीवित रखा है। दूसरे सेट में, जोकोविच स्पष्ट रूप से असहज थे और उन्होंने अपने दाहिने घुटने के लिए दो बार फिजियो को बुलाया। अनुभवी टेनिस स्टार ने पहले सेट में आरामदायक जीत हासिल की। सितसिपास ने अपने मजबूत बैकहैंड खेल पर भरोसा किया, लेकिन जोकोविच के सटीक फोरहैंड शॉट्स ने उन्हें ग्रीस के टेनिस खिलाड़ी पर हावी होने दिया।

पेरिस ओलंपिक रोइंग

## बलराज पंवार पुरुष एकल स्कल्स में 23वें स्थान पर रहे



**पेरिस।** भारत के बलराज पंवार शुक्रवार को फाइनल डी में पांचवें स्थान पर रहने के बाद पेरिस 2024 ओलंपिक रोइंग प्रतियोगिता में पुरुष एकल स्कल्स स्पर्धा में 23वें स्थान पर रहे। पेरिस 2024 में एकमात्र भारतीय नाविक बलराज ने 7:02.37 का समय निकाला, जो पेरिस 2024 में उनका सर्वश्रेष्ठ समय था। मोनेगास्क रोवर क्वेंटिन एंटोगनेली ने 6:54.93 के साथ फाइनल डी जीता। हालाँकि पुरुष एकल स्कल्स स्पर्धा में बलराज की अंतिम स्थिति, जिसमें 33 नाविकों ने प्रतिस्पर्धा की थी, कागज पर बहुत प्रभावशाली नहीं दिखती, लेकिन हरियाणा के भारतीय सेना के जवान ने अपने पूरे अभियान में लगातार प्रगति दिखाई।

## भारत ने हॉकी में ऑस्ट्रेलिया को 52 साल बाद दी मात

एजेंसी



**पेरिस।** भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक में बेल्जियम के खिलाफ मिली हार के बाद जोरदार वापसी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को पूल बी के मैच में 3-2 से हरा दिया है। यह भारत का अंतिम पूल मैच था। यह जीत ऐतिहासिक है, क्योंकि भारतीय हॉकी टीम ने 52 साल बाद ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया को हराया है। भारत के लिए इस मैच में हरमनप्रीत सिंह ने दो और अभिषेक ने एक गोल किया। भारतीय हॉकी टीम ने इससे पहले ओलंपिक में 1972 में ऑस्ट्रेलिया को हराया था। पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए यह ग्रुप काफी कठिन था, क्योंकि बेल्जियम और ऑस्ट्रेलिया जैसी दो मजबूत टीमों के साथ मुकाबला था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच को भारत के लिए बड़ी बाधा माना जा रहा था। इस जीत से अब निश्चित तौर पर भारतीय हॉकी टीम का आत्मविश्वास बढ़ा है। इस करीबी मैच में भारत ने पहले हाफ में अपना दबदबा बनाए रखा, जहां उन्होंने पहले ही क्वार्टर में दो गोल किए थे। मैच में भारत की शानदार शुरुआत हुई। पहले क्वार्टर में ही टीम ने दो गोल दाग दिए। अभिषेक ने 12वें मिनट में पहला गोल किया और इसके ठीक एक मिनट बाद हरमनप्रीत सिंह ने बढ़त दोगुनी कर दी। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के थॉमस क्रेग ने दूसरे क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर स्कोर को 2-1 कर दिया। तीसरे क्वार्टर में हरमनप्रीत ने 32वें मिनट में एक और गोल कर भारत की स्थिति मजबूत की। मैच के अंत में ऑस्ट्रेलिया के ब्लेक गोवर्स ने पेनल्टी पर गोल किया जिससे मैच रोमांचक हो गया लेकिन भारत ने अंत तक बढ़त बरकरार रखी। भारत ने इस मैच में अधिक बॉल पोजीशन हासिल की, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई टीम ज्यादा आक्रामक थी।

इस जीत के साथ भारत पूल बी में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। ऑस्ट्रेलिया तीसरे नंबर पर खिसक गया है। बेल्जियम इस पूल में शीर्ष पर है और अर्जेंटीना चौथे स्थान पर है। पेरिस ओलंपिक के पुरुष हॉकी क्वार्टर फाइनल 4 अगस्त से शुरू होंगे। भारत ने इससे पहले पूल बी में अपने अभियान की शुरुआत न्यूजीलैंड को 3-2 से हराकर की थी। इसके बाद अर्जेंटीना के खिलाफ 1-1 से मैच ड्रा किया था। इसके बाद आयरलैंड को 2-0 से मात दी थी।

## रिकर्व मिश्रित स्पर्धा के क्वा फाइनल में अंकिता-धीरज

**पेरिस।** भारतीय तीरंदाज अंकिता भक्त और धीरज बोम्मदेवरा शुक्रवार को चल रहे पेरिस ओलंपिक में इंडोनेशिया के डायनंदा चोइरुनिसा और आरिफ पंगेस्टु को हराकर तीरंदाजी रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। लेस इनवैलिड्स में राउंड ऑफ 16 मैच में अंकिता-धीरज ने इंडोनेशियाई जोड़ी को 5-1 से हराया। भारतीय तीरंदाजों ने क्रमशः 37-36 और 38-37 के स्कोर के साथ पहला और तीसरा सेट जीता। इस बीच, दूसरा सेट 38-38 से बराबर रहा। अंकिता-धीरज शुक्रवार शाम तीरंदाजी रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में स्पेन की टीम का सामना करेंगे, जिसने पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना को शिकस्त दी।



### क्वार्टर फाइनल में पहुंचने पर आत्मविश्वास महसूस कर रहा हूं: धीरज बोम्मादेवरा

**पेरिस।** चल रहे पेरिस ओलंपिक में तीरंदाजी रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में क्वालीफाई करने के बाद, भारत के निशानेबाज धीरज बोम्मादेवरा ने कहा कि वह और अंकिता भक्त 'आत्मविश्वास' महसूस कर रहे हैं। क्वालीफिकेशन राउंड के बाद बोम्मादेवरा ने कहा कि उन्होंने क्वार्टरफाइनल राउंड के लिए अपनी मानसिकता तय कर ली है। बोम्मादेवरा ने ओलंपिक डॉट कॉम के हवाले से कहा, हम काफी आश्वस्त महसूस कर रहे हैं। आज हमारी एक ही मानसिकता है कि हमें अपनी शूटिंग के लिए पछतावा नहीं होगा। पहले दिन जब मैंने टीम मैच खेले, तो मैंने सोचा कि दबाव विश्व कप चरणों की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक होगा। लेकिन जब मैं यहां आया, तो यह 90 प्रतिशत अधिक था।

## जेएसडब्ल्यू प्रत्येक पदक विजेता को देगा एमजी कार

**नई दिल्ली।** 2024 पेरिस ओलंपिक में प्रत्येक भारतीय पदक विजेता को एमजी विंडसर कार उपहार में दी जाएगी। जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर उक्त घोषणा की। उन्होंने कहा कि एथलीट अपने समर्पण और सफलता के लिए सर्वश्रेष्ठ के हकदार हैं। उनकी यह घोषणा मॉरिस गैरेज इंडिया द्वारा जेएसडब्ल्यू ग्रुप के सहयोग से अपने नए सीयूवी एमजी विंडसर कार के आगमन की घोषणा के बाद आई। सज्जन जिंदल ने अपने एक्स पोस्ट पर लिखा, यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि टीम इंडिया के हर ओलंपिक पदक विजेता को जेएसडब्ल्यू एमजी इंडिया की ओर से एक बेहतरीन कार एमजी विंडसर उपहार में दी जाएगी! क्योंकि

## मुझे ऐसा कोई वाक्या याद नहीं आता जब गंभीर ने किसी खिलाड़ी पर दबाव डाला हो : श्रेयस

एजेंसी



**कोलंबो।** आईपीएल टीम केकेआर में एक साथ खेल चुके गौतम गंभीर और श्रेयस अय्यर अकसर एक दूसरे को सपोर्ट करते हुए नजर आए हैं। गंभीर ने आईपीएल के समय से श्रेयस का समर्थन करते हुए उन्हें एक दिग्गज बल्लेबाज बताया है। गौतम गंभीर अब टीम इंडिया के नए मुख्य कोच बने हैं और श्रेयस अय्यर को अब उनकी कोचिंग में खेलना है। श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मुकाबले से पहले श्रेयस अय्यर ने गौतम गंभीर की जमकर तारीफ की। भारत के अनुभवी बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने कहा कि उन्हें ऐसा कोई वाक्या याद नहीं आता जब नए मुख्य कोच गौतम गंभीर ने किसी खिलाड़ी पर दबाव डाला हो। उनके साथ रहना अच्छा है क्योंकि इससे बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

इस महीने की शुरुआत में गंभीर ने राहुल द्रविड़ की जगह भारत के नए मुख्य कोच का पद संभाला था, जिसमें श्रीलंका का व्हाइट-बॉल दौरा उनका पहला असाइनमेंट है। गंभीर ने आईपीएल 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटॉर के रूप में काम किया, जहां उन्होंने कप्तान के रूप में अय्यर के साथ खिताब जीता। गंभीर आईपीएल 2022 और 2023 सीज़न के दौरान लखनऊ सुपर जायंट्स में टीम मेंटॉर भी रहे थे। श्रेयस अय्यर ने कहा, "मैंने उनके साथ दिल्ली डेयरडेविल्स में काम किया था जब वे कप्तान थे (2018 में) और फिर केकेआर में भी मैंने उनके साथ काफी समय बिताया है। वे आपको बहुत आत्मविश्वास देते हैं। मुझे ऐसा कोई वाक्या याद नहीं है जब उन्होंने आपको दबाव में डाला हो।" अय्यर ने श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे से पहले ब्रॉडकास्टर्स से कहा, "उनके साथ रहना अच्छा है, आपको बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

## टी20 की तरह खेलेंगे टेस्ट क्रिकेट, तो आएंगे दर्शक: सहवाग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के प्रमुख रोहन जेटली और भारत के पूर्व ओपनर वीरेंद्र सहवाग ने अगस्त के दूसरे हाफ में शुरू होने वाली दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के पहले सीजन के बारे में बात की। रोहन जेटली इस लीग के अध्यक्ष भी हैं। इस टी20 लीग में पुरुष और महिला दोनों वर्गों के मैच होंगे और टूर्नामेंट का आयोजन अरुण जेटली स्टेडियम में होगा। लीग के लिए फ्रेंचाइजी की नीलामी पिछले रविवार को हुई थी, जिसमें छह पुरुष टीमों की कुल 49.65 करोड़ रुपए में बिक्री हुई थी। रोहन जेटली ने बताया कि इस लीग में खेलने के लिए उन्होंने भारत के विकेटकीपर ऋषभ पंत से भी बात की है। उन्होंने लीग में भाग लेने का वादा किया है, लेकिन यह उनकी उपलब्धता और राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं पर निर्भर करता है। इसके अलावा, नवदीप सिंह और हर्षित राणा भी लीग में खेलेंगे। लीग



*सहवाग ने यह भी कहा कि अगर वह 2024 में 18 साल के होते, तो उनका असली फोकस क्रिकेट खेलने पर होता, चाहे वह कोई भी फॉर्मेट हो।*

के ब्रांड एंबेसडर पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने लीग को लेकर अपना उत्साह व्यक्त किया और कहा कि यह युवा क्रिकेटरों के लिए एक सुनहरा मौका है। इस अवसर पर वीरेंद्र सहवाग से टेस्ट क्रिकेट की तुलना में टी20 की बढ़ती लोकप्रियता के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, "क्रिकेट में इस समय तीन फॉर्मेट हैं। तीनों जरूरी हैं। आज हर बच्चा इंडिया के साथ आईपीएल में भी खेलना चाहता है, क्योंकि यह छोटा फॉर्मेट है, मैच जल्दी खत्म हो जाता है, और शायद यह बच्चों को आसान लगता है। सहवाग ने कहा कि अगर उनके बेटे को दिल्ली प्रीमियर लीग में खेलने के लिए चुना गया तो वह भी इसमें हिस्सा लेंगे। सहवाग ने यह भी कहा कि अगर वह 2024 में 18 साल के होते, तो उनका असली फोकस क्रिकेट खेलने पर होता, चाहे वह कोई भी फॉर्मेट हो। क्योंकि दिन के अंत में आपको खेल का आनंद लेना होता है। बिना अपने खेल का लुत्फ उठाए, आप आगे नहीं बढ़ सकते हैं। सहवाग ने टेस्ट मैचों में टी20 क्रिकेट के बढ़ते प्रभाव पर कहा कि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के पिछले दो सीजन में भारत फाइनल में पहुंचा है।

टेस्ट क्रिकेट को अगर टी20 की तरह खेलेंगे, तो दर्शक स्टेडियम में मैच देखने के लिए आएंगे। पहले ऑस्ट्रेलिया की टीम ऐसा करती थी, इसके बाद भारत ने ऐसा करना शुरू किया और अब इंग्लैंड क्रिकेट टीम ऐसा कर रही है। इसी बीच, रोहन जेटली ने बताया कि जल्द ही दिल्ली प्रीमियर लीग में प्लेइंग कंडीशन, नियम आदि से जुड़ा डाटा शेयर किया जाएगा। जैसे-जैसे लीग ग्रो करेगी, वैसे-वैसे टीमों की संख्या भी बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि, हम इस लीग को जितना संभव हो सके, आईपीएल की तरह बनाने की कोशिश कर रहे हैं। आपको स्टेडियम के वातावरण से ही इसका अंदाजा लग जाएगा।

आईपीएल फ्रेंचाइजियों की मांग

## खरीदे जाने के बाद अनुपलब्ध रहने वाले विदेशी खिलाड़ियों पर लगे 2 साल का प्रतिबंध

एजेंसी

**मुंबई।** आईपीएल फ्रेंचाइजियों ने ऐसे विदेशी खिलाड़ियों पर दो साल का प्रतिबंध लगाने की मांग की है जो नीलामी में ख़रीदे जाने के बाद बिना किसी ठोस वजह के सीज़न के लिए ख़ुद को अनुपलब्ध घोषित कर देते हैं। उन्होंने आईपीएल के सामने विदेशी खिलाड़ियों को बड़ी नीलामी के लिए पंजीकरण कराने को अनिवार्य करने की मांग की है, ताकि यह खिलाड़ी अपनी सुविधा के हिसाब से बड़ी रकम की उम्मीद में छोटी नीलामी में हिस्सा नहीं ले पाएं। ईएसपीएनक्रिकइंफो को पता चला है कि बुधवार को हुई बैठक में सभी 10 फ्रैंचाइज़ियों ने दोनों बिंदुओं पर अपनी सहमति प्रदान की है। सीज़न शुरू होने से ठीक पहले विदेशी खिलाड़ियों का निजी कारणों का हवाला देते हुए ख़ुद को अनुपलब्ध करने से आईपीएल फ्रेंचाइजी खुश नहीं हैं। फ्रेंचाइजियों ने कहा कि इसका असर उनके प्रदर्शन पर भी पड़ता है क्योंकि टीम की रणनीति उन विदेशी खिलाड़ियों को ध्यान में रखकर बनाई जाती है।

### पंत को वनडे से बाहर करने की वजह क्या है?

**कोलंबो।** भारत और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का आगाज हो चुका है। टॉस के बाद जब भारत ने अपनी प्लेइंग-11 का ऐलान किया, तो उसमें ऋषभ पंत का नाम नहीं था। टीम मैनेजमेंट के इस फैसले से हर कोई हैरान था। केएल राहुल वनडे फॉर्मेट में बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज टीम की पहली पसंद हैं लेकिन माना जा रहा था कि पंत की वनडे टीम में वापसी होगी क्योंकि वो बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं।

## लॉस एंजेलिस में देश के लिए गोल्ड जीतना मेरा अगला लक्ष्य : सरबजोत

एजेंसी



**अंबाला।** सरबजोत सिंह ने पेरिसि ओलंपकि 2024 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्सड टीम के ब्रॉन्ज मेडल मैच में अपनी पार्टनर मनु भाकर के साथ बाजी मारी और देश के लिए ओलम्पिक में तीसरा मेडल जीता। सरबजोत का यह पहला ओलंपकि मेडल रहा। अब उनका अगला लक्ष्य लास एंजेलिस 2028 में देश के लिए गोल्ड जीतना है। मेडल जीतने के बाद सरबजोत सिंह अपने गांव पहुंचे, जहा गांव वालों ने फूल-मालाओं के साथ उनका शानदार स्वागत किया।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना फार्म निःशुल्क मिलेगा : रामानंद

**पाटन।** प्रखंड कार्यालय मे 20 सूत्री अध्यक्ष रामानंद पाण्डेय व उपाध्यक्ष उमा शंकर सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि झारखंड सरकार की महत्वकांची योजना मुख्यमंत्री मंईया सामान योजना 21 वर्ष से 50 वर्ष के महिला लाभार्थी का आवेदन पत्र निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हर पंचायत में शिविर लगाया जा रहा है। इस योजना में अधिकारी, कर्मचारी ध्यान मे रखते हुए तत्पता से काम करेंगे। शिविर 3 सितंबर से लेकर 10 सितंबर तक आयोजन किया जाएगा। फार्म निःशुल्क आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका द्वारा वितरण किया जाएगा। प्रज्ञा केंद्र संचालकों को फ्री में फार्म की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे।

### बीडीओ ने की आगनबाड़ी केंद्र की जांच, मिला बंद

**पाटन।** बीडीओ अमित कुमार झा ने लगातार आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। इस क्रम में पाल्हे पंचायत के गमहेथा आंगनबाड़ी केंद्र का जांच किया। जांच में 11:30 बजे सेंटर बंद पाया गया। जानकारी देने पर 11:50 में सेविका आई और ताला खोलने के लिए कहने पर कमरा खोला गया। केंद्र में एक भी बच्चा नहीं थे। किचन में भोजन बनाने का कोई व्यवस्था नहीं था। बीडीओ अमित कुमार झा ने बताया कि शिकायत मिलने पर जांच करने पहुंचे थे। शिकायत सही पाया गया। उन्होंने ने कहा कि सेविका व सहायिका पर कार्रवाई की जाएगी।

### आज से प्रखंडों में लगेगा शिविर

**मेदिनीनगर।** महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को रोजमर्रा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रतिमाह 1000 की आर्थिक सहायता प्रदान करना है। लाभुकों को जोड़ने के लिए जिला प्रशासन ने शनिवार से सभी पंचायतों में शिविर लगाकर योजना को क्रियान्वित करने का काम शुरू किया जाना है।

**क्या है योजना :** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के लिए सरकार का एक कारगर कदम है। इसमें 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए 1000 प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

# सांसद ने रेल मंत्री से बरवाडीह-चिरमिरी निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की

## वंदे भारत ट्रेन डालटनगंज रूट से चलाने के साथ राजधानी एक्सप्रेस का नगर उंटारी में ठहराव

### गरीब रथ का ठहराव मोहम्मदगंज स्टेशन पर कराने की मांग रखी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट कर संसदीय क्षेत्र अंतगर्त दो महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं के लंबित रहने के कारण उस क्षेत्र के निवासियों को आवागमन में अत्यंत कठिनाइयों का सामना करने के परेशानियों से अवगत कराया। उसके तहत गया-शेरघाटी इमामगंज-डालटनगंज रेलवे लाइन व बरवाडीह चिरमिरी अंबिकापुर तक रेल लाइन निर्माण कार्य शुरू कर पूरा कराने की मांग की। दोनों रेल परियोजना में एक समानता है। वह यह कि कई किलोमीटर तक दोनों परियोजनाओं में रेलवे लाइन का निर्माण हो चुका है। दोनों रेल परियोजनाओं पर करोड़ों रुपए खर्च भी हो चुका हैं, परंतु वर्षों से उस पर कार्य होना बंद हो गया। इन दोनों रेल परियोजनाओं को पूर्ण होने से संसदीय क्षेत्र पलामू के निवासियों को आवागमन में सुविधा होगी। साथ ही बिहार, छत्तीसगढ़ राज्यों के कई जिलों के निवासियों को भी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने भी मुलकात कर बरवाडीह चिरमिरी अंबिकापुर रेल लाइन का निर्माण कार्य पूरा करने का अनुरोध किया है। सांसद ने रांची नई दिल्ली राजधानी एक्रेस वाया डालटनगंज होकर सप्ताह में 2 दिन से बढ़ाकर चार दिन करने, रांची नई दिल्ली गरीब रथ ट्रेन को सप्ताह में तीन दिन से बढ़ाकर 6 दिन करने, गरीब रथ ट्रेन का ठहराव मोहम्मदगंज स्टेशन पर करने, गरीब रथ ट्रेन का अलीगढ़ जंक्शन पर दो मिनट का ठहराव देने की भी मांग की है। साथ ही रांची वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन को गोरखपुर तक विस्तार करने, हावड़ा जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन का विस्तार मुंबई तक करने, पलामू एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव रजहरा स्टेशन पर करने, रांची से वाया डालटनगंज होकर गोरखपुर तक एक नई ट्रेन चलायी चलाने, रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन में 1 एसी थ्री चेयर कार व जीएस कोच की संख्या में वृद्धि करने की मांग की है।

#### बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन शुरू करने की अपील

वन्दे भारत ट्रेन टाटानगर-मुरी-रांची-लोहरदगा-डालटनगंज-गढ़वा रोड जपला होते वाराणसी तक चलाने की मांग की है। इतना ही नही इस रूट पर पड़ने वाले चारों जिले लोहरदगा, लातेहार, डालटगंज, गढ़वा देश के 112 आकांक्षी जिलों में आता हैं। जिनको विकास की मुख्य धारा में जोड़ने की प्रधानमंत्री की महत्वकांक्षी योजना भी है। इसी तरह कोरोना काल में बंद की गई बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन शुरू करने की है। पटना सिंगरौली लिंक एक्सप्रेस ट्रेन व शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन का मेराल रेलवे स्टेशन पर ठहराव कराने, रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का नगर उंटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर ठहराव कराने की मांग शामिल है।

# यादव समाज ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**छत्तरपुर।** अन्नपूर्णा रेसीडेंसी में शुक्रवार को यादव समाज के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता तथा पूर्व सांसद मनोज कुमार शामिल थे। कार्यक्रम का आयोजन छत्तरपुर मुखिया संघ के अध्यक्ष पुरण यादव के द्वारा किया गया। मौके पर मनोज कुमार ने कार्यक्रम के आयोजक का आभार जताया। उन्होंने कहा कि छत्तरपुर विधानसभा चुनाव में इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी को 24 हजार वोट से बढ़त दर्ज की है। जिसमें क्षेत्र के यादव समाज के लोगो का भी योगदान रहा है। पिछले 25 वर्षों की राजनीति में मनोज कुमार में कोई बदलाव नहीं आया है और लगातार क्षेत्र की विकास में तत्पर हैं। भाजपा पार्टी में सबका साथ सबका विकास की योजना चलाई जा रही है। उन्होंने यादव समाज के लोगो का समर्थन और सम्मान देने का आभार जताया। इस बार झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनाना है। मौके पर मुखिया पुरण यादव ने भाजपा विधायक पुष्पा देवी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पुष्पा देवी ने अपने कार्यकाल में छत्तरपुर तथा नौडीहा बाजार क्षेत्र में विकास की एक लकीर खींची है। उन्होंने यादव समाज के लोगो से भाजपा के पक्ष में समर्थन करने की अपील की।


## कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा

(Mail Id:- kodermanagarpanchayat@gmail.com)

### आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अति अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 05/2024–25 दिनांक – 01.08.2024 को इस कार्यालय के पत्रांक – 1172/न0पं0 दिनांक – 01.08.2024 के द्वारा Advertisement PR No- 331592 से प्रकाशन कराया गया है। प्रकाशित निविदा में अंकित क्रम संख्या 09 के निविदा को अपरिहार्य कारणो से स्थगित किया जाता है।

ह0/–

प्रशासक

नगर पंचायत कोडरमा

PR 331659 Urban Development (24-25)_D


# आग लगने पर सोंच-समझ कर काम करना चाहिए : मनोज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बीआईटी मेसरा लालपुर के तत्वावधान में सुरक्षा व्यवस्था में तैनात जी-4 ग्रुप के सुरक्षा अधिकारी के सहयोग से अग्नि शामन और हमारी जिम्मेदारी विषय पर कार्यक्रम किया गया।

इसमें मुख्य रूप से संस्थान के प्रभारी डॉ प्रणव कुमार उपस्थित हुए। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी शिक्षकों और कर्मचारियों और सुरक्षा व्यवस्था पर लगे प्रहरियों को आग लगने पर उसके बचाव के तरीके के साथ उसमें उपयोग होने वाले वस्तुओं का प्रयोग करने और उससे बचने के तरीकों को अपने अनुभव से बताया। उन्होंने बताया की आग लगने के बाद हम किस प्रकार उससे अपने को और अपने आसपास में होने वाले अग्निकांड से बच सकते हैं। क्योंकि थोड़ी लापरवाही बरतने के कारण ही बड़ी घटना होती है।

संस्थान के सहायक कुलसचिव मनोज कुमार गिरि ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी कर्मचारियों और शिक्षकों को बताया की आग लगने से हम अपने को शांतिपूर्ण ढंग से उसको बुझाने के बारे में सोचे बगैर हम हड़बड़ी में उन वस्तुओं का प्रयोग कर लेते है जो अग्नि को और तेज कर भारी नुकसान पहुंचा देता है। आज के इस कार्यक्रम में अग्निशमन के प्रशिक्षित सुरक्षा अधिकारियों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है जो आपको इस प्रकार के दुर्घटना से बचाने में आपके घर में लगे छोटे से बड़े दुर्घटना से बचने में आपको सहयोग करेगा। साथ ही हम अपने आसपास या घर कार्यालय में अग्नि कांड के होने से खुद को आग बुझाने में सामर्थ बन सकेंगे।

कार्यक्रम में अग्निश्मन विशेषज्ञ विशाल शर्मा और पंकज कुमार ने प्रत्यक्ष रूप से अग्नि से सामना करते हुए सभी को अग्निश्मन में उपयोग होने वाले वस्तुओं का प्रयोग कर दिखाया।

### डीएवी हेहल के बच्चों ने ब्लू डे मनाया,दिया जल संरक्षण का संदेश

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल की प्राथमिक शाखा में 'बाल वाटिका' के अंतर्गत 'ब्लू डे' उत्सव 'जल दिवस' एवं 'राष्ट्रीय जल मिशन' की महत्ता को बताने के लिए मनाया गया। इसके माध्यम से छात्रों ने संदेश दिया कि वर्षा ऋतु के जल का संचयन हमारे लिए कितना उपयोगी है। बच्चों ने स्लोगन्स एवं अपने भाषणों के माध्यम से यह भी बताया कि पृथ्वी को नीला ग्रह भी कहा जाता है,क्योंकि यहां जल की मात्रा 75% है। जल मानव सृष्टि का आधार है, जल की एक-एक बूंद कीमती है।

### युवक ने जहर खाया, गंभीर

**गढ़वा।** जिले के रंका गांव निवासी डोमन साव का पुत्र संजय कुमार गुप्ता ने गुरुवार को जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि आपसी किसी बात को लेकर संजय कुमार गुप्ता ने अपनी पत्नी के साथ नोक- झोंक कर लिया था।

### वज्रपात से वृद्ध की मौत

**सगमा।** धुरकी थाना क्षेत्र के घघरी गांव निवासी (62)कोदू चंद्रवंशी की शुक्रवार को करीब तीन बजे वज्रपात की चपेट में आने से घटना स्थल पर मौत हो गयी। कोदू चंद्रवंशी वज्रपात से मौत की सूचना पर गांव सहित परिजनों में कोहराम मच गया। मौत की खबर सुनते ही आसपास के जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीणों ने सांत्वना देने मृतक के घर पहुंचे। जानकारी के अनुसार कोदू चन्द्रवंशी अपने मवेशियों को घघरी शमसान घाट के दो सौ मीटर की दूरी पर अपने मवेशियों को चाराने के क्रम में हो रही झमाझम बारीश के साथ अचानक वज्रपात से कोदू चंद्रवंशी की घटना स्थाल पर मौत हो गयी। मृतक कि पत्नी सहित दो पुत्र है। वहीं घटना सूचना मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारि सत्यम कुमार, व प्रखंड प्रमुख अजय साव, घघरी मुखिया सरोज देवी नें मृतक के परिजनों से मिलकर इस दुःख के घड़ी में परिजनों को सांत्वना व्यक्त किया।

# लक्ष्मी तिवारी ने किया दर्जनों गांव का दौरा, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** कांग्रेसी नेता लक्ष्मी तिवारी ने शुक्रवार को अपने जनसंपर्क यात्रा के 25 वें दिन विधानसभा के चैनपुर के बहेरावा, डूमरी लादी, टेमराई, कर्मा, सरहुआ, काचन, गुरियाहा, बाघी, ठेकही, रामगढ़ में जनसंपर्क अभियान चला कर स्थानीय लोगों की समस्याओं से रु ब रू हुए। रोड की अति जर्जर को भी उन्होंने देखा। जनसंपर्क यात्रा के तहत पाया कि रामगढ़ में दो बिजली का ट्रांसफार्मर जलने के कारण 15 दिनों से अंधेरा में रहने को विवश है। वह तुरंत स्थल पर ही कार्यपालक अभियंता से दूरभाष पर बात कर त्वरित कार्रवाई की बात कही। जनसंपर्क यात्रा में रामबीर कोरवा, अंजु कोरवा, राजनाथ कोरवा, रोहित यादव, ,शिवनाथ सिंह, अशोक कमलापुरी, झालो कुंअर, कविता देवी, शाकीर हुसैन, इन्तजार हुसैन, एमडी फैयाज, शंकर केशरी, जमालुदीन, सदर परमेश्वर मिस्त्री , रामगढ़ के मुखिया उमाशंकर प्रसाद, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष चैनपुर सागर दास, जिला उपाध्यक्ष अमरेश कुमार पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष विद्या सिंह चेरो साथ थे।

## धार्मिक भावना भड़काने वाले शिक्षक का भंडरिया में प्रतिनियोजन

**भवनाथपुर।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय धंगरडीहा में पदस्थापित सहयोगी शिक्षक शेख तौहीद द्वारा धार्मिक उन्माद फैलाने के उद्देश्य से विद्यालय के बच्चो को सरस्वती वंदना करने से रोकने तथा शिक्षक के साथ धक्का मुक्की किए जाने संबंधी खबर बीते बुधवार को विभिन्न अखबारों में प्रकाशित होने के बाद गढ़वा उपायुक्त के निर्देश पर गुरुवार को शिक्षा अधीक्षक के द्वारा सहयोगी शिक्षक शेख तौहीद को तत्काल प्रभाव से गढ़वा जिलांतर्गत भंडरिया प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरता में प्रतिनियोजित कर दिया गया। डीएसई के ज्ञापांक 605 दिनांक 1अगस्त 2024 में उल्लेख किया गया है, कि थाना प्रभारी भवनाथपुर के थाना ज्ञापांक 1808/ 2024 दिनांक 31 जुलाई 2024 के द्वारा प्रतिवेदन के माध्यम से सूचित किया गया कि उत्क्र. मवि धंगरडीहा के सहायक शिक्षक शेख तौहीद द्वारा अध्यापन कार्य छोड़कर धार्मिक उन्माद फैलाने का कार्य किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में विधि व्यवस्था की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है, जो सरकारी आचार नियमावली के प्रतिकूल है। उपरोक्त पत्र के आलोक में गढ़वा उपायुक्त के निदेर्शानुसार सहयोगी शिक्षक शेख तौहीद को भवनाथपुर से उत्क्र. मवि हरता 2 भंडरिया में अगले आदेश तक प्रतिनियोजित किया जाता है। साथ ही बीईईओ को निर्देशित गया कि पत्र प्राप्ति के साथ ही संबंधित शिक्षक को प्रतिनियोजित विद्यालय में योगदान हेतु तत्काल विरमित करने एवं उक्त शिक्षक के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई किए जाने हेतु जांच प्रतिवेदन तत्काल समर्पित करने का निर्देश दिया गया है।

# कीचड़ से सने पथ से गुजरते हैं ग्रामीण

## आजादी के 76 साल बाद भी गांव में नहीं पहुंची सड़क



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** विश्रामपुर व नावाबाजार के सीमा पर अवस्थित चेचरिया गांव जो आज भी मूलभूत सुविधाओं से अछूता है। इस गांव में आज तक मुख्य सड़क नहीं बन पाई है। जिसके चलते ग्रामीणों को कीचड़ में सनी रास्ते से गुजरना पड़ता हैं। गांव की सड़क एनएच 75 ब्रहमोरिया मोड़ से चेचरिया, भंडार व झरहा गांव से होते हुए जंगल के बीच से गुजरते हुए नावाबाजार, विश्रामपुर व पांडू प्रखंड को जोड़ती है। सड़क बन जाने से पांडू सहित विश्रामपुर व नावाबाजार प्रखंड की दूरियां भी काम हो जाती।

लेकिन इसके प्रति कोई गंभीर नहीं, नतीजतन गांव के लोग कीचड़ से सनी पथ से होकर गुजरते हुए अपने को कोसते हैं। यहां के लोग बरसात के चार महीने कीचड़ से सने रास्ते से गुजरते हैं।

**तीन गांव के लोगों का होता है सड़क से आवागमन :** एनएच 75 ब्रहमोरिया मोड़ से चेचरिया, भंडार व झरहा गांव की ओर जाने वाली इस सड़क के दोनों किनारे 1000 से अधिक लोग निवास करते हैं। सड़क कीचड़ में तब्दील हो गई है लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। युवा समाजसेवी सह बसपा नेता अभिमन्यु सिंह के द्वारा मोरम डालकर गड्ढे को भरने का प्रयास किया गया था। बरसात की पानी में एक बार फिर कीचड़ में सन गई है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। जिसमें लोगों को पैदल तक चलना भी मुश्किल हो गया है। सरकार की पीएमजीएसवाई व मुख्यमंत्री ग्राम सड़क जैसी योजना होने के बाद भी आजादी के 76 साल बीत जाने पर यहां पक्की सड़क नहीं बन सकी है।

## पेज एक का शेष

**सैकड़ों घरों में...**

और अगले 24 घंटे में इसके झारखंड और उससे सटे इलाकों में डिप्रेशन में तब्दील हो जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि समुद्र तल से एक मानसून ट्रफ बीकानेर, सीकर, ग्वालियर, सीधी की ओर बढ़ रहा है। लो प्रेशर एरिया का केंद्र पश्चिम बंगाल का गांगेय क्षेत्र और उससे सटे झारखंड से होते हुए सागरद्वीप और फिर दक्षिण पूर्व की ओर होते हुए बंगाल की खाड़ी के पूर्वोत्तर की तरफ बढ़ रहा है। मौसम केंद्र ने चार अगस्त तक के लिए अलर्ट जारी कर दिया है। तीन अगस्त के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट, तो चार अगस्त के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। श्रावणी मेले की वजह से देवघर में काफी संख्या में लोग ट्रेन से आते हैं और फौजदारी बाबा बासुकिनाथ को जलार्पण करते हैं। मौसम विभाग ने कहा है कि तीन अगस्त को कोडरमा, गिरिडीह, बोकारो, रामगढ़, रांची, खूंटी और सिमडेगा में कुछ जगहों पर बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। वहीं, देवघर और जामताड़ा जिले में कई जगहों पर भारी वर्षा हो सकती है। चार अगस्त को गढ़वा, पलामू, चतरा और लातेहार में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना जताई गई है।

**क्राइम कैपिटल बन...**

यहां कोई सुरक्षित नहीं है। गुरुवार शाम को कांके में दिनदहाड़े एक युवक को गोली मार दी गई लेकिन प्रशासन की नींद नहीं टूटी। रोज दिनदहाड़े अपराध हो रहे हैं प्रशासन मौन है। सरकार को कोई मतलब नहीं आखिर इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा क्या सरकार, प्रशासन, और अपराधियों का गठजोड़ चल रहा है। रांची में आज ना तो पुलिस अधिकारी सुरक्षित हैं, ना ही अधिवक्ता, ना ही व्यापारी वर्ग और ना ही कारोबारी। सभी थाना और अधिकारी बालू के अवैध धंधे में लिप्त हैं, पैसे की उगाही का खेल चल रहा है जनता मर रही है और बाबू लोग मस्त हैं। सरकार और प्रशासन धैर्य की परीक्षा ना ले अब बहुत हो चुका अगर विधि व्यवस्था ठीक नहीं हुई तो सड़क से सदन तक आंदोलन होगा।

**विस के प्रभारी...**

ऐसा सदन में पहली बार हुआ है। जब तक सीएम सदन में आकर जवाब नहीं देते, उनका विरोध जारी रहेगा। थोड़ी देर बाद भाजपा विधायक सदन से बाहर चले गए।


## समेकित जनजाति विकास अभिकरण, राँची

(ब्लॉक-ए, कमरा संख्या-112, ईमेल- dwo-ranchi@jharkhandmail.gov.in): ☎ 0651-2213348

(कल्याण शाखा)

### कियोस्क आवंटन हेतु सूचना

राँची जिला अंतर्गत निम्नांकित प्रखण्डों के कार्यालय परिसर में नव निर्मित अल्पसंख्यक समुदाय (सिख, मुस्लिम, ईसाई, जैन, बौद्ध, तथा पारसी) के आर्थिक उन्नयन हेतु छोटे–छोटे व्यवसाय के लिए 17 यूनिट नव निर्मित कियोस्क का आवंटन किए जाने हेतु अर्हता पूरी करनेवाले ईच्छुक आवेदकों से विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 31.07.2024 तक आमंत्रित किया गया था परन्तु समाहरणालय संवर्ग के कर्मचारियों कि हडताल को देखते हुए आवेदन पत्र प्राप्त करने की तिथि को **दिनांक 15.08.2024** तक विस्तारित की जाता है।

| क्रमांक | प्रखण्ड का नाम | नव निर्मित कियोस्क की संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | काँके | 02 | |
| 2 | माण्डर | 06 | |
| 3 | खेलारी | 01 | |
| 4 | अनगडा | 01 | |
| 5 | ओरमांझी | 01 | |
| 6 | बुण्डु | 05 | |
| 7 | तमाड | 01 | |
| | कुल | 17 यूनिट | |

आवेदन पत्र का प्रारूप एवं शर्ते कार्यालय के सूचना–पटट् पर एवं राँची जिला के वेबसाईट https://ranchi.nic.in पर देखा जा सकता है। आवेदन–पत्र कार्यालय कार्य दिवस में जिला कल्याण कार्यालय, राँची में जमा किया जा सकता है।

परियोजना निदेशक,
समेकित जनजाति विकास अभिकरण
राँची

PR 331673 Welfare (24-25)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या 09/2024–25

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमंडल, गुमला। |
| 2 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | :– | दिनांक 12.08.2024 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 03.00 बजे अपराहन तक। |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि | | दिनांक 14.08.2024 को 3.00 बजे अपराहन तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि | :– | दिनांक 14.08.2024 को 3.30 बजे अपराहन में। |
| 5 | परिमाण विपत्र बिकी का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमंडल, गुमला। |
| 6 | निविदा प्राप्त करने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमंडल, गुमला। |
| 7 | निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमंडल, गुमला। |
| 8 | कार्य मद | :– | TSP मद |
| 9 | कार्यो का विस्तृत विवरण | :– | |

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | पंचायत | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि | अग्रधन की राषि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सिसई | सिसई | सिसई मदरसा रोड आंगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण | 11,08,200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 2 | सिसई | सिसई | सिसई टंगराटोली 02 रोड आंगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण | 11,08,200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 3 | भरनो | भरनो | गुलैची टोली आंगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण | 11,08,200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 4 | भरनो | भरनो | कुम्हरो–2 आंगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण | 11,08,200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 5 | भरनो | भरनो | मदनपूर–2 आंगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण | 11,08,200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 6 | डुमरी | जरडा | तिलहैटोली आंगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण | 11,08,200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 7 | डुमरी | जरडा | हरिहरपुर आंगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण | 11,08,200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 8 | डुमरी | गोविन्दपुर | यदुनाथपुर आंगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण | 11,08,200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 9 | बसिया | बनई | बोंडकेरा बरटोली आंगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण | 11,08,200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 10 | बसिया | कलिगा | कोयनारटोली आंगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण | 11,08,200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 11 | बसिया | पंथा | पंथा बंडाटोली आंगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण | 11,08,200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 12 | कामडारा | रेड़वा | नरसिंहपुर खास आंगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण | 11,08,200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 06 माह |

निविदा की शर्तेः– 1. ग्रामीण विकास विभाग के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित संवेदक हीं इस निविदा में भाग ले सकते है एवं परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा।

2. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के नाम पर होगा, एवं अदायगी पर (जो नहीं लौटाया जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता द्वारा निर्गत हुआ होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।

3. निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर प्राक्कलित राशि का अतिरिक्त अग्रधन राशि का डाकघर पासबुक/बैक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
जो निम्न हैः–
1. 10 से 20 प्रतिशत कम दर तक की राशि का 20% तक।
2. 20% प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का देय होगा।
3 निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर संवेदक को कार्य करने का Justification का शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।

4. निविदा की विस्तृत शर्ते www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
गुमला

PR 331681 (Rural Development)24-25*D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## ब्रीफ न्यूज

### बाइडेन प्रशासन को यकीन-ईरान इजरायल पर करेगा हमला

**वाशिंगटन।** बाइडेन प्रशासन को पूरा विश्वास है कि ईरान आने वाले दिनों में इजरायल पर हमला करेगा। स्थानीय समाचार वेबसाइट एक्सियोस ने अमेरिकी सूत्रों के हवाले से यह खबर दी है। उसने तीन सूत्रों के हवाले से बताया कि ऐसी परिस्थिति में अमेरिका इजरायल की मदद की तैयारी कर रहा है। तेहरान में इस्माइल हानिया की हत्या के प्रतिशोध में ईरानी हमला 13 अप्रैल को किए गए हमले जैसा ही हो सकता है, लेकिन इसमें लेबनानी हिजबुल्लाह के शामिल होने की काफी संभावना है। एडनक्रोनोस समाचार एजेंसी की रिपोर्ट में कहा गया है, "लेकिन (अमेरिकी) प्रशासन को आशंका है कि चार महीने पहले की तुलना में मौजूदा परिस्थितियों में उसी क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन को संगठित करना अधिक कठिन हो सकता है।

### तुर्की ने इंस्टाग्राम पर लगाया प्रतिबंध

**अंकारा।** तुर्की ने इंस्टाग्राम पर प्रतिबंध लगा दिया है। तुर्की डिजिटल सूचना और संचार नियामक प्राधिकरण (बीटीके) ने शुक्रवार को प्रतिबंध की घोषणा की। इसके पहले बीटीके प्रमुख फहरेटिन अल्तुन ने इंस्टाग्राम पर तुर्की के नागरिकों को हमास नेता इस्माइल हनीयेह के निधन पर शोक संदेश पोस्ट करने से रोकने का आरोप लगाया था। अल्तुन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "मैं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम की कड़ी निंदा करता हूं, जो बगैर किसी उचित कारण के लोगों को हमास नेता हनीयेह के निधन पर शोक संदेश पोस्ट करने से रोक रहा है। यह पूरी तरह से सेंसरशिप है।

### फिलीपींस में एक इमारत में आग लगी, 11 की मौत

**मनीला।** फिलीपींस की राजधानी मनीला शहर में शुक्रवार सुबह एक पांच मंजिला कमर्शियल और आवासीय इमारत में आग लग गई। इस घटना में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ग्राम पार्षद नेल्सन टाय ने कहा कि इमारत में आग लगने से उसमें फंसे 11 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय समयानुसार सुबह 7:30 बजे इमारत में आग लगी। आग बुझाने में दमकलकर्मियों को दो घंटे लगे।उन्होंने आगे कहा कि मृतकों में इमारत के मालिक की पत्नी भी शामिल है, जिसका शव तीसरी मंजिल पर मिला।

### यमन : हैती नेता ने इजरायल को 'सैन्य जवाब' देने की शपथ ली

**सना।** यमन के हैती नेता अब्दुल-मलिक अल-हौथी ने चेतावनी दी है कि उनका गुट इजरायल की हालिया 'बढ़ती आक्रामकता' का 'अनिवार्य रूप से' सैन्य जवाब देगा। अल-हौथी ने गुरुवार को टेलीविजन संदेश में कहा, "प्रतिरोध की धुरी का रुख स्पष्ट है, इजरायल के अतिक्रमण का सैन्य जवाब दिया जाना चाहिए।

# पीजी की एक सीट 8 करोड़ रुपये में बिकती थी : स्वास्थ्य मंत्री

एजेंसी



**13** भारतीय भाषाओं में आज नीट परीक्षा हो रहा है, इंग्लिश का वर्चस्व टूटा

**30** मिनट के लिए लगता था एडमिशन लिस्ट, फिर होता था पैसे का खेल

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में शुक्रवार को प्राइवेट मेंबर बिल पर चर्चा करते हुए सांसदों ने नीट (नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट) पर अपने विचार रखे। इस दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री व राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा ने कहा कि एक इस प्रकार का वातावरण बनाने की कोशिश हो रही है जैसे हमने नीट के जरिए राज्यों के अधिकार का हनन किया है। उन्होंने पूर्व की सरकारों की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि मैं यह नहीं कहूंगा कि पहले मेडिकल एजुकेशन की दुर्गति क्या थी। मेडिकल एजुकेशन एक बिजनेस का अड्डा बन गया था। मुझे बड़े दुख के साथ बोलना पड़ता है कि जब मैं स्वास्थ्य मंत्री था और नीट ला रहा था, उस समय चर्चा इस बात की होती थी कि पोस्ट ग्रेजुएशन की एक सीट 8-8 करोड़ रुपए में बिकती थी। उन्होंने कहा कि सदन में कोई मेरी बात को झुठला दे। रेडियोलॉजी जैसे डिपार्टमेंट में जाना हो तो यह सीट 12 से 13 करोड़ में बिकती थी। यह एक ओपन बिजनेस बन गया था। पहले मां-बाप के साथ बच्चे एक एग्जाम देने के लिए भुवनेश्वर जाते थे, एक एग्जाम देने के लिए वे चेन्नई जाते थे, एक एग्जाम देने के लिए त्रिवेंद्रम जाते थे, एक एग्जाम देने के लिए मुंबई जाते थे। कहां-कहां चक्कर नहीं लगाते थे। पैसा खर्च होता था, समय बर्बाद होता था और इसके साथ ही भयंकर भ्रष्टाचार था। एडमिशन लिस्ट आधे घंटे से 45 मिनट तक के लिए लगाई जाती थी और फिर हटा दी जाती थी। इसके बाद कहा जाता था कि उम्मीदवार नहीं आया, जिसके कारण हम अपने विवेकाधिकार पर दाखिला दे रहे हैं। यह धंधा बन गया था, लंबे समय से सुप्रीम कोर्ट में भी लंबित था।

### आज 571 शहरों के 4,750 सेंटर्स में हो रही नीट परीक्षा

आज मुझे बताते हुए खुशी होती है कि पहले 154 शहरों में जो एग्जाम होते थे, आज वे परीक्षाएं 571 शहरों में ली जाती हैं। इसमें 270 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पहले एक ही शहर में सेंटर्स होते थे। 2019 में हमने 2,546 सेंटर्स से यात्रा शुरू की थी। यह आज बढ़कर यह 4,750 सेंटर्स हो गई है। जेपी नड्डा ने कहा कि सोशल कैटेगरी की दृष्टि से यदि हम देखें तो 2019 से 2024 तक में सोशल कैटेगरी में क्वालीफाई करने वालों में 65 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई। आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों की कैटेगरी में 102 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। नीट में एसटी की 93.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। एससी में 78.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। ओबीसी के क्वालीफाइंग में 65 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। नीट में पहली बार हम लोगों ने मलयालम, तेलुगू, तमिल, कन्नड़ भाषाओं में टेस्ट शुरू किया। होड़ मच गई, सभी राज्यों से डिमांड आई, हमने किसी को मना नहीं किया, आज कुल मिलाकर 13 भारतीय भाषाओं में यह टेस्ट हो रहा है। इसका नतीजा यह हुआ कि आज सरकारी स्कूल में पढ़ा गरीब का बच्चा भी मेडिकल एजुकेशन में आ रहा है।

#### पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच

## नौ हजार संदेश झूठी खबर के रूप में उजागर

एजेंसी

**दिल्ली।** सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने वर्ष 2019 से अब तक कुल 9 हजार 922 संदेशों को फर्जी खबर के रूप में उजागर किया गया है। सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन ने राज्यसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तथ्य जांच इकाई की स्थापना दिल्ली में साल 2019 में की गई थी और इसकी क्षेत्रीय इकाइयां स्थापित करने की कोई योजना नहीं है। डॉ. एल मुरुगन ने भ्रमित करने वाले समाचारों को एक सामाजिक बुराई बताते हुए कहा कि ऐसी फर्जी खबरों और भ्रामक सूचनाओं पर नियंत्रण होना आवश्यक है।

## रेलवे ने माताओं की सुविधा के लिए बेबी बर्थ का प्रयोग किया: अश्विनी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा




में बताया कि भारतीय रेलवे ने शिशुओं के साथ यात्रा करने वाली माताओं की यात्रा को आसान बनाने के लिए प्रायोगिक आधार पर लखनऊ मेल में दो शिशु बर्थ उपलब्ध कराए हैं। प्रायोगिक आधार पर रेलगाड़ी संख्या 12229/30 लखनऊ मेल के एक सवारी डिब्बे में दो निचली बर्थ के साथ जोड़कर दो शिशु बर्थ उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने कहा कि यात्रियों से प्राप्त शुरूआती फीडबैक में इस प्रयास की सराहना की गई है। बहरहाल, अन्य समस्याओं के साथ-साथ सीट के नीचे सीमित सामान रखने की जगह और यात्रियों के लिए सीटों के बीच घुटनों के लिए कम जगह होने जैसी समस्याएं भी देखी गई हैं। मंत्री ने कहा कि रेल के यात्री डिब्बों में सुधार और उन्नयन करना एक सतत प्रक्रिया है।

## राहुल गांधी का दावा, 'मेरे खिलाफ ईडी रेड की प्लानिंग'

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दावा किया



है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) उन पर छापे की योजना बना रहा है। उन्होंने कहा कि ईडी के कुछ अंदरूनी लोगों ने उन्हें छापेमारी की योजना के बारे में बताया है और वह उनका इंतजार कर रहे हैं। शुक्रवार को एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा, जाहिर है, दो में से एक को मेरा चक्रव्यूह भाषण पसंद नहीं आया। ईडी के 'अंदरूनी लोगों' ने मुझे बताया है कि छापेमारी की योजना बनाई जा रही है। मैं उनका खुले दिल से इंतजार कर रहा हूं। चाय और बिस्कुट पर मिलेंगे। इतना ही नहीं, राहुल गांधी ने अपने इस पोस्ट में प्रवर्तन निदेशालय के आधिकारिक एक्स हैंडल को टैग भी किया। वह केंद्रीय बजट पर चर्चा के दौरान लोकसभा में 29 जुलाई को दिए गए अपने भाषण का जिक्र कर रहे थे। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया था कि एनडीए सरकार ने देश भर में भय के माहौल के बीच बजट 2024 में मध्यम वर्ग को आगे और पीछे से छुरा घोंपा है। अभिमन्यु के साथ जो किया गया, वह भारत के युवाओं, किसानों, महिलाओं, छोटे और मध्यम व्यवसायों के साथ हो रहा है।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, वंचितों के विकास पर रखें फोकस

एजेंसी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को नई दिल्ली में स्थित राष्ट्रपति भवन में राज्यपालों के दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि इस सम्मेलन के एजेंडे में सावधानीपूर्वक चुने गए मुद्दे शामिल हैं जो हमारे राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में होने वाले विचार-विमर्श सभी प्रतिभागियों के लिए एक समृद्ध अनुभव होंगे और उन्हें उनके कामकाज में मदद करेंगे। राष्ट्रपति ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, गरीब और वंचित वर्गों के विकास, युवा विकास, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक खेती सहित विभिन्न मुद्दों पर प्रकाश डाला। उद्घाटन सत्र को उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री ने भी संबोधित किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राज्यपालों की शपथ का उल्लेख किया और उनसे पिछले दशक के दौरान हुए सामाजिक कल्याण योजनाओं और अविश्वसनीय विकास के बारे में लोगों को जागरूक करने की अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी का निर्वहन करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यपालों से आग्रह किया कि वे केन्द्र और राज्य के बीच प्रभावी सेतु की भूमिका निभाएं तथा लोगों और सामाजिक संगठनों के साथ इस प्रकार संवाद करें कि वंचित लोगों को भी इसमें शामिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि राज्यपाल का पद एक महत्वपूर्ण संस्था है जो संविधान के ढांचे के भीतर राज्य के लोगों के कल्याण में, विशेषकर जनजातीय क्षेत्रों के संदर्भ में, महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दो दिवसीय सम्मेलन में होने वाली चचार्ओं की रूपरेखा बताई और राज्यपालों से लोगों में विश्वास पैदा करने और विकास कार्यों को बढ़ावा देने के लिए जीवंत गांवों और आकांक्षी जिलों का दौरा करने का आग्रह किया।

# एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** एक कंप्यूटर प्रोग्रामर, जिसे कभी-कभी सॉफ़्टवेयर डेवलपर, प्रोग्रामर या हाल ही में कोडर भी कहा जाता है, जो यह निर्धारित करता है कि डेवलपमेंट टीम को किन प्रक्रियाओं और तकनीकों का उपयोग करना चाहिए। कंप्यूटर प्रोग्रामर कोडिंग समस्याओं का निवारण करता है और अच्छे सॉफ़्टवेयर सिस्टम बनाने के लिए अन्य विशेषज्ञों के साथ सहयोग करता है। कम्प्यूटर प्रोग्रामर की भूमिका ऐसे समाधान खोजने की होती है जो कंपनी के लक्ष्यों और तकनीकी आवश्यकताओं के लिए प्रमुख हो, इसलिए आज डिजिटलीकरण के दौर में कंप्यूटर प्रोग्रामर एक बेहतरीन जॉब ऑप्शन बन गई है।

### कंप्यूटर प्रोग्रामर के लिए स्किल्स

- सी++, जावा, वेब डेवलपमेंट जैसी प्रोग्रामिंग भाषाओं का ज्ञान होना चाहिए।
- पायथोन, कोटलाइन जैसी प्रोग्रामिंग भाषाओं का ज्ञान होना चाहिए।
- डिजिटल मार्केटिंग की नॉलेज।
- प्रोग्रामिंग की नॉलेज।
- कंप्यूटर एल्गोरिदम, ऑपरेटिंग सिस्टम, सॉफ्टवेयर, डेटाबेस हैंडलिंग आदि का गहन ज्ञान।
- विश्लेषणात्मक स्किल्स।
- समस्या समाधान करने का हुनर।
- क्रिएटिविटी।
- महत्वपूर्ण विचार करने की स्किल्स।
- तकनीकी स्किल्स।
- ओर्गनाईज़ेशन के हुनर।
- टीम वर्क का हुनर

### ऑफलाइन कोर्सेज

- एनरोयड जावा मास्टर क्लास
- जावा प्रोग्रामिन एंड सोफ्टवेयर इंजीनीयरिंग फंडामेंटल स्पेसलाइजेशन
- बुलिटींग मोडर्न जावा एप्लिकेशन
- जावा सर्टिफिकेशन ट्रेनिंग कोर्स
- पाथन सर्टिफिकेट कोर्स
- लर्न पाइथोन प्रोग्रामिंल मास्टरक्सलास
- पाथोन फोर एवरीउड स्पेशलाइजेशन

### मुख्य कार्य

- सोचें कि क्या आप एक कंप्यूटर प्रोग्रामर द्वारा किए जाने वाले सामान्य कार्यों को पसंद करेंगे:
- वर्कफ़्लो चार्ट और आरेख का उपयोग करके, तथा कंप्यूटर क्षमताओं, विषय-वस्तु और प्रतीकात्मक तर्क के ज्ञान को लागू करते हुए प्रोग्राम लिखना, विश्लेषण करना, समीक्षा करना और पुनः लिखना।
- उचित परिवर्तन करके त्रुटियों को सुधारें तथा कार्यक्रम की पुनः जांच करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वांछित परिणाम प्राप्त हों।
- परिचालन दक्षता बढ़ाने या नई आवश्यकताओं के अनुकूल होने के लिए मौजूदा कार्यक्रमों का संशोधन, मरम्मत या विस्तार करना या निर्देश देना।

### करियर स्कोप

- सॉफ्टवेयर डेवलपर
- गुणवत्ता विशेषज्ञ
- आईटी विशेषज्ञ
- प्रौद्योगिकी इंजीनियर
- तकनीकी सलाहकार
- ग्राफिक डिजाइनर
- नेटवर्क इंजीनियर
- आईटी सपोर्ट एनालिस्ट
- आईटी सलाहकार
- वेब डिजाइनर
- एप्लीकेशन विशेषज्ञ

### एक कंप्यूटर प्रोग्रामर को किन कौशलों की आवश्यकता होती है

- विश्लेषणात्मक क्षमता
- समस्या निवारण कौशल
- एकाग्रता
- विस्तार उन्मुख
- प्रोग्रामिंग भाषाओं में दक्षता
- गणितीय कौशल
- संचार
- स्व प्रेरणा
- लेखन क्षमता
- सकारात्मक रवैया
- टीम के खिलाड़ी



## कंप्यूटर प्रोग्रामर में बना सकते है अपना करियर



### कंप्यूटर प्रोग्रामर के लिए भारतीय यूनिवर्सिटी

- रामनिरंजन झुनझुनवाला कॉलेज, [आरजेसी] मुंबई
- रामनारायण रुइया कॉलेज, [आरआरसी] मुंबई
- हिंदू कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय
- शारदा विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा
- श्याम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली
- लोयोला कॉलेज, चेन्नई
- हिंदुस्तान कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस, [एचसीएएस] चेन्नई
- तमिलनाडु ओपन यूनिवर्सिटी, चेन्नई
- सेंट फ्रांसिस कॉलेज, हैदराबाद
- जागृति डिग्री और पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, [जेडीपीजीसी] हैदराबाद
- एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी, [एमआईटी-डब्ल्यूपीयू] पुणे
- एएसएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट, पुणे

## बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा की तारीख घोषित



**पटना।** बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा 7 अगस्त से 28 अगस्त के बीच होगी। परीक्षा दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक एक ही पाली में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के संबंध में जानकारी शुक्रवार को केंद्रीय चयन पर्षद सिपाही भर्ती के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने दी। आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि इस बार पेपर लीक नहीं होगा। इस परीक्षा के लिए 17 लाख 81 हजार 720 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। यह परीक्षा राज्य के सभी 38 जिलों के 545 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। बता दें कि बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा 1 अक्टूबर 2023 को आयोजित की गई थी। इसका पेपर लीक हो गया था। इसके बाद परीक्षा रद्द कर दी गई थी। अब यह परीक्षा दोबारा आयोजित की जा रही है।

परीक्षा 7, 11, 18, 21, 25 और 28 अगस्त को आयोजित की जाएगी। एडमिट कार्ड परीक्षा तिथि से एक सप्ताह पहले जारी किया जाएगा। 7 अगस्त को होने वाली परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी CSBC की वेबसाइट https://www.csbc.bih.nic.in पर जाकर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।